हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

www.ksnewsupdates.com धनबाद, रविवार 24 अगस्त, 2025, वर्ष : 34 अंक : 149, मूल्य : 3 रूपए धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


## संक्षिप्त खबरें

### गैंगस्टर लॉरेंस का करीबी मयंक सिंह को अजरबैजान से लाया गया रांची सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रांची : लंबे समय से फरार चल रहा कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को प्रत्यर्पण एक्ट्राडिशन कर अजरबैजान से रांची लाया गया. लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू का करीबी माना जाने वाला मयंक सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपराधिक गतिविधियों को संचालित कर रहा था. उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद अजरबैजान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और फिर भारत को सौंप दिया.

#### एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एक विशेष टीम मयंक सिंह को रांची लेकर पहुंची

शनिवार देर रात एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एक विशेष टीम मयंक सिंह को रांची लेकर पहुंची. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. एटीएस की टीम अतिरिक्त सुरक्षा बलों के साथ एयरपोर्ट पर पहले से तैनात थी. गैंगस्टर को एंटी-लैंडमाइंस व्हीकल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामगढ़ ले जाया गया, जहां कोर्ट में उसकी पेशी कराई जाएगी.

### सरायकेला में बड़ा हादसा, मिट्टी से बना कच्चा मकान धंसने से एक ही परिवार के 10 लोग घायल

सरायकेला : सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड अंतर्गत डांडू गांव में भारी बारिश के बीच बड़ा हादसा हुआ है.जहां मिट्टी से बना एक कच्चा मकान भरभराकर गिर पड़ा, जिसमे एक ही परिवार के 10 लोग मलबे में दब गए. इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया और गांव में मातम का माहौल है.

#### सात घायलों की स्थिति को गंभीर

घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से उन्हें राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया.ताज़ा जानकारी के मुताबिक डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सात घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया.

### स्वर्णरिखा-खरकई का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर, प्रशासन अलर्ट पर

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिले में लगातार हो रही बारिश ने स्थिति गंभीर बना दी है। स्वर्णरेखा और खरकई नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है, जिसके बाद जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन ने कहा है कि नदियों के तटीय इलाके और डूब क्षेत्र के लोग नदी किनारे न जाएं और किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर शरण लें। स्वर्णरेखा नदी (मानगो ब्रिज साइट) का जलस्तर इस समय 122.06 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि इसका खतरे का निशान 121.50 मीटर है। वहीं, खरकई नदी (आदित्यपुर ब्रिज साइट) का जलस्तर 131.60 मीटर पहुंच गया है, जो इसके खतरे के निशान 129 मीटर से काफी ऊपर है।

### रांची के जगन्नाथ मंदिर के रास्ते में आयी बड़ी दरार, रोड हुआ ब्लॉक



रांची : रांची के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर रोड में दरार आने से हड़कंप मच गया है। जिसके मंदिर के पीछे वाले मार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। मौके पर रोड डिवीजन की टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर रही हैं।

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू का पांच दिवसीय दौरा 26 से

रांची : प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू का पांच दिवसीय दौरा आगामी 26 से 30 अगस्त तक होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि के राजू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

**26 अगस्त :** रांची के चटवल लोहरदगा के कुडू प्रखंड के ककरगढ़, सुंदरू पंचायत कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेंगे।

**27 अगस्त:** पुराना विधानसभा भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के चयन हेतु नियुक्त पीसीसी पर्यवेक्षकों और जिला अध्यक्षों की बैठक में भाग लेंगे।

**28 अगस्त:** गुमला जिला के सिसई प्रखंड के भदौली, भरनो प्रखंड के तुरीअम्बा और उटारी में कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेंगे।

**29 अगस्त:** रांची के नामकुम प्रखंड के रामपुर और खूंटी प्रखंड के मुरही पंचायत कांग्रेस कमेटी की बैठक में रांची के चटवल लोहरदगा के कुडू प्रखंड के ककरगढ़, सुंदरू पंचायत कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेंगे।

**30 अगस्त:** जमशेदपुर के बनकटी पंचायत, शंकरदह पंचायत और केरूवाडूंगरी पंचायत कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेंगे।

### कांके अंचल अंतर्गत मौजा नगड़ी स्थित प्रस्तावित रिम्स–2 के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

रांची(ईएमएस)।कांके अंचल अंतर्गत मौजा नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स–2 के सीमांकन एवं फेंसिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। इस दौरान यह देखा गया कि उक्त स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो रही है तथा कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फेंसिंग के अंदर प्रवेश का प्रयास एवं विधि-व्यवस्था भंग करने की आशंका बनी हुई है।शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कांके अंचल अंतर्गत मौजा नगड़ी स्थित प्रस्तावित रिम्स–2 के 200 मीटर परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है, जो निम्न प्रकार है,पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का एक स्थान पर एकत्रित होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों, सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग।किसी प्रकार का अस्त्र–शस्त्र जैसे बंदूक, रायफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।

# 'भारत भी बनाएगा अपना स्पेस स्टेशन'

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर अपने संबोधन में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली : राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी नारायण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी।



#### 'अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल कर रहा भारत'

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल करना, ये भारत और भारत के वैज्ञानिकों का स्वभाव बन गया है। दो साल पहले ही भारत ऐसा पहला देश बना था जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का इतिहास रचा। हम उन देशों में भी शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष में डॉकिंग और अनडॉकिंग की क्षमता हासिल कर ली है।'

#### आने वाले समय में अपना स्पेस स्टेशन बनाएगा भारत


उन्होंने कहा कि 'शुभांशु शुक्ला ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर तिरंगा फहराकर हर भारतीय को गर्व से भर दिया। जब वो तिरंगा मुझे दिखा रहे थे, जो वो पल और अनुभूति थी। वो शब्दों से परे हैं। आज भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी अहम तकनीक की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही अपने वैज्ञानिकों की मेहनत से गगनयान भी सफलता की उड़ान भरेगा और आने वाले समय में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा।'

#### अंतरिक्ष तकनीक से प्रशासन में मिल रही मदद

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मैंने लाल किले से कहा था कि हमारा रास्ता रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का रास्ता है। इसलिए बीते 11 वर्षों में देश ने स्पेस सेक्टर एक के बाद एक लगातार बड़े सुधार किए हैं। आज अंतरिक्ष तकनीक भारत में प्रशासन का हिस्सा भी बन रही है। फसल बीमा योजना में सैटेलाइट की मदद से आकलन हो रहा है। मछुआरों को सैटेलाइट्स की मदद से जानकारी और सुरक्षा मिल रही है। आपदा प्रबंधन हो या पीएम गति शक्ति आदि में भी अंतरिक्ष तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। आज अंतरिक्ष में भारत की प्रगति नागरिकों का जीवन आसान बना रही है।

# झारखंड में मूसलाधार बारिश, पांच लोगों की मौत, कई घायल कुछ हुए लापता

रांची,(ईएमएस)। झारखंड में हो रही भारी बारिश जमकर तबाही मचा रही है। यहां मूसलाधार बारिश के कारण 5 लोगों की मौत हो गई है। जब कि कुछ लोग लापता बताए जा रहे हैं। और कुछ घायल हुए हैं जिनका अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात सरायकेला-खरसावां जिले में एक मकान ढहने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राजनगर प्रखंड के दांडू गांव में हुई इस घटना में आठ लोग घायल भी हो गए। राजनगर के बीडीओ मलय दास ने बताया, जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान महिला और उसके बेटे की मौत हो गई वहीं संतोष लोहार नामक व्यक्ति का कच्चा मकान गिरने से आठ अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब संतोष के कुछ रिश्तेदार उसके घर आए हुए थे। पुलिस के मुताबिक जिले में एक अन्य घटना में, शनिवार सुबह एक घर की दीवार गिरने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। उसने बताया कि यह घटना खरसावां थाना क्षेत्र के कोल शिमला में हुई। एक अधिकारी ने बताया कि चतरा जिले के कटघरा गांव में शुक्रवार को एक दंपति उफनती नदी में बह गए। गिधौर के बीडीओ राहुल देव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पति का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि पत्नी अब भी लापता है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के पत्थलगडा प्रखंड के खैराटोला गांव में भी बारिश से संबंधित घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों में राज्य भर में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। बुलेटिन के अनुसार, राज्य के उत्तर-पश्चिमी भागों, जैसे गढ़वा, चतरा, पलामू और लातेहार, में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसी तरह, शनिवार को राज्य के दक्षिण-पश्चिमी, उत्तर-पूर्वी और मध्य भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।



# सीएसपीएल और इसके प्रमोटर के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी



कोलकाता (ईएमएस)। 6,210.72 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में ईडी की कोलकाता जोनल टीम ने पीएमएलए के तहत कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और इसके प्रमोटर संजय सुरेका के ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापेमारी सीबीआई की एफआईआर के बाद की गई है। आरोप है कि कंपनी और उसके डायरेक्टर्स/प्रमोटर्स ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों को 6,210.72 करोड़ रुपए का चूना लगाया। इसके लिए, फर्जी तरीके अपनाए गए – जैसे फंड्स की हेराफेरी और गलत इस्तेमाल, फर्जी स्टॉक स्टेटमेंट देना, बैलेंस शीट में गड़बड़ी करना। ईडी ने 50 लाख से ज्यादा बैलेंस वाले कई बैंक खाते पकड़े गए और फ्रीज कर दिए। इस छापेमारी में जमीन-जायदाद से जुड़े दस्तावेज मिले, जो संजय सुरेका की बेनामी संपत्तियों से जुड़े बताए जा रहे हैं। यह भी सामने आया कि बैंकों ने उन संपत्तियों पर लोन लिमिट बढ़ा दी, जिन पर ईडी पहले ही अटैचमेंट कर चुकी थी। इससे साफ है कि अटैच की हुई संपत्तियों का भी गलत इस्तेमाल कर क्रेडिट लिया गया। जांच में कई कंपनियों का नाम सामने आया है, जो इस पैसे को इधर-उधर घुमाने (लेयरिंग) में शामिल थीं। ईडी अब इन कंपनियों, उनके डायरेक्टर्स और जुड़े लोगों की भूमिका खंगाल रही है, ताकि यह पता चल सके कि आखिर इस गड़बड़ी का असली फायदा किसे पहुंचा।

# तेल माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 900 लीटर अवैध डीजल जब्त

रांची,(ईएमएस)। झारखंड के जामताड़ा जिले में तेल माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में चल रहे एक अवैध पेट्रोल-डीजल कटिंग अड्डे पर छापा मारा गया। इस कार्रवाई में करीब 900 लीटर अवैध डीजल जब्त किया गया। यह छापेमारी शुक्रवार की देर रात को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अनंत कुमार ने अपनी टीम के साथ की। इस दौरान एक भारत पेट्रोलियम का टैंकर 50 लीटर के सात खाली गैलन और 200 लीटर के दो ड्रम भी बरामद हुए। जब छापेमारी शुरू हुई, तब वहां मौजूद लोग मौके से भागने में सफल रहे। यह अवैध कारोबार नारायणपुर थाने से सिर्फ साढ़े तीन किलोमीटर की दूरी पर चल रहा था।


#### पुलिस की भूमिका पर सवाल

मामले में सबसे गंभीर सवाल लोकल पुलिस की भूमिका पर उठ रहे हैं। पेट्रोलियम कंपनियों ने कई बार नारायणपुर थाने से अवैध धंधे को रोकने का अनुरोध किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह कारोबार इसतरह खुले स्थान पर चल रहा था कि किसी की भी नजर आसानी से पड़ सकती थी। लेकिन पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियां भी रास्ते से गुजरती थीं, लेकिन उन्होंने कभी इस गोरखधंधे को नहीं रोका। इससे ऐसा लगता है कि पुलिस जानबूझकर नजरअंदाज कर रही थी। एसडीओ ने छापेमारी के बाद पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जब्त की गई सामग्री को पुलिस को सौंप दिया गया है और प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। एसडीओ ने बताया कि इस मामले में गहनता से जांच की जा रही है और जब्त किए गए टैंकर की कंपनी के अधिकारियों से भी संपर्क किया जा रहा है।

# रांची के सुखदेवनगर इलाके से पुलिस ने दो करोड़ रुपये के जाली नोट किए बरामद

#### दो गिरफ्तार

रांची : रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने भारी मात्रा में जाली नोटों की बरामदगी की है। इस दौरान दो युवकों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे लगातार पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक के नकली नोट जब्त किए जा चुके हैं। यह कार्रवाई डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना से आने वाली एक बस में जाली नोटों की बड़ी खेप रांची लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बस की तलाशी ली और उसमें रखे गए एक बक्से से भारी मात्रा में नकली नोट बरामद किए। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि यह कारोबार एक अंतरराज्यीय संगठित गिरोह से जुड़ा हुआ है। फिलहाल हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पूछताछ जारी है।



### कार की टक्कर से टेंपो के उड़े परखच्चे, दो मासूमें समेत पांच की मौत, सात घायल

पीलीभीत। यूपी के पीलीभीत जिले के जहानाबाद क्षेत्र में शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ। कार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में दो मासूम समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मारने वालों में मां-बेटे और नानी-नातिन भी शामिल हैं। जबकि हादसे में सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सभी घायलों को जहानाबाद सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। डीएम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। प्राप्त विवरण के मुताबिक हादसा दोपहर करीब तीन बजे बिसेन गांव के पास हरिद्वार हाईवे पर हुआ। पीलीभीत की ओर से जा रहा टेंपो अमरिया की ओर से आ रही कार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। कार का एयरबैग खुल गया। राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

# लोकसभा में रवनीत बिट्टू पर अबू ताहिर को धक्का देने का आरोप, टीएमसी नेताओं ने ओम बिरला को लिखा पत्र

नई दिल्ली : संसद में बुधवार को हुए हंगामे के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मुर्शिदाबाद से सांसद अबू ताहिर खान को केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने धक्का दिया। यह घटना तब हुई जब सदन में गंभीर अपराधों में गिरफ्तार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाने के लिए तीन विधेयक पेश किए जा रहे थे। टीएमसी की लोकसभा डिप्टी लीडर शताब्दी राय और सांसद महुआ मोइत्रा ने 21 अगस्त को लिखे पत्र में कहा कि अबू ताहिर बिना किसी उकसावे के धक्का दिए जाने का शिकार हुए। पत्र में लिखा गया कि सांसद विरोध दर्ज कराने के लिए सदन की कार्यवाही में शामिल थे, लेकिन अचानक उन्हें जबरन धक्का दिया गया। टीएमसी नेताओं ने कहा कि इस घटना ने उन्हें 'बिल्कुल असहाय और असुरक्षित' महसूस कराया।

#### टीएमसी नेताओं ने पत्र में क्या-क्या लिखा?



पत्र में यह भी कहा गया कि अबू ताहिर हाल ही में गंभीर बीमारी से जूझकर अस्पताल से लौटे हैं और उनकी सेहत के बारे में सदन के सदस्य भी भली-भांति जानते हैं। ऐसे में केंद्रीय मंत्री का उन्हें धक्का देना "चौंकाने वाला और अस्वीकार्य" है। टीएमसी नेताओं ने लिखा कि यह हमला पूरी तरह अकारण था और एक ऐसे साथी सांसद पर किया गया, जो अब भी स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू घटना के दौरान बिट्टू के पीछे खड़े थे और भाजपा सांसदों को उकसा रहे थे।

#### सदन में हंगामा और टकराव

घटना वाले दिन सदन में माहौल बेहद गर्म था। जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान (120वां संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया, तो टीएमसी सांसद वेल की ओर बढ़ गए। उन्होंने बिल की प्रतियां फाड़कर शाह की ओर उछालीं। इस दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने शाह के सामने का माइक खींचने और नारेबाजी करने की कोशिश की। विपक्षी सांसदों की भीड़ देखकर भाजपा सांसद भी उनकी ओर बढ़े। इसी दौरान रवनीत सिंह बिट्टू और रिजिजू सक्रिय दिखाई दिए।

#### विपक्ष की मांग और माहौल

टीएमसी सांसदों ने पत्र में लोकसभा अध्यक्ष से मांग की है कि इस मामले में "सबसे कड़ा कदम" उठाया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार सांसदों की गरिमा और सुरक्षा के खिलाफ है। उनका कहना है कि इस तरह का आक्रामक रवैया लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को नुकसान पहुंचाता है। सांसदों ने यह भी लिखा कि अगर उनके साथी सांसद पर चल रहा बीच में नहीं आते तो स्थिति और बिगड़ सकती थी।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब घोटाला: प्रिज्म होलोग्राफी के एमडी को एसीबी कोर्ट से मिली बेल

रांची(ईएमएस)।झारखंड शराब घोटाला मामले में निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा गिरफ्तार किए गए विधु गुप्ता की जमानत याचिका पर रांची एसीबी की विशेष अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाया है।कोर्ट ने विधु गुप्ता को जमानत की सुविधा प्रदान करते हुए उसकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। एसीबी की टीम ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) विधु गुप्ता को पिछले महीने गिरफ्तार किया था।विधु गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं। एसीबी ने विधु गुप्ता को 20 मई को दर्ज हुए कांड संख्या 09/25 के तहत गिरफ्तार किया है। यह शराब घोटाले में एसीबी द्वारा की गई आठवीं गिरफ्तारी है।कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने ही प्रिज्म होलोग्राफी और उसके निदेशक विधु गुप्ता को झारखंड में 'अवैध जनशक्ति मॉडल' के सक्रिय संचालक के रूप में पेश किया था।इस घोटाले में आबकारी लाइसेंस धारकों और झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की निविदाओं के लिए विधु गुप्ता की एजेंसी के माध्यम से फर्जी जनशक्ति की लगातार तैनाती की गई।सार्वजनिक धन का गबन करने के लिए फर्जी दस्तावेजों और बढ़ाए गए वेतन दावों का भी इस्तेमाल किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि विधु गुप्ता के नियंत्रण में ठेकेदारों, आबकारी अधिकारियों और जनशक्ति एजेंसियों को शामिल करते हुए विभिन्न राज्यों में एक संरचित नेटवर्क काम कर रहा था।

### ग्रामीणों ने सीसीएल रजरप्पा के वेश वर्कशॉप का किया घेराव, ट्रांसपोर्टिंग ठप

रामगढ़(ईएमएस)।सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के वेश वर्कशॉप का ग्रामीणों ने शनिवार को घेराव कर दिया। कोइहारा गांव के सैकड़ों ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर सुबह करीब 6 बजे वेश वर्कशॉप के गेट पर पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया।सड़क को भी पूरी तरह से जाम कर दिया।चक्का जाम होने से सीसीएल की ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप रही। कंपनी का उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ, जिससे कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।ग्रामीण बिजली की कटौती, पानी की समस्या दूर करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि जबतक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक चक्का जाम रहेगा। चक्का जाम की सूचना पर पीओ ललन कुमार राय, मैनेजर श्रवण कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी आशीष झा ने पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगो पर अड़े रहे।रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार भी पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रबंधन से बात कर जल्द ही सारी मांगे पूरी करने की पहल की जाएगी।इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।विरोध करने वालों में चितरंजन महतो, गणेश महतो, वार्ड सदस्य बबिता देवी, संजय मुंडा, अर्जुन महतो, कुलदीप कुमार, रवि कुमार, अजय कुमार, संतोष मुंडा, ओमप्रकाश महतो, बबिता देवी सहित सैकड़ों ग्रामीणों शामिल थे।

### मनोहरपुर में नदी उफनाई, पार करने के दौरान युवक बहा

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगातार हो रही बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी-नाले उफान पर हैं। जिले के मनोहरपुर प्रखंड की कोईना नदी पार करने के दौरान एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया।घटना शुक्रवार देर शाम की है। पुलिस को मामले की जानकारी शनिवार को मिली।बताया जाता है कि मनोहरपुर प्रखण्ड के टीमरा गांव के लिमतुर टोला निवासी अभिराम चेरवा शुक्रवार शाम अपने दोस्तों के साथ कोईना नदी पार कर बाजार करने के लिए गया था।लौटते समय कोईना नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया था।नदी पार करते समय अभिराम चेरवा तेज बहाव में बह गया। शनिवार को 24 घंटों के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है।

### चैम्बर ने तुलसी का पौधा लगाकर स्वच्छता व हरियाली का दिया संदेश

रांची(ईएमएस)।झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की स्वच्छ भारत एवं पौधरोपण उप समिति द्वारा चैम्बर भवन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गमले में तुलसी का पौधा लगाया गया।चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने इस अवसर पर कहा कि तुलसी भारतीय परंपरा में पवित्रता और स्वच्छता का प्रतीक मानी जाती है।

तुलसी के पौधे से वातावरण शुद्ध होता है और नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है।उन्होंने बताया कि तुलसी का महत्व धार्मिक ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बहुत अधिक है।तुलसी के पत्तों का इस्तेमाल भगवान को अर्पित प्रसाद में किया जाता है। इसके अलावा तुलसी का पत्ता मुंह में रखने से माउथ फ्रेशनर का काम करता है।

# मध्यदैशीय वैश्य महासभा ने मनाई कुलगुरु गणिनाथ गोविन्द की 55वीं जयंती

## प्रदेश पदाधिकारियों ने सामाजिक एकजूटता पर दिया बल, कहा एकजुटता से ही समाज का उत्थान संभव





गिरिडीह (ईएमएस)। मध्यदैशी वैश्य महासभा के तत्वाधान श्री गणिनाथ गोविन्द सेवा संस्थान द्वारा शनिवार को कुलगुरु श्री गणिनाथ गोविन्द जी महाराज की 55वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। शहर के कुटिया रोड स्थित गोयनका धर्मशाला में आयोजित जयंती समारोह की शुरुआत कुलगुरु गणिनाथ गोविन्द जी की आलोक गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी के द्वारा भव्य रूप से पूजा अर्चना कर की गई। पूजा में समाज के सैंकड़ों लोग शामिल हुए। पूजा पश्चात देवघर से आए महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश साह व मधुपुर से आए महामंत्री उत्तम गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान संस्थान की ओर से से प्रदेश अध्यक्ष सुरेश साह, महामंत्री उत्तम गुप्ता, काशीनाथ साह, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, प्रदेश सचिव रिंकेश कुमार, युवा मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष चंदन गुप्ता, महिला समिति की राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य मनिषा नारायण साह, महिला मंच की प्रदेश अध्यक्षा प्रिति गुप्ता को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के पूर्व पदाधिकारियों व वरिष्ठ लोगों में शामिल राजेन्द्र गुप्ता, प्रताप गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित अन्य को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में महासभा के अध्यक्ष सुजीत गुप्ता, सचिव विशाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष जयदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, सुमिलत गुप्ता, सहसचिव राकेश गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष रवि गुप्ता, मीडिया प्रभारी निशांत गुप्ता, सुमित गुप्ता, राजकिशोर गुप्ता, सोनल गुप्ता, रिशु गुप्ता के अलावे महिला जिलाध्यक्षा सपना गुप्ता सहित अन्य सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री ने पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुरेश साह सहित अन्य अतिथियों ने समाज की एकजूटता पर बल देते हुए कहा कि समाज के सभी लोगों के एकजूट होने से न सिर्फ समाज में व्याप्त कुरितियों को दूर किया जा सकता है। बल्कि समाज का सही ढंग से उत्थान भी होता है। इस दौरान उन्होंने महिलाओं व युवाओं से समाज के उत्थान में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अहवान किया। खासकर उन्होंने महिलाओं को आगे आकर पुरूषो के साथ कंधा से कंधा मिलाकर समाज में व्याप्त सामाजिक कुरितियों को दूर करने का अहवान किया। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों को सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेने का अहवान किया। इस मौके पर स्थानीय भजन मंडली के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की अमृतवर्षा की गई। घंटो लोग बाबा के भजनों पर गोते लगाते रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन महासंघ के प्रदेश मंत्री रिंकेश कुमार कर रहे थे। वहीं धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष सुजीत गुप्ता ने किया।

## महानगरों की तर्ज पर विकसित होगा रांची एयरपोर्ट क्षेत्र, पांच योजनाओं के लिए 34 करोड़ मंजूर

रांची : राजधानी रांची में शहर के प्रवेश द्वार एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक और बिरसा चौक मार्ग का विकास महानगरों की तर्ज पर होगा. इस संबंध में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने संबंधित पांच योजनाओं के लिए 34 करोड़, 46 लाख, 32 हजार, 400 रुपये की मंजूरी दे दी है. विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को जल्द निविदा निकाल कर क्रियान्वयन शुरू करने का निर्देश दिया है.

### इन प्रोजेक्ट को दी गयी स्वीकृति

सुगम यातायात के लिए एयरपोर्ट से हिनू चौक तक सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए 10 करोड़, 42, लाख 27, हजार 100 रुपये, हार्ड एवं साफ्ट स्केप ( हरियाली पूर्ण एवं प्रकाशयुक्त सजावट ) के लिए 14 करोड़,64 लाख, 78 हजार, 800, हिनू से बिरसा चौक सड़क के सुदृढीकरण के लिए 7 करोड़, 50 लाख, 73 हजार, 200 रुपये, हार्ड एवं साफ्ट स्केप के लिए 9 करोड़, 03 लाख, 38 हजार, 800 रुपये और हिनू चौक तथा गोलंबर के विकास के लिए 3 करोड़, 42 लाख, 46 हजार, 600 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है.

**एयरपोर्ट से हिनू चौक मार्ग** : ( 1.65 किमी ) वर्तमान मार्ग को यथासंभव 6 लेन बनाना, सतह नवीनीकरण,फुटपाथ, साइक्लिंग पाथ , स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, फ्लोरिंग पैनल,एलइडी लाइटिंग, जनजातीय कला संस्कृति पर आधारित दीवारों पर चित्रकारी, पत्थर की कलाकृतियां, झारखंड की प्राचीन कला संस्कृति पर आधारित भव्य तोरणद्वार, लैंड स्केपिंग, डिजाइनदार पेड़ पौधे, पेयजल एवं प्रसाधन,खाली स्थान पर पार्क,पार्किंग.झारखंड पर्यटनझारखंड पर्यटन

**हिनू चौक से बिरसा चौक** : ( 1.2 किमी ) सड़के सतहनवीनीकरण के साथ सौंदर्यीकरण, 6 लेन का निर्माण , डिवाइडर की पेड पौधो से सजावट, लैंड स्केपिंग, पेवर ब्लॉक, फुटपाथ, साइकिल पाथ वे, सड़क के दोनो ओर छायादार वृक्ष , डिजाइनदार पौधे,आकर्षक स्ट्रीट एवं एलइडी लाइट, लैंड स्केपिंग, शौचालय .

**हिनू चौक का आधुनिकीकरण** : कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का उन्यन, खाली स्थानो पर झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियां, वर्तमान के 12 मीटर के गोलंबर को 22 मीटर तक विस्तार, लैंड स्केपिंग, आधुनिक एलइडी लाइट, रंग बिरंगे लाइट, हरियाली के लिए पेड़-पौधे.

## राज्य स्तर पर सुरक्षित मातृत्व पर परामर्श बैठक आयोजित

रांची (ईएमएस)। शनिवार को नामकुम स्थित आरसीएच कॉन्फ्रेंस हॉल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित मातृत्व पर राज्य स्तरीय परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एनएचएम के मिशन निदेशक शशि प्रकाश झा ने की।इस परामर्श बैठक में मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवं आरआई, एनवीबीडीसीपी, आईईसी, एनसीडी, सीएम/सीपीएचसी, एसपीएमयू सेल्स के राज्य नोडल अधिकारियों और परामर्शदाताओं ने हिस्सा लिया। इसके अलावा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा विभिन्न विकास सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और राज्य में मातृ मृत्यु दर को कम करने की दिशा में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई।विशेषज्ञों ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिए विभागीय समन्वय आवश्यक है।अधिकारियों ने सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो।**
**SARFASI CASE NO – 49 / 2023**

**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
Authorised Office
ICICI Bank Ltd
–बनाम्–
द्वितीय पक्ष–
Ranjan Prasad S/o Prayag Prasad
Raju Prasad S/o Prayag Prasad
At house no 115, Near Santosh Mandir,
Ram nagar Colony, Bokaro.

**सूचना द्वितीय पक्ष को निर्गत**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 49 / 2023 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 30.08.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो।

PR 360309 (Law) 25-26 (D)

## रांची पुलिस की कार्रवाई, भारी मात्रा में नकली शराब व सामग्री के साथ 5 गिरफ्तार

रांची(ईएमएस)।रांची पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अनगड़ा थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध नकली विदेशी शराब बनाने के एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है।इस कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में नकली शराब, उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को बीते 22 अगस्त को गुप्त सूचना मिली कि अनगड़ा थाना क्षेत्र के राजाडेरा गांव में एक मकान में अवैध रूप से नकली शराब का निर्माण किया जा रहा है।

इस सूचना के सत्यापन और तुरंत कार्रवाई के लिए एसएसपी डीएसपी सिल्ली के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने राजाडेरा गांव स्थित पवन कुमार महतो के बंद पड़े स्कूल भवन पर छापेमारी की।

### किसानों के बीच ट्रैक्टर, सोलर पंप व पंपसेट का वितरण

धनबाद। धनबाद जिला समाहरणालय परिसर में शनिवार को एक समारोह का आयोजन हुआ।समारोह में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत किसानों व समूहों के बीच ट्रैक्टर, सोलर पंप व पंपसेट का वितरण किया गया। इसमें धनबाद, गोविंदपुर, निरसा व टुंडी प्रखंड के 5 कृषक समूहों को ट्रैक्टर, वहीं टुंडी प्रखंड के 2 महिला स्वयं सहायता समूहों को सोलर पंप प्रदान किए गए।

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो।**
**SARFAESI CASE NO –104 / 2022**
**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
Authorised Office
Punjab National Bank Ltd

–बनाम्–

द्वितीय पक्ष–
M/s Allauddin Ansari, Prop Allauddin Ansari
At Ghanghari, P.O Baidhmara,
Sector 9, Bokaro.

**सूचना द्वितीय पक्षं को निर्गत**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 104 / 2022 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 30.08.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो।

PR 360310 Law (25-26)D

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो।**
**SARFASI CASE NO – 52 / 2024**

**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
Authorised Office
Bank Of India Bokaro
–बनाम्–
द्वितीय पक्ष–
M/S Bokaro Electical Work
Mrs. Reshma Khatoon W/o Lt. Md. Ansar
At R/o Plot No 4/H-5A, Bokaro.

**सूचना द्वितीय पक्ष को निर्गत**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 52 / 2024 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 20.09.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो।

PR 360304 (Law) 25-26 (D)

## बरकाकाना में आरपीएफ ने रेल दुर्घटना में राहत कार्य का किया मॉक ड्रिल

रामगढ़(ईएमएस)।रेलवे स्टेडियम बरकाकाना में आरपीएफ ने शनिवार को रेल दुर्घटना के बाद तत्काल बचाव व राहत कार्य को लेकर मॉक ड्रिल किया।मॉक ड्रिल में रेलवे के अन्य विभागों के कर्मी भी शामिल थे।इस दौरान आपदा के समय प्रयोग किये जाने वाले उपकरणों को चलाने और आपदा से निपटने का पूर्वाभ्यास किया गया।रेलवे अधिकारी और रेलवे कंट्रोल रूम ने बताया कि सुबह 10.45 बजे उन्हें रेल दुर्घटना की सूचना मिलती है। आधे घंटे के अंदर स्थानीय पदाधिकारी मेडिकल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में लग जाते हैं।आरपीएफ की टीम ने घायल यात्रियों को किस प्रकार बाहर निकाला जाता है उसका अभ्यास किया।घटनास्थल पर लगातार सायरन बजते रहे और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस तक ले जाने की प्रक्रिया चलती रही। हादसे में मरने वालों के नाम और घायलों को किस अस्पताल में भेजा जा रहा है।इसका लगातार अनाउंसमेंट किया जाता रहा।

मॉक ड्रिल को देखने के लिए सैकड़ों लोग जमा हो गए थे।भीड़ रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी। रेलवे द्वारा भीड़ को घटनास्थल से दूर रहने के लिए अनाउंसमेंट किया जा रहा था।इस दौरान प्रथमिक उपचार केंद्र, आरपीएफ सहायता बूथ, स्थानीय थाना, यात्री सामान और जीआरपी केंद्र बनाया गया था।मौके पर एएससी बरकाकाना मनोज कुमार श्रीवास्तव, आरपीएफ इंस्पेक्टर टीएस अहमद, जीआरपी इंस्पेक्टर नीलम भेंगरा, जीआरपी थाना प्रभारी शमीम अंसारी, सब इंस्पेक्टर कैलाश मीणा, केपी मीणा, अमित कुमार, एएसआई केपी बड़ाइक, अरविंद कुमार, ईसीआरकेयू के शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो सहित प्रधान आरक्षी और आरक्षी मौजूद थे।

## जनजातीय आयोग गठन की मांग, दो विधायकको को सौंपा गया ज्ञापन

रांची(ईएमएस)।समाजिक कार्यकर्ता प्रवीण कच्छप की अगुवाई में शनिवार को प्रतिनिधिमंडल ने खिजरी विधायक राजेश कच्छप और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में अनुसूचित जनजाति आयोग के शीघ्र गठन की मांग की गई।युवा नेता प्रवीण कच्छप ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन नहीं हो पाया है।पड़ोसी राज्य बिहार और छत्तीसगढ़ में जनजातीय आयोग से आदिवासी समुदाय के अधिकारों पर पहल होती है और संवैधानिक प्रावधानों को सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, लेकिन झारखंड में लागु नही हो रहा है।जबकि झारखंड में एक तिहाई आदिवासी समाज रहते है।आयोग गठन पर जल्द पहल करना चाहिए।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शीघ्र ही विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी और मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उरांव ने दोनों विधायकों से आग्रह किया कि विधानसभा के मॉनसून सत्र में भी मुद्दे मजबूती से उठाए ताकि आदिवासी समाज का अस्तित्व बच सके। उन्होंने कहा कि टीएसी की बैठकों में कई अहम विषय पर चर्चा होनी चाहिए।बैंक से लोन, सीएनटी एक्ट में बदलाव, ठेकेदारी में छूट, जाति प्रमाणपत्र में विवाहित महिला के पति का नाम जोड़ने जैसे मुद्दे शामिल है।मौके पर प्रवीण कच्छप, अरविंद उरांव, मनोज तिर्की, संजय सरैया और अजीत रोशन समेत अन्य शामिल थे।

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो।**
**SARFAESI CASE NO –54 / 2023**
**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
Authorised Office
Hinduja Housing Finance Ltd

–बनाम्–

द्वितीय पक्ष–
Mr. Tarvinder Singh   Mrs. Kasmir Kaur
At House No 264, Guru Govind Colony,
Near Golden Campus, chas Bokaro.

**सूचना द्वितीय पक्षं को निर्गत**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 54 / 2023 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 30.08.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो।

PR 360305 Law (25-26)D

**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0,**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
**(A Govt. of Jharkhand undertaking)**
कार्यालय : प्रमण्डलीय प्रबन्धक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गिरिडीह
**e-mail : dm.gir_jsfdc@yahoo.in**

**प्रकाष्ठ/जलावन की बिक्री हेतु आम नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल, गिरिडीह के अन्तर्गत विभिन्न वनागारों में होने वाली प्रकाष्ठों की वनागारवार वर्ष 2025 के लिए आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है :–

| लघु वन पदार्थ परियोजना प्रक्षेत्र का नाम | वनागार का नाम | सितम्बर'25 | अक्टुबर'25 | नवम्बर'25 | दिसम्बर'25 |
|---|---|---|---|---|---|
| डुमरी मो0–9934389355 | अस्थायी वनागार, /राजगंज/कारीटांड धनबाद एवं गिरिडीह जिला के अन्य परिसर | 13.09.2025 | 13.10.2025 | 13.11.2025 | 13.12.2025 |
| साहेबगंज मो0–8002663810 | अस्थायी वनागार, पतना बरहरवा/बेतौना एवं साहेबगंज तथा गोड्डा के अन्य परिसर | 16.09.2025 | 16.10.2025 | 17.11.2025 | 16.12.2025 |
| पाकुड़ एवं दुमका मो0–8002663810 | अस्थायी वनागार, दुर्गापुर, पाकुड़ एवं केन्द्रीय वनागार, दुमका के अन्य परिसर | 18.09.2025 | 17.10.2025 | 18.11.2025 | 18.12.2025 |

नोटः– यदि उपरोक्त तिथि को कोई परिवर्तन होता है तो उसकी सूचना अलग से दी जायेगी।

प्रमंडलीय प्रबंधक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,
गिरिडीह

PR 360238 (Giridih)25-26*D

## संक्षिप्त ख़बरें

### दहीबाड़ी वाशरी के मजदूरों का आंदोलन तीसरे दिन, प्रबंधन द्वारा बिना शर्त आंदोलन समाप्त करने की बात कही गई

चिरकुंडा, (धनबाद), जनता श्रमिक संघ सी बी एरिया असंगठित प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक वाशरी एक नियम कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम के तीसरे दिन आज प्रबंधन द्वारा पुन बिना शर्त आंदोलन को समाप्त करने का आग्रह किया गया, परंतु जनता श्रमिक संघ नेतृत्व ने सामूहिक निर्णय लिया कि प्रबंधन जब वार्ता के लिए तैयार हो रहा है, तो हमें इन्हें वक्त देना चाहिए । जिस कारण से पूर्व में तय कार्यक्रम पीएलसी के कार्य को बाधित करने का निर्णय को रोक दिया गया। साथ ही प्रबंधन से मांगों पर जल्द से जल्द विचार करते हुए निर्णय लेने का आग्रह किया। जनता श्रमिक संघ के मजदूर हित को देखते हुए एचपीसी प्राप्त करने वाले मजदूरों ने भी जनता श्रमिक संघ के आंदोलन में समर्थन किया तथा हाउसकीपिंग के कार्य में लगे मजदूरों ने कार्य नहीं करने का निर्णय लिया। मजदूरों के समर्थन के लिए जनता श्रमिक संघ ने धन्यवाद दिया। रविवार को 11 बजे जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह आंदोलन स्थल पर उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन शर्मा, टीएन पांडे, सफीर खान, भोला चौहान, ओम प्रकाश सिंह, संजय ठाकुर, राजू चौहान, राहुल सिंह, शंकर सिंह, मोहन शर्मा, वरुण राय, राजाराम चौहान, राम शंकर सिंह, रणधीर सिंह, दिनेश सिंह, दिलीप रजक, श्रवण ठाकुर, सागर राम, मंटू ठाकुर,शमशेर आलम,अमित चौहान, अमरदीप चौहान,पंकज चौहान, जितेंद्र चौहान, आदि ने भाग लिया ।प्रबंधन की ओर से राजीव सिंह, भगवान प्रसाद, संजय सिन्हा, बीसीसीएल,एपीएम, गोस्वामी, सहित चिरकुंडा के पुलिस भी मौजूद थे ।

### सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय द्वारा पी.जी. सेमेस्टर-4 परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित

दुमकाःसिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-25 के अंतर्गत संचालित पी.जी. सेमेस्टर-4 परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कला संकाय के अंतर्गत कुल 2432 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 92.15 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। विज्ञान संकाय में कुल 878 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 88.27 प्रतिशत को सफलता प्राप्त हुई है। वहीं, वाणिज्य संकाय के 115 परीक्षार्थियों में से 80 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिया गया था, और परिणाम को पारदर्शिता के साथ प्रकाशित किया गया है।

### निर्धारित समय सीमा के भीतर अधूरे कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

दुमकाःसमाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पी०आई०यू० दुमका, भवन प्रमंडल दुमका, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल दुमका, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल दुमका, एन०आर०ई०पी० दुमका, सिचाई प्रमंडल दुमका, लघु सिचाई प्रमंडल दुमका, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-01 एवं 02, दुमका, तथा जिला परिषद् दुमका के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण व विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए धीमी प्रगति वाले कार्यों पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया। संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में सभी तकनीकी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अधूरे कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कार्यों में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता नियंत्रण के पालन पर विशेष बल दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ आमजन तक समय पर पहुँचना आवश्यक है। अतः सभी विभागीय अभियंताओं को पारस्परिक समन्वय के साथ समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन पर ध्यान देना चाहिए।बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता सहित सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### करेले की खेती से सफलता की मिसाल बनीं सखी मंडल की दीदी

दुमकाः जिले के सदर प्रखंड के कोदोखिचा गाँव की महिला किसान पूजा सोरेन ने अपनी मेहनत और सूरजमुखी आजीविका सखी मंडल के सहयोग से आधुनिक खेती में नई पहचान बनाई है। मंडल की सक्रिय सदस्य पूजा ने प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन लेकर सूक्ष्म टपक सिंचाई पद्धति से करेले की व्यावसायिक खेती शुरू की।पहले वह पारंपरिक खेती पर निर्भर थीं, जिससे सीमित आमदनी होती थी। लेकिन सखी मंडल के माध्यम से प्राप्त जानकारी और प्रोत्साहन ने उनकी राह बदल दी। टपक सिंचाई से पौधों को समय पर नमी और पोषण मिलने लगा, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन संभव हुआ। साथ ही, मंडल के सहयोग से पूजा ने बाजार से सीधे जुड़ाव किया और मध्यस्थों पर निर्भरता खत्म की।आज पूजा हर दो दिन में 80 किलो से 1 क्विंटल करेले की तुड़ाई कर रही हैं, जिसे 35 से 40 रुपये प्रति किलो के भाव से बेच रही हैं। लगातार उत्पादन और अच्छे दामों से उनकी आमदनी लाखों रुपये तक पहुँच गई है। उनकी इस उपलब्धि से प्रेरित होकर सखी मंडल की अन्य दीदियां भी आधुनिक सिंचाई और वैज्ञानिक खेती अपना रही हैं। पूजा सोरेन अब न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।

### लाभुकों का आईएमआईएस में स्वीकृति प्रदान करने का निदेश

दुमकाः डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति दुमका अनिकेत सचान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा में बैठक की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत् पेयजल आपूर्ति सभी योजनाओं में रिम्स इंस्टॉलेशन कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। योजनाओं के पूर्ण होने के उपरांत आईएमआईएस में हैंडओवर तथा त्रि पार्टी एग्रीमेंट के उपरांत में ही योजना का ओम पीरियड प्रारंम्भ होगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत् सभी अबुआ आवास तथा छुटे हुये लाभुकों का आईएमआईएस में स्वीकृति प्रदान करने का निदेश दिया गया। तथा प्रखंडवार ग्रामों की सूची तैयार कर ओद्फ़ प्लस का वेरिफिकेशन सभी कनीय अभियंता करना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 01 एवं 02 के कार्यपालक अभियंता, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी जिला समन्वयक तथा सभी प्रखंड वॉश समन्वयक उपस्थित थे।

### पर्यटन स्थलों के सर्वांगीण विकास को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

दुमकाःदुमका जिला अंतर्गत विभिन्न पर्यटक स्थलों के विकास एवं पर्यटकों को आवश्यक आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में विशेष तौर पर जिले के लोकप्रिय स्थल सेल्फी ब्रिज के समग्र विकास पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि यहाँ आने वाले पर्यटकों को सुविधा और आनंददायक वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।पर्यटकों की संख्या बढ़ाने एवं स्थानीय ग्रामीणों के जीविकोपार्जन के अवसर सृजित करने के दृष्टिकोण से बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग, दुकानों एवं अन्य आवश्यक ढाँचों के निर्माण पर चर्चा की गई। इससे न केवल पर्यटकों का अनुभव बेहतर होगा बल्कि ग्रामीणों की आय में भी वृद्धि होगी।बैठक में एन०आर०ई०पी० को शीघ्र ही विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को पर्यटन स्थलों के विकास को मिशन मोड में लेकर कार्य करने का निर्देश दिया।

# जिले में चलाया जाएगा "नो हेलमेट नो पेट्रोल" अभियान

### बैरियर तोड़कर अवैध कट बनाने वालों पर की जाएगी, एफआईआर




धनबाद, : जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दो पहिया वाहन चालकों के लिए "नो हेलमेट नो पेट्रोल" अभियान चलाया जाएगा।साथ ही बैरियर तोड़कर अवैध कट बनाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। एनएच पर घर निर्माण करने वालों को माडा से नक्शा पास करते समय एनएच से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।यह निर्णय आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया।बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जुलाई 2025 तक जिले में 236 सड़क दुर्घटना हुई है। 135 दुर्घटना के घातक परिणाम आए हैं। जबकि 76 दुर्घटना में लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें 102 दुर्घटना ओवर स्पीड के कारण, 19 रॉन्ग साइड में वाहन चलाने, 21 ओवरटेकिंग, 54 अंधेरे के कारण, 8 ड्रिंक एंड ड्राइव, 8 नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के कारण, 14 वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने के कारण व 10 दुर्घटना अन्य कारणों से हुई है।इस पर समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की तथा दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में कदम उठाने का निर्णय लिया गया।बैठक में धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो ने सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं पर अंकुश लगाने, गया पुल अंडर पास का चौड़ीकरण, वर्तमान अंडरपास की मरम्मत, सोनारडीह में ओवर ब्रिज बनाने का अनुरोध किया।टुंडी के विधायक, मथुरा प्रसाद महतो ने नाबालिक वाहन चालकों पर कार्रवाई करने, बरवाअड्डा से धनबाद तथा आमाघाटा बैंक ऑफ़ इंडिया के पास जल जमाव दूर करने, मानटांड से तोपचांची मार्ग पर सर्विस लेन शुरू करने, अशर्फी अस्पताल के पास अतिक्रमण हटाने तथा अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने, तेतुलमारी राजगंज गया पुल की मरम्मत करने का आग्रह किया।धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने ओवर स्पीड पर अंकुश लगाने, बैंक मोड़ एवं बिग बाजार के पास व्यवस्थित वाहन पार्किंग सुनिश्चित कराने, भूली के पास फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराने, केंदुआ बाजार में अतिक्रमण हटाने, एफसीआई गोदाम के पास लेवल क्रॉसिंग की मरम्मत कराने तथा पुराना बाजार के पास बंद तेल डिपो की खाली भूमि को विकसित करने का अनुरोध किया।विधायक निरसा के अरुप चटर्जी ने एनएच के विभिन्न स्थानों पर से जल जमाव को दूर करने, बलियापुर बारामुड़ी सड़क पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने, डी-नोबिली स्कूल मुगमा, कुमारधुबी ब्रिज एवं मैथन बीएसके कॉलेज के आसपास से अतिक्रमण हटाने, एमपीएल सड़क पर दुर्घटना रोकने के लिए सुरक्षा का पर्याप्त बंदोबस्त करने तथा नाबालिक द्वारा हाइवा व भारी वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया। विधायक सिंदरी के चंद्रदेव महतो ने कर्माटांड़ सर्विस लेन से अतिक्रमण दूर करने, बरवाअड्डा टुंडी सड़क के पकौड़ी मोड के सर्विस लेन में नाली का निर्माण करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि गोल बिल्डिंग से बलियापुर की ओर जाने वाली सड़क पर बिल्कुल सड़क के साथ नाली बनाई गई है। इसके कारण आए दिन वाहन दुर्घटना हो रही है। उन्होंने नाली को ढंकने का अनुरोध किया।बैठक में संत निरंकारी चौक, सिंबायोसिस स्कूल, गोविंदपुर चौक व निरसा चौक के पास बैरिकेडिंग करने, वन विभाग, पथ निर्माण विभाग, एनएच, गैस अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, जेबीवीएनएल, पीएचईडी के रखे अनुपयोगी सामान हटाने, ब्लैक स्पॉट, सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं, सड़क पर यात्री शेड जिसका उपयोग नहीं हो रहा है और जो जर्जर हो चुके हैं, उसे हटाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में सांसद धनबाद के ढुल्लु महतो, विधायक टुंडी के मथुरा प्रसाद महतो, विधायक धनबाद के राज सिन्हा, विधायक निरसा के अरूप चटर्जी, विधायक सिंदरी के चंद्रदेव महतो, उपायुक्त, आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी, विकास पालीवाल, नगर आयुक्त, रविराज शर्मा, सिटी एसपी, ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर सी द्विवेदी, ट्राफिक डीएसपी, अरविंद कुमार सिंह के अलावा पथ निर्माण विभाग, पूर्व मध्य रेलवे, एमपीएल, पीएचईडी, ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### अलका उपाध्यक्ष केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव


भोपाल (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 14 वरिष्ठ अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग के आदेश जारी किए हैं।इसमें मध्य प्रदेश कैडर की 1990 बैच की अलका उपाध्याय को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का सचिव बनाया गया है।वह पशुपालन डेरी और फिशरीज मंत्रालय में सचिव के पद पर थी। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव के पद के लिए उनका नाम चर्चाओं में था।मध्य प्रदेश कैडर के ही 1992 बैच के अधिकारी बीएल कांता राव को जल शक्ति नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके पहले वह खनिज मंत्रालय में सचिव थे। इन दोनों का नाम मुख्य सचिव के पद के लिए मध्य प्रदेश में चल रहा था। जिस तरह से उनकी नवीन नियुक्ति की गई है। उससे तय हो गया है,यह दोनों मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव नहीं बनेंगे। वर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन का कार्यकाल ही बढ़ाया जाएगा। यह इस बात के संकेत हैं।

# लोयाबाद क्षेत्र में दिनों-दिन बढ़ता जा रहा आवारा कुत्तों का आतंक

### सात नंबर में दो मासूम बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर दिया

### परिजनों ने तत्काल दोनों को केन्दुआडीह सीएचसी लाया,जहां उनका इलाज चल रहा है

### फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है



लोयाबाद।लोयाबाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है।सोमवार की शाम सात नंबर इलाके में दो मासूम बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर दिया।चार वर्षीय शाहिया परवीन और पांच वर्षीय आएमान को कुत्तों ने हाथ-पैर और जांघ में बुरी तरह काट लिया। परिजनों ने तत्काल दोनों को केन्दुआडीह सीएचसी ले जाया गया,जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने दोनों को एंटी रेबिज वैक्सीन लगाया और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही हैं।सीएचसी के चिकित्सक ने बताया कि दोनों बच्चों को समय पर अस्पताल लाया गया,जिससे बड़ा खतरा टल गया।कुत्ते के काटने पर तुरंत एंटी रेबिज वैक्सीन देना बेहद जरूरी है।परिजनों को सभी निर्धारित डोज समय पर लगवाने की सलाह दिया।वही स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से दर्जनों की संख्या में आवारा कुत्ते घूम रहे हैं।बच्चों और महिलाओं पर इनके हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।लोग शाम ढलते ही घर से बाहर निकलने से डरने लगे हैं।खासकर अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल आने-जाने के समय लेकर बेहद चिंतित हैं।सात नंबर निवासी साबिर अली ने कहा हर गली में कुत्तों का झुंड घूमता रहता है।बच्चे बाहर खेलने जाते हैं तो डर बना रहता है।नगर निगम से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।अनीता देवी ने कहा कि दो बच्चों को कुत्ते ने काट लिया,कल पता नहीं किसके घर पर ये हादसा हो जाए। प्रशासन अगर अभी नहीं जागा तो हालात और बिगड़ जाएंगे।स्थानीय युवक संतोष कुमार ने गुस्से में कहा नगर निगम केवल कागज पर अभियान चलाता है।धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं होती।अगर तुरंत कदम नहीं उठाया गया तो हम सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे।अन्य लोगों ने नगर निगम प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है।उनका कहना है कि यदि शीघ्र कुत्तों की धरपकड़ अभियान नहीं चलाया गया तो स्थिति और भयावह हो सकती है।फिलहाल कुत्तों के आतंक से पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल है।

# दुमका क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों ने किया दुमका में चुनाव कराने की माँग



दुमकाः दुमका जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी जी से मुलाकात कर दुमका में एसोसिएशन के चुनाव हेतु पत्र दिया।यहाँ बताते चले कि वर्तमान सचिव भास्कर अजीत सिंह को 24 फरवरी 2022 को 6 माह की अवधि के लिए कार्यकारी सचिव बनाया गया था।सरकारी मुलाजिम होने की स्थिति में सचिव द्वारा खेल और खिलाड़ियों को समय ना देने के कारण दुमका जिला में क्रिकेट की स्थिति बद से बदतर होती चली गई ।जिला में पंजीकृत टीमों की संख्या 14 से 10 रह गई । इस दौरान पंजीकृत टीमों के खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों द्वारा कई बार चुनाव कराने हेतु अध्यक्ष एवं झारखंड राज्य क्रिकेट संघ को आवेदन एवं पत्राचार किया गया तथा वर्तमान सचिव पर कई गंभीर आरोप भो लगाए परंतु दुर्भाग्यवस तत्कालीन झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन ही मिल पाया ।पत्र में कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा कई बिंदुओं पर ध्यान आकृष कराया गया है । जिसमे वर्तमान में सचिव पद पर आसीन भास्कर अजीत सिंह द्वारा भविष्य में होने वाले चुनाव में मत पाने हेतु निजी स्तर पर कुछ सदस्यों का पंजीकरण किया गया है , जो बिल्कुल अनैतिक है ! जब कि इनके कार्यकाल में आज तक कभी भी सार्वजनिक सदस्यता अभियान नहीं चलाया गया है। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के वर्तमान सचिव के दुमका आने की सूचना अपने किसी भी कार्यकारिणी के सदस्यों नहीं देना ताकि वर्तमान परिस्थिति की जानकारी झारखंड राज्य क्रिकेट संघ को ना करा दी जाए। वर्तमान में सचिव पद पर आसीन भास्कर अजीत सिंह द्वारा तानाशाही रवैये अपना कर कई पदेन पदाधिकारियों को बिना स्पष्टीकरण के निष्कासित करना ।अब जब कि झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की नई समिति का गठन हो चुका है तो दुमका क्रिकेट को भी एक उम्मीद की किरण दिख रही है कि शायद अब नई समिति दुमका में भी नए सिरे से चुनाव करा के क्रिकेट को आगे ले जाएगी माँग शामिल है।ऐसी उम्मीद के साथ एसोसिएशन के सदस्यों ने माँग पत्र पर हस्ताक्षर किया जिसमे डी सी ए के संयुक्त सचिव अमित रंगराजन ,उमेश कु० राउत ,सह सचिव बिश्वजीत चटर्जी ,श्रीकुमार पॉल ,उपाध्यक्ष विवेक नंदन ,जेएससीए के आजीवन सदस्य ललित पाठक,डीसीए के कार्यकारिणी सदस्य दिवाकर शर्मा,चंद्रकिशोर सिंह शमिल है।

# अंधे हत्याकांड का खुलासा : नाती ने भाई और दोस्त के साथ मिलकर की दादी की हत्या, तीनों गिरफ्तार

### गढ़ी थाना पुलिस ने की कार्यवाही

बालाघाट (ईएमएस).गढ़ी थाना पुलिस ने एक अंधे हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी बैजलपुर निवासी सुनील पिता स्व. हीरालाल धुर्वे 34 वर्ष, उसका छोटा भाई राजकुमार पिता स्व. हीरालाल धुर्वे 28 वर्ष और दोस्त नुनकाटोला निवासी सुनील पिता शिवप्रसाद कुशरिया 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, घटना के समय पहने गए कपड़े सहित अन्य साक्ष्य भी जब्त किए हैं। तीनों ही आरोपियों के खिलाफ धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को सुनील धुर्वे ने थाना में सूचना दी थी कि उसकी दादी गौथरीन बाई 65 वर्ष घर पर दिखाई नहीं दे रही है, जब परिवारजन घर पहुंचे तो कमरे में उनका खून से सना शव मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटना स्थल का निरीक्षण एफएसएल यूनिट, डॉग स्क्वॉड, फिंगर प्रिंट टीम द्वारा किया गया। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पीएम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट आने से मौत होना पाया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र पंद्रो के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों, गवाहों के बयान के आधार पर सुनील धुर्वे, राजकुमार धुर्वे और उनका दोस्त सुनील कुशरिया पर संदेह हुआ। संदेह के आधार पर तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तीनों ने पूछताछ में दादी की हत्या करने का जुर्म स्वीकार किया।पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान मृतिका का नाती सुनील धुर्वे और उसका भाई राजकुमार (दिव्यांग) ने हाल ही में एक ट्रैक्टर खरीदा था, जिसकी किश्त वे नहीं चुका पा रहे थे। उन्होंने कई बार अपनी दादी गौथरीन बाई से रुपए की मांग की, लेकिन दादी ने रुपए न होने की बात कहकर पैसे देने से मना कर दिया था। 8 अगस्त की रात में तीनों ठाकुरटोला पहुंचे और फिर से पैसों की मांग की। जब दादी ने देने से इनकार किया, तो गुस्से में आकर सुनील धुर्वे ने कुल्हाड़ी से वार कर उनकी हत्या कर दी। इस दौरान उसका भाई और दोस्त ने साक्ष्य छिपाने में सहयोग किया।

# कृषि सखी का प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

### प्राकृतिक कृषि एक जीवनशैली है : सांसद लालवानी

इंदौर (ईएमएस)। आत्मा परियोजना और कृषि महाविद्यालय, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कृषि सखी कार्यक्रम के तहत प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी ने अपने संबोधन में कहा कि प्राकृतिक कृषि सिर्फ उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो मिट्टी, जल और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए किसानों की आय बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि कृषि सखी जैसे कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को नेतृत्व प्रदान करते हैं और समाज में स्थायी बदलाव की नींव रखते हैं।कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. भारत सिंह ने प्राकृतिक खेती की वैज्ञानिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब जलवायु परिवर्तन और रसायनों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, ऐसे समय में प्राकृतिक कृषि एक समाधान बनकर उभरती है।परियोजना संचालक (आत्मा) शर्ली थॉमस ने कहा कि ये कृषि सखियाँ अब केवल प्रशिक्षित महिलाएं नहीं, बल्कि गांवों में प्राकृतिक कृषि की पथप्रदर्शक बनेंगी। हमारा उद्देश्य उन्हें इस काबिल बनाना है कि वे अपने समुदायों में बदलाव ला सकें। नोडल अधिकारी डॉ. दीक्षा ने बताया कि प्रशिक्षण को इस तरह से तैयार किया गया था कि महिलाएं प्राकृतिक कृषि को न केवल समझें, बल्कि उसे व्यवहार में भी ला सकें।प्रशिक्षण के दौरान, महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि यह प्रशिक्षण उनके लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने वाला भी रहा।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

### आने वाले सभी त्यौहार शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ मनाएं



शाजापुर(ईएमएस)। आगामी माह में आने वाले प्रमुख त्यौहार पर्यूषण पर्व, गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, मिलाद-उन-नबी, अनंत चतुर्दशी आदि अन्य त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के लिए आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में कलेक्टर ने आगामी सभी त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए सभी धर्मों के प्रतिनिधियों से कहा कि आने वाले सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से, भाईचारे के साथ, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सद्भाव के साथ मनाएं। कलेक्टर ने कहा कि आगामी त्यौहारो में निकलने वाले चल समारोह/ जुलूसो के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए आयोजनकर्ता सुरक्षा के लिए वालेंटियर्स नियुक्त करें। वालेंटियर्स की समय-समय पर बैठक लेकर दिये गये निर्देशों से अवगत कराएं। चल समारोह/जुलूसो के लिए आयोजक मार्ग तय कर प्रशासन को अवगत कराएं। इस मौके पर उन्होनें संबंधित विभागों के अधिकारियों को आने वाले त्यौहारो के दौरान पुलिस व्यवस्था, पेयजल, घाटो पर रोशनी व्यवस्था करने, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति आदि की व्यवस्था करने एवं जूलूस मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने गणेश उत्सव समितियों से अनुरोध किया कि गणेश विसर्जन के लिए निर्धारित स्थल पर ही मूर्ति का विसर्जन करें, जिससे किसी भी दुर्घटना से उन्हें बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंडाल इस तरह से बनाये कि आपातकालीन स्थिति में रास्ते से एम्बुलेंस, फायरबिग्रेड वाहन आदि निकल सके। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थलों पर पुलिस, होमगार्ड एवं नगरपालिका के कर्मचारियों की व्यवस्थाएं की जाएंगी। साथ ही उक्त स्थानो पर मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि अखाड़ा लेकर आने वाले लोगों की संपूर्ण जवाबदारी होगी कि वे अखाड़ा समाप्ति तक कोई भी व्यवधान उत्पन्न नहीं होने दें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों, उत्सव समितियों, अखाड़ा निकालने वाले आयोजको आदि की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही उत्सव समिति पदाधिकारियों से कहा कि गणेश पांडालों में वालेंटियर्स को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करें। उन्होंने जुलूस में बड़े वाहनो, बड़े झण्डे, हथियार आदि का उपयोग न करें। साथ ही उन्होंने आयोजकों से अपने-अपने वालेंटियर्स नियुक्त भी करें। सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने कहा कि हम सभी धर्मों के प्रतिनिधि आने वाले त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से, भाईचारे के साथ, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सद्भाव के साथ मनाएंगे। इस अवसर पर मनीष सोनी ने आगामी त्यौहारों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इमरान खरखरे ने मिलाद-उन-नबी पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व विधायक पुरूषोत्तम चन्द्रवंशी, प्रदीप चन्द्रवंशी, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान, मनोज पुरोहित, अनूप किरकिरे, किरण ठाकुर, प्रेम यादव, राजेश पारछे, तुलसीराम भावसार, गोविन्द नायक, हरिशचन्द्र त्रिवेदी, संजय शर्मा, शिवाजी सोनी आदि उपस्थित थे।

**STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED**
**Bokaro Steel Plant**
**Bokaro - 827001, Jharkhand, India**

Notice Inviting Application For the Allotment of Non Residential Buildings(NRBs) on License Basis in Bokaro Steel City, Jharkhand

SAIL/Bokaro Steel Plant invites applications for the allotment of 25 Nos. of NRBs located in Bokaro Steel Township on 33 months license basis through Forward Auction for the transaction of Business & Development of Civic Amenities. The license may be renewed for two like terms (each of 33 months) subject to fulfillment of terms and conditions applicable at the time of renewal. The applicant may visit the Website - www.ta.bokarosteel.in/NRB to know the details & procedures of the NRBs allotment schemes along with other instructions for filling the on line application form. The website will be open from **25.08.2025 (10.00 AM) to 08.09.2025 (12.00 Mid Night). The applicants have to fill-up the form online and submit within the specified time limit.** No application will be entertained after the expiry of the schedule time.

SAIL, Bokaro Steel Plant reserves the right to amend/ modify the terms & conditions and cancel/reject the applications without assigning any reason thereof.

General Manager (TA-LRA)
TA Department

Registered Office : Ispat Bhawan, Lodi Road, New Delhi 110 003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454, Website : www.sail.co.in
*There's a little bit of SAIL in everybody's life*

# ट्रॉफी गौरव यात्रा से बिहार में खेलों का उत्साह चरम पर, सज-धज कर तैयार हुआ राजगीर




राजगीर : एशिया कप हॉकी 2025 की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है और इसके साथ ही बिहार में खेलों का उत्साह अपने चरम पर है। 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए पूरा बिहार सज-धज कर तैयार है। ट्रॉफी अनावरण के बाद शुरू हुई गौरव यात्रा ने पूरे बिहार और देश के अन्य हिस्सों में खेल माहौल को जीवंत कर दिया है। यह यात्रा राज्य के 38 जिलों से होकर गुजर रही है और अब तक पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया, भागलपुर, नालंदा और सीतामढ़ी जैसे शहरों में पहुंच चुकी है, जहां हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक इसका स्वागत किया। गौरव यात्रा से पूरे बिहार में खेल भावना का नया संचार हुआ है। जिन जिलों और गाँवों में खेल आयोजन अपेक्षाकृत कम होते थे, वहां भी बच्चे और युवा ट्रॉफी को देखने के लिए उमड़ पड़े। स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों ने इसे केवल एक चमकदार धातु की वस्तु नहीं, बल्कि सपनों और उपलब्धियों का प्रतीक माना। कई युवा खिलाड़ियों ने प्रेरणा व्यक्त करते हुए कहा कि वे भी एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। जहां-जहां ट्रॉफी पहुंची, वहां का नजारा मेले जैसा रहा। स्थानीय लोग, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में बाहर आकर इस गौरव को साझा करते दिखे। इससे समाज में एकता, गर्व और सामूहिकता की भावना और मजबूत हुई है। साथ ही, इस यात्रा के दौरान बिहार के ऐतिहासिक नगर और सांस्कृतिक केंद्रा राजगीर, नालंदा और पटना भी प्रमुख रूप से प्रचारित हो रहे हैं, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। होटल, परिवहन और स्थानीय व्यवसायों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। गौरव यात्रा ने बिहार को केवल भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खेल-प्रधान और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य के रूप में प्रस्तुत किया है। आयोजक और प्रायोजक संस्थाओं का मानना है कि इससे "ब्रांड बिहार" की छवि मजबूत होगी। यात्रा केवल बिहार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि दिल्ली, चंडीगढ़, चेन्नई, ओडिशा, असम और झारखंड जैसे राज्यों के प्रमुख शहरों में भी ट्रॉफी ले जाई जाएगी, ताकि पूरे देश में एशिया कप का माहौल बन सके। 17 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशिया कप हॉकी की ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया और गौरव यात्रा की शुरुआत की। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह, पूर्व भारतीय गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इस क्षण को बिहार के लिए ऐतिहासिक बताते हुए विश्वास जताया कि यह आयोजन न केवल खेल, बल्कि पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में भी राज्य को नई पहचान दिलाएगा। ट्रॉफी गौरव यात्रा की अपार सफलता ने यह साबित कर दिया है कि एशिया कप हॉकी का माहौल पूरे बिहार में बन चुका है। यह केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि प्रेरणा, गर्व, विकास और एकजुटता का उत्सव है, जिसका दूरगामी प्रभाव राज्य और देश पर पड़ेगा।

# घर में छापा पड़ा तो इंजीनियर ने 3 करोड़ रुपए आग में दिए जला

पटना(ईएमएस)। बिहार के एक इंजीनियर ने जमकर काली कमाई की। छापा पड़ा तो बचने के लिए लगभग तीन करोड़ रुपए आग में जलाकर राख कर दिए। नोट जलाने के बावजूद आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने इंजीनियर के घर से 39 लाख रुपये कैश बरामद किए। इस कालेधन के कुबेर का नाम विनोद राय है। वह ग्रामीण कार्य विभाग में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनात हैं। पुलिस ने विनोद और उनकी पत्नी को नोट जलाने और सबूत मिटाकर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया है। इंजीनियर के खिलाफ भ्रष्टाचार का अलग से मामला चलाया जाएगा।जानकारी के मुताबिक ऊपर के कमरे में इंजीनियर साहब पूरी रात नोट जलाते रहे। जलाते-जलाते थक गए, फिर भी 3950 लाख रुपये बच गए। ईओयू की टीम ने घर में दबिश दी तो पानी की टंकी से यह कैश बरामद हुआ। टीम को घर से लगभग साढ़े 12 लाख रुपये के अधजले नोट और बाथरूम के पाइप से भारी मात्रा में भरा जले नोटों का मलबा भी मिला है। इससे करीब 2 से 3 करोड़ रुपये का कैश इंजीनियर द्वारा रात भर में जलाए जाने का अनुमान है। ईओयू ने सबूत मिटाने के आरोप में इंजीनियर विनोद राय और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, उनकी पत्नी ने तबीयत खराब होने का हवाला दिया और अस्पताल में भर्ती हो गईं। फिलहाल उसका कस्टडी में इलाज चल रहा है। बता दें कि इंजीनियर विनोद राय सीतामढ़ी से नोटों का जखीरा लेकर पटना के लिए चले थे। इसकी भनक ईओयू को लग गई। रात में ही ईओयू की टीम उनके पटना स्थित आवास पर पहुंच गई। हालांकि, इससे पहले इंजीनियर सारा पैसा पटना आवास पहुंचा दिया था। जब ईओयू की टीम रेड मारने पहुंची तो इंजीनियर की पत्नी दीवार बनकर घर के नीचे खड़ी हो गई। उन्होंने ईओयू टीम से कहा कि वह घर में अकेली है। ऐसे में मजबूरन छापेमारी टीम को सुबह होने का इंतजार करना पड़ा।शुरुआती आकलन के अनुसार इंजीनियर विनोद राय के पास बाजार मूल्य पर लगभग 100 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी जांच कर सकती है। छापेमारी में विनोद के पास जमीन-जायदाद के 18 डीड, 15 बैंक खाते और पार्टनरशिप के कई कागजात मिले हैं। इनके अलावा 26 लाख रुपये के जेवरात, बीमा पॉलिसी और निवेश के कागज भी मिले हैं। विनोद राय ग्रामीण कार्य विभाग के सीतामढ़ी डिवीजन में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनात हैं। उनके पास मधुबनी का भी प्रभार है। ईओयू को सूचना मिली थी कि विनोद अपनी गाड़ी से भारी मात्रा में कैश लेकर पटना के भूतनाथ रोड स्थित मकान पर जा रहे हैं। ईओयू ने रास्ते में ही घेराबंदी का प्रयास भी किया लेकिन वह पकड़ में नहीं आए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हाइवा और ऑटो की भिडंत में 8 की मौत, 4 की हालत गंभीर

पटना(ईएमएस)। शनिवार की सुबह पटना में भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। और चार लोग जख्मी हो गए। मरने वालों में कई महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है जबकि मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। घटना पटना सिटी की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में मरने वालों में पांच महिलाएं शामिल हैं। हदसा शाहजहांपुर के दनियावां हिलसा स्टेट हाईवे 4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास हुआ। सभी घायलों को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। ये लोग नालंदा के रेरा मलामा गांव के निवासी थे। एक ऑटो पर सवार होकर पटना आए हुए थे। जानकारी के मुताबिक उन्हें गंगा स्नान करना था और इसके लिए फतुहा जा रहे थे। पुलिस छानबीन कर रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के शिकार लोग नालंदा के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक सभी सवारी को लेकर ऑटो पटना की ओर जा रही थी। स्टेट हाईव पर अल्ट्राटेक फैक्ट्री के पास हाइवा से सीधी टक्कर हो गई जिसमें ऑटो पर सवार लोग जख्मी हो गए। आठ के मौत की खबर मिली है जबकि चार अन्य ऑटो सवार घायल हैं। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए पीएमसीसीएच इलाज के लिए भेज दिया।

### पीएम मोदी की सभा में मंच पर दिखे पिता-पुत्र समधन और बहु लोगों ने पूछा मांजरा क्या है!

गया(ईएमएस)। सियासी मंच पर जरा कुछ अलग दिखता है तो चर्चा होना स्वाभाविक है। हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी की सभा में एक ही परिवार कई लोग मंचा पर दिखाई दिए। फिर क्या था एक दूसरे से लोग पूछने लगे आखिर मांजरा क्या है। एक साथ सब के सब मंच पर...दरअसल सभा मेंसबसे अधिक चर्चा का विषय हम (हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा) पार्टी के एक ही परिवार के चार प्रतिनिधियों की एक साथ उपस्थिति रही।हम पार्टी के संस्थापक एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन, बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी और इमामगंज विधायक दीपा मांझी। ये चारों प्रधानमंत्री की सभा के मंच पर एक साथ नजर आए। इस दृश्य ने न सिर्फ कार्यकर्ताओं का ध्यान खींचा, बल्कि पूरे राजनीतिक गलियारे में भी चर्चा छेड़ दी। राजनीतिक जानकारों की मानें तो मांझी परिवार की यह उपस्थिति सिर्फ एक मंच साझा करना नहीं था, बल्कि बिहार की राजनीति में बदलते समीकरणों और जातीय प्रतिनिधित्व की रणनीति का भी संकेत था। आने वाले समय में इसका असर एनडीए के भीतर और बाहर, दोनों स्तर पर देखा जा सकता है।कई नेताओं ने आपसी बातचीत में कहा कि यह नजारा हम पार्टी की आंतरिक एकजुटता और परिवार की राजनीति में मजबूत पकड़ को दर्शाता है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी बिहार की राजनीति के एक अनुभवी चेहरा हैं। उनके पुत्र डॉ संतोष सुमन राज्य सरकार में मंत्री हैं। वहीं, समधन ज्योति मांझी और बहू दीपा मांझी दोनों सक्रिय विधायक हैं। सभा में आए कई एनडीए कार्यकर्ताओं ने इसे पारिवारिक राजनीतिक ताकत की मिसाल बताया। कुछ ने तो इसे राजनीतिक संतुलन और रणनीति का केंद्र भी करार दिया। सभा में हम पार्टी के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में भागीदारी, उनकी अनुशासित मौजूदगी और प्रधानमंत्री के स्वागत की जोरदार तैयारी ने पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को भी सामने ला दिया।

### प्रधानमंत्री पर विपक्ष ने किया पलटवार लगाए पोस्टर लिखा, मोदी आया वोट गया जी

पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार व घुसपैठियों का सपोर्ट करने का लगाया था आरोप

गयाजी,(ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी की बिहार में विपक्ष पर भ्रष्टाचार और घुसपैठियों का सपोर्ट करने का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस ने मतदाता सूची से नाम हटाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए पीएम मोदी का यह दौरा और भी अहम हो गया।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी ने शुक्रवार को गयाजी में थे। उन्होंने वहां 13,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा। कांग्रेस ने भी उन पर पलटवार करते हुए गयाजी में कई जगहों पर बैनर लगाए। इन बैनरों पर लिखा था, मोदी आया, वोट गया जी। यह बैनर चुनाव आयोग की ओर से वोटर लिस्ट से 65 लाख से ज्यादा नाम हटाए जाने के विरोध में लगाया गया था। कांग्रेस ने मोदी के बिहार दौरे में सीधे तौर पर उन्हें चुनौती देने की कोशिश की।कांग्रेस ने सिकरिया मोड़ और बोध गया रोड पर गेट नंबर 5 पर ये बैनर लगाए। कांग्रेस वोटर लिस्ट में अनियमितताओं को लेकर 1300 किलोमीटर की वोटर अधिकार यात्रा भी निकाल रही है। यह यात्रा 16 दिनों तक चलेगी और इसका नेतृत्व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कर रहे हैं उनके साथ तेजस्वी यादव भी हैं। यात्रा का मकसद स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में हुई कथित गड़बड़ियों को उजागर करना है।

### किशनगंज में मतदाता सूची की गड़बड़ी' एक नाम, दो बूथ, प्रशासन अलर्ट

किशनगंज : किशनगंज जिले के बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची में गंभीर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। एक ही व्यक्ति का नाम दो अलग-अलग मतदान केंद्रों में दर्ज पाया गया है। यह मामला सामने आते ही प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला बहादुरगंज नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 07 के निवासी दिनेश प्रसाद मांझी से जुड़ा है। मांझी एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं और टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र की जिला पार्षद सदस्य के पति भी हैं। खास बात यह है कि वह पहले बीएलओ के रूप में भी काम कर चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, मतदाता सूची में दिनेश प्रसाद मांझी का नाम बहादुरगंज नगर पंचायत के बूथ संख्या 200 में क्रम संख्या 307 पर इपिक नंबर IR02515211 के तहत दर्ज है। वहीं, टेढ़ागाछ प्रखंड के बूथ संख्या 99 में क्रम संख्या 441 पर उनका नाम इपिक नंबर IR00184184 के साथ भी दर्ज पाया गया है।

# मतदाता अधिकार यात्रा: राहुल का आरोप, पीएम और भाजपा मिलकर नष्ट करना चाहते हैं लोकतंत्र




भागलपुर(ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही मतदाता अधिकार यात्रा ने बिहार में विशाल जनसैलाब का रूप ले लिया है। यात्रा के छठे दिन भागलपुर के नाथनगर में लाखों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने ज़ोरदार नारे लगाए– वोट चोर, गद्दी छोड़। भीड़ ने यह नारे मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में हुए कथित वोटर फ्रॉड के संदर्भ में लगाए। राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी मिलकर लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने तथा जनता का वोट चुराने की साजिश कर रहे हैं।सभा के दौरान राहुल गांधी ने पूर्व अग्निवीर अमरनाथ जायसवाल को मंच पर बुलाया। जायसवाल सेना में ड्यूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए और उनकी एक उंगली चली गई। बावजूद इसके उन्हें मात्र दो साल की सेवा के बाद सेना से बाहर कर दिया गया और किसी प्रकार का लाभ नहीं दिया गया। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए रोज़गार और अवसरों के सारे दरवाज़े बंद कर दिए हैं। अग्निवीर योजना सबसे ग़लत निर्णय था। अमरनाथ जायसवाल जैसे युवा, जो शारीरिक रूप से घायल हो गए, उन्हें भी कोई लाभ नहीं मिला। सरकार ने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने सिर्फ़ अग्निवीर योजना ही नहीं लाई, बल्कि नोटबंदी के ज़रिए छोटे और मझोले कारोबारों को भी तबाह कर दिया, जिससे बेरोज़गारी बढ़ी। अब, उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसने हर नागरिक को एक व्यक्ति, एक वोट का अधिकार दिया है। उन्होंने बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कांग्रेस और राजद समर्थकों के वोट काट रहे हैं। राहुल ने एक कांग्रेस समर्थक का उदाहरण भी दिया जिसका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के बिहार दौरे के दौरान वोट पुनरीक्षण पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में हुए वोटर फ्रॉड पर चुप क्यों हैं? राहुल ने कहा, "सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री, चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर आपके वोट छीनना चाहते हैं और लोकतंत्र को खत्म करने पर तुले हैं। भागलपुर में भीड़ का आलम ये था की चारों तरफ़ की सड़को पर अपार भीड़ दिख रही थी।

### बोधगया के गांवों में घुसा पानी, डीएम ने खुद संभाली राहत की कमान

गयाजी : झारखंड के पहाड़ी इलाकों में गुरुवार रात हुई भारी बारिश का असर शुक्रवार को गयाजी जिले में देखने को मिला। मुहाने नदी के जलस्तर में अचानक तेजी से बढ़ोतरी के कारण बोधगया प्रखंड के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। बसाढ़ी, सिलौंजा, बतसपुर, घोंघरिया और मोराटाल गांवों में नदी का पानी घुस चुका है, जिससे कुछ घरों में भी पानी भर गया है। सूचना मिलते ही गया डीएम शशांक शुभंकर देर रात सिलौंजा गांव पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली और राहत-बचाव कार्य में जुटे अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीएम की मौजूदगी में सिलौंजा नदी के पास फंसे दो लोगों को रस्सी के सहारे सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। साथ ही उन्होंने आपदा प्रबंधन टीम को प्रभावित गांवों में जरूरतमंदों के बीच पॉलिथिन शीट बांटने के निर्देश दिए।


# विपक्षी दलों का तीखा हमला: बिहारी सबक सिखायेंगे, वोट चोरों को हरायेंगे





पटना(ईएमएस)। वोट अधिकार यात्रा के चलते अकबरनगर, भागलपुर में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस-राजद महागठबंधन के नेताओं ने भाजपा- जेडीयू पर सीधा और करारा हमला बोला।विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा अब जनता के भरोसे को अपनी जेबखर्च की तरह इस्तेमाल कर रही है। किसानों से वादे करके उनके पसीने का दाम लूट लिया, युवाओं को नौकरी का झांसा देकर बेरोज़गारी का पहाड़ खड़ा कर दिया, और अब जनता के वोट को अपनी प्राइवेट कंपनी का टोकन बना दिया। सहनी ने तंज़ कसते हुए कहा—भाजपा का असली काम अब सिर्फ़ जनादेश की डकैती है, यह पार्टी चुनाव लड़ने नहीं आती, यह चुनाव लूटने आती है।राजद सांसद संजय यादव ने भाजपा को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि यह सिर्फ़ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ठगी कंपनी है। उन्होंने कहा—चुनाव आयोग अब इनके लिए बैकऑफ़िस का काम करता है, और जनता के वोट इनके लिए मुफ्त की लूट है।कांग्रेस नेता जितू पटवारी ने भाजपा के विकास मॉडल को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि इनके पास किसान नीति नहीं, रोजगार योजना नहीं, शिक्षा का खाका नहीं। इनके पास है तो सिर्फ़ जुमलों का गठ्ठर और झूठ का थैला। पटवारी ने कहा—ये लोग जनता को पेड़ लगाने के नाम पर वोट माँगते हैं और चुनावी सभा के लिए हज़ारों पेड़ काट डालते हैं। यही है भाजपा का ग्रीन इंडिया। ये लोग मंदिर की घंटी बजाकर वोट लेते हैं और संसद की घंटी बजाकर लोकतंत्र बेच देते हैं।कांग्रेस प्रवक्ता अनुपम ने भाजपा की राजनीति को एक बड़ा धोखा बताते हुए कहा इनकी क्रोनोलॉजी बहुत साफ़ है- पहले विधायक चोरी, फिर वोट चोरी, और अब पूरा राज्य सरकार चोरी। भाजपा का नारा है जो बिकेगा वही टिकेगा। यह पार्टी एक वॉशिंग मशीन है, जिसमें अपराधी घुसते ही संत बन जाते हैं, और ईमानदार आवाज़ें अंदर जाते ही देशद्रोही कहलाने लगती हैं। अनुपम ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र को डिस्काउंट सेल में बेच रही है, जहाँ विधायक बोली लगाकर खरीदे जाते हैं, मुख्यमंत्री गिफ्ट पैक में दिए जाते हैं और चुनाव आयोग बोनस में मिलता है। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव डॉ. गिरीश कुमार ने कहा कि बिहार की जनता अब भाजपा के झूठ और जुमलों को पहचान चुकी है और इस बार भाजपा को करारा जवाब देगी।

# बिहार की वोटर लिस्ट में दो पाकिस्तानी नागरिकों का नाम, कार्रवाई हुई शुरू




भागलपुर : बिहार के भागलपुर जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान बड़ा मामला सामने आया है। जांच में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट में पाए गए हैं। खास बात यह है कि दोनों महिलाओं के पास आधार और वोटर आईडी कार्ड भी मौजूद हैं और उन्होंने कई बार मतदान भी किया है। मामला सामने आने के बाद गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके नाम मतदाता सूची से हटाने का आदेश दिया। जिला प्रशासन ने बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-7 भरकर प्रक्रिया शुरू कर दी है।जांच के मुताबिक, दोनों महिलाएं भागलपुर के भीखनपुर मोहल्ले के टैंक लेन, गुमटी नंबर-3 में रहती हैं। एक का नाम इमराना खानम उर्फ इमराना खातून पति मोहम्मद इब्तुल हसन है, जबकि दूसरी फिरदौसिया खानम उर्फ फिरदौसिया खातून पति मोहम्मद तफजील अहमद है। दोनों मूल रूप से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के खुशाब जिले के रंगपुर गांव की रहने वाली हैं। बताया जा रहा है कि फिरदौसिया जनवरी 1956 में तीन महीने के वीजा पर भारत आई थीं। वहीं, इमराना उसी साल तीन साल के वीजा पर भारत पहुंचीं। वीजा अवधि खत्म होने के बाद दोनों ने भारत में अवैध रूप से रहना शुरू कर दिया और स्थानीय लोगों से शादी कर ली। इसके बाद उन्होंने आधार और मतदाता पहचान पत्र बनवा लिए। जानकारी के अनुसार, दोनों ने वर्षों तक मतदान किया। दरअसल, 1 अगस्त 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित हुआ, तभी यह गड़बड़ी सामने आई। गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग ने डीएम भागलपुर, एसएसपी और निर्वाचन अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। जांच में पुष्टि हुई कि दोनों महिलाएं पाकिस्तानी नागरिक हैं और लंबे समय से वीजा नवीनीकरण के बिना रह रही हैं। इसके बाद उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डा. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि गृह विभाग के निर्देश पर सत्यापन किया गया। दोनों महिलाओं के पास पाकिस्तानी पासपोर्ट पाए गए हैं। सत्यापन के बाद उनके नाम हटाने और ईपीआईसी नंबर रद्द करने की प्रक्रिया चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह मामला उन खतरों की पुष्टि करता है जिन पर खुफिया एजेंसियां पहले से अलर्ट करती रही हैं कि विदेशी नागरिक वीजा अवधि से अधिक समय तक रहकर भारतीय दस्तावेज हासिल कर रहे हैं। SIR-2025 अभियान के तहत ऐसे ही मामलों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

# मुजफ्फरपुर में आवारा कुत्तों का आतंक, 7 माह में 14,537 से ज्यादा लोगों को कटा

पटना,(ईएमएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे शहर के लोग काफी परेशान हैं। वे कुत्तों के डर के कारण अपने बच्चों को बाहर खेलने तक नहीं भेज रहे है। पिछले सात महीनों में 14,537 से ज्यादा लोग कुत्तों के काटने का शिकार हुए हैं, जिसमें एक बच्ची की मौत भी शामिल है। यह समस्या इतनी गंभीर है कि हर दिन औसतन 25 लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। बावजूद इसके लोकल प्रशासन इस समस्या का हल नहीं निकल पाया है। लोगों की माने तब ऐसा होने पर आने वाले दिनों में शहर में रहना परेशानी भरा होगा। वहीं कुत्तों के कटने के मामले में प्रशासन का तर्क हैं कि हमारे द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए लगातार काम किया जा रहा है।शहरी इलाकों में कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते सर्वे में इनकी संख्या 2700 थी, लेकिन नगर निगम के नए सर्वे में यह संख्या और भी ज्यादा होने की संभावना है। नगर निगम पिछले ढाई साल से कुत्तों की नसबंदी (बंध्याकरण) के लिए एजेंसी तलाश रहा है, लेकिन अभी तक नगर निगम को सफलता नहीं मिली है। टेंडर निकालने के बावजूद कोई एजेंसी काम लेने को तैयार नहीं हो रही है। इतना ही नहीं मीट और मुर्गा दुकानों द्वारा सड़क पर फेंके गए मांस के अवशेषों के कारण कुत्ते हिंसक हो रहे हैं। इसके अलावा, सार्वजनिक जगहों पर लोगों द्वारा कुत्तों को खाना खिलाना भी उनकी आबादी को बढ़ा रहा है।एक बार नगर निगम की टीम ने कुत्तों को पकड़कर ग्रामीण इलाकों में छोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन ग्रामीणों ने टीम की पिटाई कर दी, जिससे यह प्रयास भी सफल नहीं हो पाया।लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, नगर निगम ने इस समस्या को हल करने के लिए कुछ नए उपाय शुरू किए हैं। नगर निगम फिलहाल शहरी इलाकों में कुत्तों की सही संख्या का पता लगाने के लिए सर्वे करा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद, नगर निगम नए सिरे से नसबंदी के लिए एजेंसी का टेंडर निकालेगा। लोगों को सार्वजनिक जगहों पर कुत्तों को खाना न खिलाने के लिए जागरूक किया जाएगा। मीट और मुर्गा दुकानदारों को सड़क पर कचरा फेंकने से रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।यह देखना बाकी है कि मुजफ्फरपुर में नगर निगम के ये नए प्रयास कितने सफल होते हैं। शहर के लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या से उन्हें निजात दिलाएगा।

### निगरानी विभाग का कारनामा, शिक्षक की मृत्यु के पांच साल बाद दर्ज कराया मामला

बांका,(ईएमएस)। बिहार के बांका जिले में फर्जी सर्टिफिकेट मामले की जांच में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का चौंकाने वाला कारनामा सामने आया है। पांच साल पहले जिन शिक्षक की मौत हो चुकी थी, उन्हीं के खिलाफ निगरानी विभाग ने मामला दर्ज करा दिया है। इस कार्रवाई ने शिक्षा विभाग और निगरानी टीम की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिर्जापुर पंचायत के सोनडीहा निवासी शिक्षक निरंजन कुमार प्राथमिक विद्यालय मेहरपुर में पदस्थापित थे। 2021 के कोरोना काल में उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने शिक्षा विभाग और जिला कार्यालय को उनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी दिया था। इसके बावजूद निगरानी टीम ने उन पर केस दर्ज करा दिया है।शिक्षा विभाग की ओर से पहले भी प्रमाण पत्रों की जांच की गई थी, लेकिन निरंजन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब जांच की जिम्मेदारी निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी गई तो उनका प्रमाण पत्र भी जांच के दायरे में आ गया। इस क्रम में उन्हें फर्जी प्रमाण पत्रधारी करार दिया गया।जांच के दौरान सोनवर्षा की शिक्षिका पल्लवी कुमारी का प्रमाण पत्र भी फर्जी पाया गया। पल्लवी प्राथमिक विद्यालय जगतापुर में पदस्थापित थीं, लेकिन 2018 से ही स्कूल से लापता हैं। इस पर भी निगरानी ने मामला दर्ज कराया है। मृतक शिक्षक निरंजन कुमार की पत्नी खुशबू, बड़े भाई जितेंद्र यादव और छोटे भाई मनीष कुमार ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मौत के बाद भी केस दर्ज होना बहुत दुखद है। निरंजन पर दर्ज हुए केस की चर्चा प्रखंड शिक्षक संघ में भी जोर-शोर से हो रही है।

## कोल्हापुर में दो गुटों के टकराव में 10 लोग घायल

कोल्हापुर, (ईएमएस)। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में दो गुटों के टकराव में 10 लोग घायल हुए है। यह घटना सिद्धार्थनगर इलाके में हुई। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब राजेबग्स्वर फुटबॉल क्लब की 31वीं सालगिरह मनाने के लिए आयोजन हुआ था। इसके लिए बैनर, पोस्टर्स और साउंड सिस्टम लगाए गए थे। इन चीजों ने स्थानीय लोगों में गुस्सा भर दिया। लोगों का आरोप था कि इन चीजों से परेशानी हो रही है। जब स्थानीय लोगों ने आयोजन का विरोध किया, तब झगड़ा बढ़ गया। रात 10 बजे तक, दोनों तरफ से भारी संख्या में पथराव हुआ। दो कारों को आग लगा दी गई, जबकि ऑटो और खड़ी कारों सहित लगभग आठ से नौ वाहनों में तोड़फोड़ की गई। घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि पत्थरों से गाड़ियों के शीशे टूट गए थे और मलबा अंदर बिखरा हुआ था। हंगामे के दौरान सड़क किनारे का पार्किंग क्षेत्र पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 200 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झड़प दोनों समूहों के बीच एक गलतफहमी का परिणाम थी। एसपी कोल्हापुर ने लोगों से शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि अफवाहों पर ध्यान न दें। हालात ठीक हैं। यह घटना अचानक हुई। उन्होंने दोनों समूहों के नेताओं ने भी अनुरोध किया है कि ऐसा कोई संदेश न फैलाया जाए। मैं उन सभी से अनुरोध करता हूं कि वे अफवाहों से प्रभावित न हों। फिलहाल मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## कर्नाटक के धर्मस्थल में सैकड़ों लाशों को दफनाने वाले मामले में सफाईकर्मी गिरफ्तार

### झूठे दावे करके गुमराह करने का आरोप

बेंगलुरु, (ईएमएस)। कर्नाटक के धर्मस्थल में सैकड़ों लाशों को दफनाने के मामले में बड़ा मोड़ आ गया है। रिपोर्ट्स की मानें पुलिस ने मामले को उठाने वाले सफाईकर्मी को गिरफ्तार किया है। उसपर एसआईटी की टीम को झूठे दावे करके गुमराह करने का आरोप है। धर्मस्थल मंदिर में सफाई करने वाले एक शख्स ने ही दावा किया था कि उसने अलग-अलग जगहों पर 70 से 80 शव दफनाए थे। एसआईटी ने सफाईकर्मी से रातभर कड़ी पूछताछ की। पुलिस का दावा है कि सफाईकर्मी ने शुरुआत में जो खोपड़ी दिखाई थी, वे फर्जी थी। एसआईटी और उसके प्रमुख प्रणव मोहंती ने शिकायतकर्ता से पूछताछ की। शिकायतकर्ता का नाम उजागर नहीं किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बयानों और उपलब्ध कराए दस्तावेजों में विसंगतियां होने के बाद गिरफ्तारी की गई। उन्होंने कहा कि एसआईटी मामले की जांच जारी रखे हुए है और शिकायतकर्ता-गवाह को घंटों पूछताछ के बाद मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। शिकायतकर्ता एक पूर्व सफाई कर्मचारी है। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि उसने 1995 से 2014 के बीच धर्मस्थल में काम किया था, और धर्मस्थल में महिलाओं व नाबालिगों सहित कई लोगों के शवों को दफनाने के लिए मजबूर किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि कुछ शवों से यौन उत्पीड़न के संकेत मिले थे। उन्होंने इस संबंध में मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी दिया है।

## यमुना के बढ़े जलस्तर के कारण मयूर विहार में राहत कार्य शुरु

नई दिल्ली, (ईएमएस)। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण दिल्ली के मयूर विहार फेज 1 में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 100 बाढ़ राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। इन शिविरों का उद्देश्य प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता, भोजन और चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना है। जिला प्रशासन ने लोगों के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएँ की हैं। प्रभावित क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट लगाई गई हैं। इन कैंपों में रोजाना मेडिकल जाँच और इलाज की व्यवस्था है। डॉ. आसिफ खान के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम लगातार काम कर रही है। यह टीम सामान्य बीमारियों का इलाज कैंप में ही करती है। गंभीर स्थिति वाले मरीजों को तुरंत एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा जाता है ताकि उन्हें बेहतर इलाज मिल सके। जरूरतमंदों के लिए खाने-पीने का भी इंतजाम किया गया है। ये राहत कैंप मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर स्थापित किए गए हैं। जिला प्रशासन और चिकित्सा दल मिलकर बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## पाकिस्तान से क्रिकेट मैच, सैनिकों के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अपमान

### संजय राउत ने पीएम मोदी को खत लिखकर किया विरोध

नई दिल्ली, (ईएमएस)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का हवाला देकर भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप क्रिकेट मैच पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। राउत ने लिखा कि आतंकी हमले में मारे गए भारतीयों का खून अभी सूखा नहीं है और उनके परिवारों के आंसू अभी थमे नहीं हैं, इसके बाद भी पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना अमानवीय और असंवेदनशील कदम होगा। राउत ने पत्र में कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैचों को हरी झंडी देने की खबर भारतवासियों के लिए बेहद दुखद है। जाहिर है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय की मंजूरी के बिना यह संभव नहीं होता। मैं आपके समक्ष देशभक्त नागरिकों की भावनाएं व्यक्त कर रहा हूं। राउत ने कहा कि आप कहते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। अगर पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष जारी है, तब हम क्रिकेट कैसे खेल सकते हैं? क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने दबाव डाला है कि अगर हम पाकिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलते हैं तब कारोबार बंद कर दिया जाएगा। आपने कहा था कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। अब, क्या खून और क्रिकेट साथ-साथ बहेंगे? पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में बड़े पैमाने पर सट्टेबाजी और ऑनलाइन जुआ खेला जाता है, जिसमें कथित तौर पर कई भाजपा सदस्य शामिल हैं। गुजरात के एक प्रमुख व्यक्ति, जय शाह, वर्तमान में क्रिकेट मामलों की कमान संभाल रहे हैं। क्या इसमें भाजपा को कोई खास वित्तीय लाभ होता है? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना न केवल हमारे सैनिकों के शौर्य का अपमान है, बल्कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित कश्मीर के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले प्रत्येक शहीद का भी अपमान है।

## गाजा पीड़ित के नाम पर चंदा वसूली, सीरियाई गिरोह का अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने किया पर्दाफाश

अहमदाबाद (ईएमएस)। शहर में क्राइम ब्रांच ने एक सीरियाई गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 23 वर्षीय युवक को मस्जिदों में जाकर खुद को गाजा का पीड़ित बताकर पैसे वसूलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि गाजा का एक गिरोह विभिन्न मस्जिदों में जाकर स्वयं को गाजा का पीड़ित बताकर बड़ी मात्रा में धन एकत्र कर रहा है। इसी सिलसिले में एक गिरोह की तलाश में क्राइम ब्रांच को अली मेधात अलजहीर नाम का एक व्यक्ति मिला। उसकी गतिविधियाँ संदिग्ध लगीं और पूछताछ करने पर पता चला कि वह सीरिया के दमिश्क का रहने वाला है। वह फिलहाल अहमदाबाद के एलिसब्रिज स्थित रीगल रेजीडेंसी होटल में ठहरा हुआ था। पूछताछ में पता चला कि यह व्यक्ति पर्यटक वीजा पर भारत आया है और भारत के अलग अलग राज्यों के विभिन्न शहरों में जा चुका है। वह फिलहाल अहमदाबाद में गाजा का नागरिक होने का झूठा दावा करके मस्जिदों में जाकर पैसे इकट्ठा कर रहा है। पूछताछ में यह भी पता चला कि वह इस मस्जिदों से मिली रकम का इस्तेमाल विलासितापूर्ण जीवन जीने में करता था। वह व्यक्ति केवल अरबी भाषा जानने का दिखावा करता था और उसके सीने पर चोटों के निशान थे, जो युद्ध में लगे बताए जाते हैं। क्राइम ब्रांच द्वारा पूछताछ के दौरान उसने बताया कि भारत में उसके जैसे अन्य लोग भी हैं तथा जो लोग मुझे पूछताछ के लिए अपराध शाखा के पास लाए थे, वे भूमिगत हो गए हैं। इस व्यक्ति से विभिन्न राज्य और केंद्रीय एजेंसियाँ, अपराध शाखा द्वारा पूछताछ की जा चुकी है। उसकी गतिविधियों को देखते हुए, उसे तत्काल हिरासत में लेने, निर्वासित करने और काली सूची में डालने की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि सूत्रों से पता चला है कि कुल 6 लोग पर्यटक वीजा पर दमिश्क से अबू धाबी और वहां से 22 जुलाई को कोलकाता और वहां से 1 अगस्त को अहमदाबाद आए थे।

# ईडी के छापे में कांग्रेस नेता गिरफ्तार, घर में मिले थे नगद 12 करोड़ व 6 करोड़ का सोना

बेंगलुरु, (ईएमएस)। ऑनलाइन गेमिंग बिल संसद में पास होने के सिर्फ एक दिन बाद ही ईडी ने कर्नाटक कांग्रेस नेता के सी वीरेंद्र के घर से 12 करोड़ रुपए नगद बरामद किए हैं। कैश के अलावा 6 करोड़ रुपए की ज्वेलरी भी ईडी ने जब्त की है। ईडी ने चितदुर्गा जिले से कांग्रेस विधायक के सी वीरेंद्र और अन्य लोगों के खिलाफ ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी के मामले का केस दर्ज किया था। गिरफ्तारी भी हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में वीरेंद्र अपने साथियों के साथ गंगटोक गए थे, जहां वह एक लैंड कैसिनो लीज पर लेने वाले थे। इसी दौरान ईडी ने उन्हें गंगटोक से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उन्हें स्थानीय कोर्ट में पेश कर ईडी ने बेंगलुरु कोर्ट ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल कर ली है। ईडी ने देशभर में 31 जगहों पर छापेमारी की, जिनमें गंगटोक, चितदुर्गा जिला, बेंगलुरु,



हुबली, जोधपुर, मुंबई और गोवा शामिल हैं। गोवा में पांच कैसिनो- पप्पी'स कैसिनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसिनो, पप्पी'स कैसिनो प्राइड, ओशन 7 कैसिनो और बिग डैडी कैसिनो-पर भी कार्रवाई की गई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी कई ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट्स चला रहा था, जिनके नाम किंग567, राजा567 आदि हैं। इसके अलावा आरोपी का भाई के सी थिप्पेस्वामी दुबई से तीन कंपनियां- डायमंड सॉफ्टटेक, टीआरएस टेक्नोलॉजीज और प्राइम9 टेक्नोलॉजीज-चलाता है। ये कंपनियां कॉल सेंटर सेवाओं और गेमिंग बिजनेस से जुड़ी हुई हैं। वहीं एक और भाई केसी नागराज और उसका बेटा पृथ्वी एन राज भी इस काम में शामिल बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक छापेमारी में ईडी को करीब 12 करोड़ रुपए नकद, जिसमें 1 करोड़ रुपए विदेशी मुद्रा भी शामिल है, करीबि 6 करोड़ रुपए का सोना, 10 किलो चांदी और चार लग्जरी गाड़ियां मिली हैं। इसके अलावा 17 बैंक खाते और 2 लॉकर भी फ्रीज कर दिए गए हैं। ईडी को छापों के दौरान कई अहम दस्तावेज और सबूत भी मिले हैं, जिनसे यह साफ हुआ है कि अवैध कमाई को अलग-अलग लेयरिंग के जरिए सफेद दिखाने की कोशिश की जा रही थी। बता दें एक दिन पहले ही ईडी ने केसी वीरेंद्र, उनके भाई और कई अन्य लोगों के खिलाफ अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी में शामिल होने के आरोप में धन शोधन के एक मामले में छह राज्यों में 30 ठिकानों पर छापे मारे थे। ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने चित्रदुर्ग (6), बेंगलुरु (10), जोधपुर (3), हुबली (1), मुंबई (2) और गोवा (8) में फैले 30 ठिकानों की तलाशी ली, जिनमें पांच प्रमुख कैसीनो -पप्पीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पप्पीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि चित्रदुर्ग विधायक वीरेंद्र और उनके सहयोगी किंग567, राजा567, पप्पीज003 और रत्ना गेमिंग जैसे नामों से कई अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट चला रहे थे।

# बेस्ट क्रेडिट चुनाव में हार के बाद क्या टूट सकता है ठाकरे ब्रदर्स का गठबंधन?

### राज ठाकरे सीएम फडणवीस तो बेटे अमित ने की मंत्री से मुलाकात, अटकलें तेज

मुंबई, (ईएमएस)। महाराष्ट्र की सियासत में हलचल नजर आ रही है लगता है कुछ होने वाला है। 20 साल बाद साथ आए ठाकरे ब्रदर्स की फिर अलग होने की चर्चाएं गरम हैं। चर्चा है कि बेस्ट क्रेडिट चुनाव में बुरी हार के बाद ठाकरे ब्रदर्स का गठबंधन टूट सकता है। इसकी अटकलें तब तेज हुई हैं जब हार के तुरंत बाद मनसे चीफ राज ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। अब राज ठाकरे के बेटे और महाराष्ट्र नवनिर्माण विद्यार्थी सेना के अध्यक्ष अमित ठाकरे ने संस्कृति मंत्री आशीष सेलार से मिले। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज ठाकरे की तरह ही अमित ठाकरे ने इस मुलाकात के बाद स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने राज ठाकरे की तरह इस मुलाकात का विषय दूसरा बताया, लेकिन मुलाकात के दौर से राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनावों में ठाकरे ब्रादर्स की करारी हार के बाद राज ठाकरे का देवेंद्र फडणवीस से मिलना और उनके बेटे अमित की आशीष शेलार से मुलाकात यूं ही नहीं है। अमित ठाकरे ने अपने बयान में कहा कि हमारे पहले से ही पुराने रिश्ते हैं, इसलिए दोनों के बीच सिर्फ निजी बातचीत हुई, कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है। राज ठाकरे ने यह भी कहा कि जो आलोचनाएं की जा रही हैं, वे सिर्फ राजनीतिक हैं, कोई व्यक्तिगत आलोचना नहीं हैं। राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे ने कहा कि गणेशोत्सव 27 तारीख से शुरू हो रहा है। इस साल उत्सव को राज्य उत्सव का दर्जा दिया गया है। फिर भी अगर कुछ स्कूल-कॉलेज परीक्षाएं आयोजित कर रहे हैं, तो हमने उन्हें रद्द करने की मांग की है। अमित ठाकरे ने कहा कि अलग-अलग मंत्रियों के पास जाने के बजाय वह स्वयं संस्कृति मंत्री आशीष सेलार से मिलने गए। अगर उन्होंने यह पहल की है तो उन्हें हमारी मांग पर विचार करते हुए इस पर आगे बढ़ना चाहिए। क्या शिवसेना-यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे को गणेश उत्सव के लिए आमंत्रित किया है? इस सवाल पर अमित ठाकरे ने कहा कि यह सरप्राइज रहेगा। मुंबई में जलभराव और सड़कों पर गड्ढों के मामले को लेकर अमित ने कहा कि इसका एक ही जवाब है। राज ठाकरे साहब को सत्ता दो और देखो फिर क्या बदलाव होता है। इस दौरान अमित ने नासिक का उदाहरण मीडिया के सामने दिया। बता दें इससे पहले राज ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। मनसे प्रमुख ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि उन्होंने नगर नियोजन और ट्रैफिक जाम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए यह मुलाकात की।

## 122 करोड़ का बैंक घोटाला: पति-पत्नी के खिलाफ जारी होगा रेड कॉर्नर नोटिस

### ईओडब्ल्यू पूर्व महाप्रबंधक व पूर्व सीईओ समेत 8 लोगों को कर चुकी है गिरफ्तार

मुंबई, (ईएमएस)। 122 करोड़ रुपए के घोटाला मामले में न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन हिरेन भानु, उनकी पत्नी और बैंक की कार्यवाहक उपाध्यक्ष गौरी भानु के खिलाफ मुंबई पुलिस रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है। मुंबई की एस्प्लेनेड कोर्ट दोनों के खिलाफ घोषित अपराधी का नोटिस जारी कर चुकी है। इसके बाद मुंबई पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई पुलिस ने कहा कि ईओडब्ल्यू ने हिरेन भानु और उनकी पत्नी गौरी भानु के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल करने के बाद दूसरी बार गैर-जमानती वारंट जारी किया था, क्योंकि घोटाले के उजागर होने से पहले ही दोनों आरोपी विदेश भाग गए थे। मुंबई पुलिस का कहना है कि अब कोर्ट की ओर से घोषित अपराधी नोटिस जारी होने के बाद ईओडब्ल्यू रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध करने की तैयारी कर रही है। इंटरपोल की मदद से यह प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसमें करीब एक महीने का समय लग सकता है। मुंबई के एस्प्लेनेड कोर्ट ने अप्रैल में हिरेन भानु और उनकी पत्नी गौरी भानु को 122 करोड़ रुपए के गबन मामले में भगोड़ा घोषित किया है। इसी समय अदालत ने पुलिस को मामले में पांच आरोपियों की 167.85 करोड़ रुपए कीमत की 21 संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति दी थी। मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू इस मामले में बैंक के पूर्व महाप्रबंधक हितेश मेहता और पूर्व सीईओ अभिमन्यु भोन समेत 8 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# तीन राज्यों में घटनाएं अलग-अलग लेकिन खौफ एक जैसा कुत्तों का आतंक

### यूपी में युवती का चेहरा नोंच, मप्र में बच्ची पर हमला, महाराष्ट्र में युवक घायल

नई दिल्ली, (ईएमएस)। सड़क पर निकलो तो आवारा कुत्तों का खौफ आपका पीछा करता है। देश के कई शहरों में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। तीन अलग-अलग राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और यूपी से सामने आए खौफनाक वीडियो से लोगों की रूह कंपा गई। कानपुर में एक बीबीए छात्रा के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े हैं, मध्यप्रदेश के खरगोन में 10 साल की मासूम पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया और पुणे में एक युवक पर कुत्तों ने अटैक कर दिया। इन हमलों से लोगों में डर है। कानपुर में लड़की का चेहरा बिगड़ा, खरगोन में बच्ची की जान जाते-जाते बची और पुणे में युवक लहूलुहान हो गया। सवाल यह है कि इसका ठोस समाधान क्या है? 20 अगस्त की दोपहर...कानपुर की 21 साल की वैष्णवी साहू, बीबीए फाइनल ईयर की छात्रा, रोज की तरह कॉलेज से घर जा रही थी। घर से कुछ ही कदम दूर पार्क के पास अचानक तीन आवारा कुत्ते उस पर झपटे। कुछ ही सेकंड में कुत्तों ने उसे सड़क पर गिरा दिया। उसके गाल का मांस नोचकर दो हिस्सों में कर दिया। नाक पर गहरी चोट और पूरे शरीर पर काटने के निशान...लड़की की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह कुत्तों को भगाकर छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों को उसके चेहरे पर 17 टांके लगाए। अब वैष्णवी न तो ठीक से खा पा रही है और न बोल पा रही है। उसका परिवार आज भी दहशत में है और प्रशासन से गुहार लगा रहा है कि कुछ कीजिए, वरना कल किसी और के साथ ऐसा हो सकता है। वहीं मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के करही नगर परिषद का इलाका में शाम करीब 4:30 बजे 10 साल की मासूम बच्ची कुछ सामान लेकर लौट रही थी। तभी एक कुत्ता उसके पीछे लपका। डर के मारे बच्ची दौड़ी, लेकिन पैर फिसल गया और वह पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। एक के बाद एक कई कुत्ते उस पर टूट पड़े। बच्ची चीखती रही, हाथ-पांव मारती रही, तभी पास से गुजर रहे दो राहगीरों ने पत्थर मारकर कुत्तों को खदेड़ा।

# अगर 20 साल पुराना वाहन है तो रजिस्ट्रेशन रिन्यू फीस भरनी होगी दोगुनी

### 15 साल से ज्यादा और 20 साल से कम, तो चिंता करने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, (ईएमएस)। आपकी गाड़ी 20 साल से ज्यादा पुरानी है, तो अब आपको रजिस्ट्रेशन रिन्यू कराने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। सरकार ने रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल फीस को डबल कर दिया है। नए नियम के मुताबिक 20 साल से ज्यादा पुरानी बाइक का रजिस्ट्रेशन रिन्यू कराने में अब 2,000 रुपए लगेंगे। वहीं कार के रजिस्ट्रेशन रिन्यू के लिए 10,000 रुपए देने होंगे। ये नियम उन लोगों के लिए झटका है जो अपनी पुरानी गाड़ियों से भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं। अगर गाड़ी 15 साल से ज्यादा पुरानी है, लेकिन 20 साल से कम, तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपके लिए रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल की फीस पुरानी ही लगेगी। सरकार ने ये कदम बीएस-2 एमिशन नॉर्म्स से पहले बनी गाड़ियों को कम करने के लिए उठाया है। बीएस-2 एक तरह का प्रदूषण नियंत्रण मानक है। पुरानी गाड़ियां ज्यादा प्रदूषण करती हैं, इसलिए सरकार उन्हें सड़क से हटाना चाहती है। सड़क परिवहन मंत्रालय ने फरवरी में एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया था। इसमें 15 साल से ज्यादा पुराने कमर्शियल मीडियम और हैवी व्हीकल्स के लिए ज्यादा रिन्यूअल फीस का प्रस्ताव रखा था। यह फीस 12,000 रुपए और 18,000 रुपए थी, लेकिन ट्रांसपोर्ट संगठनों ने इसका विरोध किया। मंत्रालय ने 20 साल से ज्यादा पुराने कमर्शियल मीडियम और हैवी व्हीकल्स के रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल फीस को भी डबल करने का प्रस्ताव रखा था। यह फीस 24,000 रुपए और 36,000 रुपए होनी थी। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस प्रस्ताव को अभी रोक दिया गया है। सरकार इस पर बाद में फैसला लेगी। ये बदलाव सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद आया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर में 15 साल से ज्यादा पुरानी पेट्रोल गाड़ियों और 10 साल से ज्यादा पुरानी डीजल गाड़ियों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। उधर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें 20 फीसदी इथेनॉल-ब्लेंडेड पेट्रोल के देशव्यापी रोलआउट को चुनौती दी गई है।

# पीएम मोदी गुजरात में राजस्व, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स विभाग के 1218 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की भेंट देंगे


अहमदाबाद (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 अगस्त को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे और इस दौरान वे उत्तर गुजरात में करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वे अहमदाबाद, मेहसाणा और गांधीनगर में ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल्स विभाग की 1122 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इनमें उत्तर गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (यूजीवीसीएल) और गुजरात एनर्जी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जीईटीसीओ-गेटको) के अंतर्गत अहमदाबाद, मेहसाणा और गांधीनगर जिलों में पांच मुख्य विद्युत वितरण परियोजनाएं शामिल हैं। इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं से 4.25 लाख उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इसके अलावा, वे 96 करोड़ रुपए के खर्च से आकार लेने वाले राजस्व विभाग के दो अत्याधुनिक भवनों का शिलान्यास करेंगे।

### अहमदाबाद : विद्युत वितरण के लिए 608 करोड़ रुपए के खर्च से भूमिगत सिस्टम तैयार

प्रधानमंत्री उत्तर गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (यूजीवीसीएल) की जिन परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, उसे भारत सरकार रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) और नॉर्मल डेवलपमेंट (एनडी) स्कीम के हिस्से के रूप में क्रियान्वित किया गया है। अहमदाबाद में 608 करोड़ रुपए की लागत से ओवरहेड बिजली के समग्र ढांचे को भूमिगत किया गया है, जिससे 2,00,593 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इस परियोजना का लोकार्पण प्रधानमंत्री के करकमलों द्वारा होगा। भूमिगत सिस्टम से सुरक्षा और विश्वसनीयता तो बढ़ेगी ही, साथ ही लो-वोल्टेज से संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायतों में भी कमी आएगी और ट्रांसफार्मर पर भार भी कम होगा।

### मेहसाणा : भूमिगत विद्युत वितरण नेटवर्क से 1.36 लाख उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

मेहसाणा में 221 करोड़ रुपए के खर्च से ओवरहेड बिजली के ढांचे को भूमिगत किया गया है। इस परियोजना का लोकार्पण सेवा की



गुणवत्ता, सार्वजनिक सुरक्षा और प्रतिकूल मौसम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। इस परियोजना से 1,36,072 उपभोक्ताओं को लाभ होगा। गांधीनगर शहर में 178 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत वितरण के भूमिगत सिस्टम की परियोजना तैयार हुई है, जिसका लाभ 86,014 उपभोक्ताओं को होगा। इस परियोजना का उद्देश्य 2024-25 तक विद्युत की हानि को 12 से 15 फीसदी के राष्ट्रीय बेंचमार्क तक कम करना, आपूर्ति खर्च और राजस्व के बीच के अंतर को दूर करना और वित्तीय रूप से टिकाऊ और कुशल विद्युत वितरण प्रणाली बनाना है।

### उत्तर गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं से कुल 4,25,000 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

अहमदाबाद में दो हाई-कैपेसिटी वाले सबस्टेशन शहर में विद्युत आपूर्ति को मजबूती देंगे। 75 करोड़ रुपए के खर्च से बना 66 केवी गोता सबस्टेशन (60 एमवीए, 3 x 20 एमवीए ट्रांसफार्मर) 1634 उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति करेगा, जबकि 39 करोड़ रुपए के खर्च से बना 66 केवी चांदखेड़ा- II सबस्टेशन (60 एमवीए, 3 x 20 एमवीए ट्रांसफार्मर) 1149 उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करेगा। इसके अलावा, नए कनेक्शन प्रदान करने और शहरी विद्युत आपूर्ति को और अधिक स्थिर बनाने में भी मदद मिलेगी। उत्तर गुजरात में इन परियोजनाओं से कुल मिलाकर 4,25,000 उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

### 96 करोड़ रुपए के खर्च से बनने वाले राजस्व विभाग के दो अत्याधुनिक भवनों का शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 96 करोड़ रुपए के खर्च से आकार लेने वाले राजस्व विभाग के दो अत्याधुनिक भवनों का शिलान्यास भी करेंगे। गांधीनगर में 62 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से छह मंजिला राज्य स्तरीय लैंड डेटा रिसोर्स सेंटर बनेगा, जहां कॉम्पैक्टर्स, संग्रहालय और कॉन्फ्रेंस हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह सेंटर भूमि और राजस्व से संबंधित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड्स को संग्रहित करने का एक सुरक्षित राज्य-स्तरीय केंद्र होगा। यहां राजस्व विभाग की प्रतिलिपियां विश्वसनीय बैकअप के रूप में रखी जाएंगी और राजस्व एवं सर्वेक्षण विभागों की संवेदनशील जानकारियों को भविष्य में उपयोग के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। प्रधानमंत्री अहमदाबाद (पश्चिम) में 34 करोड़ रुपए की लागत से आकार लेने वाले स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन भवन का शिलान्यास भी करेंगे। यह भवन राजस्व से जुड़ी सभी सेवाओं को केंद्रीकृत करेगा, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान से स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन विभाग तक पहुंच प्राप्त होगी। इस बहुमंजिला भवन में एडिशनल इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन (अहमदाबाद जोन), असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन (अहमदाबाद जिला) और उप कलेक्टर, स्टाम्प-1 और स्टाम्प-2 तथा जिले के सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों के रजिस्ट्रेशन से संबद्ध रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस भवन को बनने में 17 महीने का समय लगेगा। गुजरात में ऊर्जा एवं राजस्व विभाग की ये मुख्य परियोजनाएं विद्युत वितरण और राजस्व सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगी।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### जांच होगी तो पूरी कैबिनेट जेल में होगी

उत्तराखंड की राजनीति में हाल ही में पूर्व वन मंत्री हरक सिंह के बयान ने, राजनीतिक हल्कों, उत्तराखंड की राजनीति और ईडी के अधिकारियों को झकझोर दिया है। पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने भारतीय जनता पार्टी पर और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होने स्वयं को भी दोषी ठहराते हुए कहा,खनन माफियाओं से मिली चंदे की रकम से भाजपा में करोड़ों की एफडी बनी है। रावत के शब्दों में,"ईडी ईमानदारी से जांच करे, तो पूरी भाजपा कैबिनेट जेल में होगी। सवाल यह है कि इतना बड़ा दावा करने के बाद भी प्रवर्तन निदेशालय की ओर से कोई जांच क्यों शुरू नहीं की है। यह पहला मौका नहीं है, जब किसी पूर्व मंत्री या नेता ने भ्रष्टाचार के ऐसे गंभीर आरोप लगाए हों। भारतीय राजनीति का यह एक कड़वा सच बन चुका है, सत्ता में रहते हुए नेता चुप रहते हैं, कुर्सी से हटने के बाद इस तरह के आरोप लगाते हैं। हरक सिंह रावत का मामला दूसरा है। उनके खिलाफ ईडी जांच कर रहा है। इनके मेडीकल कॉलेज और भ्रष्टाचार के मामलों की जाँच ईडी कर रही है। ऐसी स्थिति में उनके बयान के आधार पर जांच करना ईडी के लिए जरूरी हो जाता है। दिल्ली शराब घोटाले में ईडी ने बयान के आधार पर ही जांच कर, आरोपियों को जेल भेजा था। हरक सिंह रावत स्वयं कई मामलों में जांच के घेरे में हैं। उनका यह बयान हल्के में नहीं लिया जा सकता है। रावत का बयान सीधे तौर पर सत्तारूढ़ दल की कार्यप्रणाली और वित्तीय पारदर्शिता, चंदा लेकर ठेके देने और सरकार के कामकाज पर सवाल खड़ा करता है। इस मामले में ईडी की चुप्पी सबसे बड़ा सवाल खड़ा करती है। किसी विपक्षी दल के नेता पर ऐसे आरोप लगते है, तो तुरन्त छापेमारी, गिरफ्तारी और पूछताछ की खबरें सामने आ जाती हैं। जब आरोप सत्ता से पक्ष से जुड़े हों, तो एजेंसी की निष्क्रियता से जनता के मन में जांच एजेंसी की निष्पक्षता और पारिदर्शिता को लेकर शंका पैदा होने लगी है। लोकतंत्र में जांच एजेंसियों की भूमिका, निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। अन्यथा कोई उन पर भविष्य में कोई भरोसा नहीं करेगा। जाँच एजेंसियां राजनेताओं और राजनीति के बोझ तले दबकर अपनी प्रामाणिकता खो देंगी, वर्तमान में यही होते हुए दिख रहा है। यह सही है कि हरक सिंह रावत दूध के धुले नहीं हैं। इसका अर्थ यह भी नहीं है, उनके आरोपों को नजरअंदाज कर दिया जाए। ईडी जब उनकी संपत्ति की जांच कर रही है। यदि वह दोषी हैं ,तो उन्हें भी सज़ा मिलनी जो आरोप और सबूत उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ दिये हैं। उनकी भी जांच होनी चाहिए, जांच में आरोप सच साबित होते हैं। तो जांच एजेंसियों को कार्यवाही भी करनी चाहिए। तभी जाकर जाँच एजेंसी, लोकतंत्र और शासन की विश्वसनीयता बढेगी। अन्यथा जांच एजेंसी और सरकार पर आम जनता का विश्वास कम होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था जाँच एजेंसी की इस भूमिका से गहरा आघात होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का यह अधिकार है, उसे सच का पता चले। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का राज हो। चाहे वह पूर्व मंत्री हो, या वर्तमान मुख्यमंत्री, मंत्री, शासन एवं प्रशासन पर बैठा हुआ अधिकारी हो, न्याय पालिका के जज हों। संवैधानिक संस्थाओं में उच्च पदों पर बैठे हुए लोग हों, अथवा सामान्य नागरिक हो। संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून सबके लिए समान है। सभी के बीच में समानता के साथ कार्यवाही होनी चाहिए। जांच एजेंसियां निष्पक्ष होकर कार्रवाई करें, अपने अधिकार और कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करें सरकार और अन्य किसी दबाव में नहीं आएं, तो दूध का दूध और पानी का पानी होने में देर नहीं लगेगी। हरक सिंह रावत का यह सार्वजनिक बयान महज एक राजनीतिक आरोप मानकर झुठला दिया जाएगा? पिछले कुछ वर्षों से जांच एजेंसी के ऊपर इसी तरह के आरोप और अविश्वास समय-समय पर देखने को मिलता है। जांच एजेंसी के बारे में सुप्रीम कोर्ट भी कभी तोता कभी बिल्ली और न जाने क्या-क्या कहा जाने लगा है। जो सरकार में बैठा होता है, वह जांच एजेंसियों का उपयोग अपने मनमाने ढंग से करना चाहता है। जांच एजेंसियों के जो अधिकारी हैं। वह सरकार के दबाव में काम करते हुए नजर आते हैं। कोर्ट में यह प्रमाणित होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर यदि कोई कार्यवाही नहीं होती है। न्यायालय उन्हें दंडित नहीं करता है। इसमें न्यायपालिका की भूमिका न्याय के सिद्धांत में अपने कर्तव्यों का पालन उस तरह से नहीं करती है: जैसे उसे करना चाहिए। जब तक दोषी गैर जिम्मेदार और लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों को न्यायपालिका दंडित नहीं करेगी। तब तक यही खेल चलता रहेगा। सरकार के मुख्य पदों पर बैठे हुए लोग इसी तरह से कानून के राज को अंगूठा दिखाते रहेंगे। विपक्षी इसी तरह से प्रताड़ित होते रहेंगे। बहुमत का आधार सत्ता में बने रहने को मान लिया गया है। भ्रष्ट लोगों को भी सत्ता बनाए रखने के लिए सत्ता में शामिल कर लिया जाता है। इसमें नैतिकता और अनैतिकता का कोई मतलब नहीं है। ऐसी स्थिति में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण लगेगा? भ्रष्टाचार खत्म करने के सपने जरूर देखे जा सकते हैं। वास्तविक रूप से धरातल में देखने को नहीं मिलेंगे। समरथ को नहीं दोष गुसाईं जब तक सत्ता की ताकत है। तब तक उन पर कोई कार्यवाही नहीं होगी। राजनेताओं, अधिकारियों, न्यायपालिका के जजों में आपस की संगामित्ती देखने को मिल रही है। जिसके कारण इसी तरह से आम आदमी के हितों पर कुठराघात होता रहेगा? इसे एक तरह से लोकतंत्र के जरिए राजतंत्र स्थापित किए जाने के मार्ग के रूप में भी देखा जा सकता है। वर्तमान संदर्भ में यही कहा जा सकता है।

## मोहन के नेतृत्व में अब देश की माइनिंग कैपिटल बनेगा एमपी

**हर्षवर्धन पान्डे**

देश का हृदय स्थल एमपी अपनी समृद्ध खनिज संपदा और निवेश-अनुकूल नीतियों के चलते अब खनन क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने खनिज नीलामी और खनन क्षेत्र में सतत विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। एमपी माइनिंग क्षेत्र में न केवल आर्थिक प्रगति का केंद्र बन रहा है, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मध्यप्रदेश ने खनिज ब्लॉकों की नीलामी में देश में शीर्ष स्थान हासिल किया है। पारदर्शी नीलामी, पर्यावरण-अनुकूल खनन और स्थानीय समुदायों की भागीदारी जैसे सुधारों से निवेशकों का विश्वास मध्यप्रदेश की ओर तेजी से बढ़ा है। 17-18 अक्टूबर 2024 को भोपाल में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मध्यप्रदेश को प्राप्त हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य ने 29 खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी की जिसके लिए भारत सरकार ने वर्ष 2022 और 2025 में खनन मंत्रियों के सम्मेलन में मध्यप्रदेश को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया। यही नहीं हाल ही में मध्यप्रदेश ने क्रिटिकल मिनरल्स की नीलामी शुरू कर केंद्र सरकार की नीति को लागू करने वाला पहला राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया। अब तक मध्यप्रदेश ने कुल 103 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की है जिससे भविष्य में 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। इसी तरह से सिंगरौली और कटनी जिलों में कुल पाँच स्वर्ण ब्लॉकों की नीलामी की जा चुकी है जिनमें 7.87 मिलियन टन अयस्क भंडार मौजूद है। जबलपुर के सिहोरा और कटनी के स्लीमनाबाद क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर सोने की उपलब्धता है।

मध्यप्रदेश में खनिज संसाधनों का बेशुमार खजाना मौजूद है। यह देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ हीरे का उत्पादन होता है। विशेष रूप से पन्ना जिले की मझगवां खदान से प्रतिवर्ष एक लाख कैरेट हीरे का उत्पादन होता है। इसके अलावा छतरपुर के बंदर हीरा ब्लॉक में 34.2 मिलियन कैरेट हीरे का अनुमानित भंडार मौजूद है। मध्यप्रदेश तांबे के उत्पादन में भी अग्रणी है जहाँ मलाजखंड तांबा खदान को देश की सबसे बड़ी तांबा खदान होने का गौरव प्राप्त है और देश के कुल तांबा भंडार का 70% हिस्सा यहीं से आता है। मध्यप्रदेश अनेक बेशकीमती खनिजों का प्रचुर भंडार है। देश के कुल उत्पादन का 30 फीसदी मैंगनीज अकेला मध्यप्रदेश में पाया जाता है। मध्यप्रदेश कॉपर, मैंगनीज और हीरा प्रोडक्शन में पहले स्थान पर है। लाइमस्टोन के उत्पादन में मध्यप्रदेश तीसरे तो कोयला उत्पादन में प्रदेश चौथे स्थान पर है। रॉक फॉस्फेट के भंडार मध्य प्रदेश के कई जिलों में प्रचुर मात्रा में आज मौजूद हैं। बुंदेलखंड में हीरे से लेकर सोना तो महाकौशल में आयरन से लेकर मैंगनीज तक के भंडार हैं। सतना, रीवा और सीधी में लाइमस्टोन, बॉक्साइट, ग्रेफाइट, गोल्ड और ग्रेनाइट का विशाल भंडार है। सिंगरौली में कोयला, गोल्ड और आयरन का भंडार है। पन्ना में सबसे ज्यादा हीरे की खनन होती है।

# मोदी का मिशन बिहार, मगध से मुंगेर तक सियासी जड़ें जमाने में जुटी भाजपा

**कुमार कृष्णन**



चुनावी माहौल शुरू होने से पहले ही बिहार में बहार आ गई है। पिछले कुछ महीनों से बिहार के लिए केंद्र सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। इसी क्रम में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बिहार पहुंचे , जहां उन्होंने 12,992 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें गंगा पर बना 6 लेन वाला पुल भी शामिल है। इसके अलावा वैशाली से कोडरमा के बीच का बुद्ध सर्किट ट्रेन की शुरुआत भी हुई। प्रधानमंत्री के निशाने पर बिपक्ष रहा, वहीं डेमोग्राफी मिशन को लेकर भी अपना इरादा स्पष्ट किया। बिहार चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा महत्वपूर्ण है। वोध गया से बेगूसराय तक विकास की सौगात देकर मगध से मुंगेर तक साधने की कोशिश की।

बिहार में बीजेपी का सबसे कमजोर गढ़ मगध का क्षेत्र माना जाता है, जिस पर अपनी मजबूत पकड़ को बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश में जुटी है। इस इलाके में भाजपा सियासी जुड़े जमाने के लिए जीतन राम मांझी, उपेन्द्र कुशवाहा और चिराग पासबान से हाथ मिलाकर रखा है। नवादा, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल में महागठबंधन का ही पलड़ा भारी था। इस क्षेत्र की 20 सीट पर महागठबंधन ने जीत दर्ज की थी, जबकि 6 सीट पर ही राजग को ही कामयावी मिली थी। मगध और मुंगेर प्रमंडल में महागठबंधन कि दबदबा रहा है। इसे तोड़ने प्रधानमंत्री का दौरा कितना कारगर होगा, यह तो वक्त ही बताएगा।

प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास हुआ है। इनमें ऊर्जा, स्वास्थ्य और शहरी विकास के जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। इनसे बिहार के उद्योगों को ताकत मिलेगी, और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे।बिहार में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आज यहां अस्पताल और रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी हुआ है। अब बिहार के लोगों को कैंसर के इलाज के लिए एक और सुविधा मिल गई है। गरीब के जीवन से मुश्किलें दूर करना, महिलाओं के जीवन को आसान बनाना सरकार का लक्ष्य है। जनता-जनार्दन का सेवक बनकर यही काम करने में सबसे ज्यादा खुशहाली होती है।

सरकार की प्रतिवद्वता दुहराते हुए कहा कि—मेरा एक बड़ा संकल्प है। जब तक हर जरूरतमंद को पक्का घर नहीं मिल जाता, मोदी चैन से नहीं बैठेगा। इसी सोच के साथ पिछले 11 साल में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर बनाकर दे दिए गए हैं। अकेले हमारे बिहार में 38 लाख से अधिक आवास बनाए गए। गया जिले में भी 2 लाख से अधिक परिवारों को अपना पक्का घर मिला है। और हमने सिर्फ घर यानी 4 दीवारें नहीं दी, बल्कि इन घरों के साथ गरीब को उसका स्वाभिमान दिया है। इन घरों में बिजली, पानी, शौचालय और गैस कनेक्शन की सुविधाएं दी हैं। यानी, गरीब परिवारों को भी सुविधा, सुरक्षा और सम्मान से जीने की गारंटी मिली है।

उन्होंने कहा कि आज इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, बिहार के मगध क्षेत्र के 16 हजार से ज्यादा परिवारों को अपना पक्का घर दिया है। यानि इस बार इन परिवारों में दीवाली और छठ पूजा की रौनक और ज्यादा होगी। उन्होंने अपना घर पाने वाले सभी लाभार्थी परिवारों को बहुत-बहुत बधाई दी और कह कि जो लोग अब भी पीएम आवास योजना के लाभ से छूट गए हैं, मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं, कि पीएम आवास का अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक हर गरीब को अपना पक्का घर नहीं मिल जाता। बिहार चन्द्रगुप्त मौर्य और चाणक्य की धरती है। जब-जब किसी दुश्मन ने भारत को चुनौती दी है, बिहार देश की ढाल बनकर खड़ा हुआ है। बिहार की धरती पर लिया हुआ हर संकल्प, ये धरती की ताकत है, इस धरती पर लिया गया हर संकल्प कभी खाली नहीं जाता।

उन्होंने कहा कि बिहार का तेज विकास केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। इसलिए आज बिहार चौतरफा विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। पिपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में पुरानी समस्याओं के समाधान तलाशे गए हैं, और नई प्रगति के रास्ते भी बनाए गए हैं। आप याद करिए, लालटेन राज में यहाँ कैसी दुर्दशा थी। लालटेन राज में ये क्षेत्र लाल आतंक से जकड़ा हुआ था। माओवादियों की वजह से शाम के बाद कहीं आना-जाना मुश्किल था। गयाजी जैसे शहर लालटेन राज में अंधेरे में डूबे रहते थे। हजारों गाँव ऐसे थे, जहां बिजली के खंबे तक नहीं पहुंचे थे। लालटेन वालों ने पूरे बिहार के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया था। न शिक्षा थी, न रोजगार था, बिहार की कितनी पीढ़ियों को इन लोगों ने बिहार से पलायन के लिए मजबूर कर दिया था। बिहार के लोगों को आरजेडी और उसके साथी सिर्फ अपना वोटबैंक मानते हैं, उन्हें गरीब के सुख-दुख, गरीब के मान-सम्मान से कोई मतलब नहीं है। आपको याद होगा, कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने मंच से कह दिया था कि अपने राज्य में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे। बिहार के लोगों से कांग्रेस की इतनी नफरत, बिहार के लोगों के प्रति इतनी घृणा, और कोई भूल नहीं सकता। कांग्रेस का बिहार के लोगों के प्रति जो दुर्व्यवहार देखने के बाद भी यहां आरजेडी वाले गहरी नींद में सोये पड़े थे।

बिहार की राजग सरकार, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों के इस नफरती अभियान का जवाब दे रही है। बिहार के बेटे-बेटी को यहीं पर रोजगार मिले, सम्मान की जिंदगी मिले, मां-बाप की वो देखभाल कर सके, इसी सोच के साथ हम काम कर रहे हैं। अब बिहार में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं। गयाजी जिले के डोभी में बिहार का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया तैयार हो रहा है। गयाजी में एक टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना भी की जा रही है। आज ही यहां बक्सर थर्मल पावर प्लांट का शुभारंभ भी हुआ है। कुछ ही महीने पहले मैंने औरंगाबाद में भी नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। भागलपुर के पीरपैंती में भी नया थर्मल पावर प्लांट बनेगा। इस पावर प्लांट्स से बिहार में बिजली की आपूर्ति बढ़ेगी। और आप सब जानते हैं, जब बिजली उत्पादन बढ़ता है तो क्या होता है? घरों में बिजली की सप्लाई बढ़ती है, और उद्योगों को भी ज्यादा से ज्यादा बिजली मिलती है। और इससे भी रोजगार के नए मौके बनते हैं। बिहार के युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी देने के लिए नीतीश जी ने बड़ा अभियान चलाया हुआ है। ये नीतीश जी हैं, तभी यहां शिक्षकों की भर्ती भी पूरी पारदर्शिता से हुई।

यहां के नौजवानों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में बिहार में ही रोजगार मिले, उन्हें नौकरी के लिए पलायन न करना पड़े, इसमें केंद्र सरकार की एक नई योजना से भी बहुत बड़ी मदद मिलने वाली है। अभी पिछले सप्ताह, इस 15 अगस्त से ही देशभर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना लागू हुई है। इसके तहत, हमारे युवा जब निजी क्षेत्र में पहली नौकरी करेंगे, तो केंद्र सरकार उन्हें अपने पास से 15,000 रुपये देगी। जो प्राइवेट कंपनियां युवाओं को रोजगार देंगी, उन्हें भी अलग से पैसे सरकार देगी। इस योजना का बहुत बड़ा लाभ बिहार के मेरे युवाओं को भी होगा।विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कांग्रेस हो, आरजेडी हो, इनकी सरकारों ने कभी जनता के पैसे का मोल नहीं समझा। इनके लिए जनता के पैसे का मतलब रहा है-खुद की तिजोरी भरना। इसलिए कांग्रेस-आरजेडी की सरकारों में सालों साल तक परियोजनाएं पूरी नहीं होती थीं। कोई योजना जितनी लटकती थी, उतना उसमें ये पैसे कमा लेते थे। अब इस गलत सोच को भी एनडीए सरकार ने बदल दिया है। अब शिलान्यास के बाद कोशिश होती है, जल्द से जल्द, समय सीमा में उस काम को पूरा करने के लिए सफल प्रयास किया जाए। आज का ये कार्यक्रम इसका भी एक शानदार उदाहरण है। औंटा–सिमरिया सेक्शन का शिलान्यास करने का सौभाग्य बिहार के लोगों ने मुझे दिया था। और आप लोगों की कृपा देखिए, आप लोगों का प्रेम देखिए कि जिस ब्रिज का शिलान्यास आपने मुझे करने के लिए कहा, आज उसका लोकार्पण करने का अवसर भी आपने मुझे दिया है। ये पुल सिर्फ सड़कों को नहीं, पूरे उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने का काम करेगा। जो भारी वाहन पहले गांधी सेतु से होकर 150 किलोमीटर का लंबा चक्कर काटते थे, अब सीधा रास्ता पाएंगे। इससे व्यापार तेज़ होगा, उद्योगों को ताक़त मिलेगी, और तीर्थयात्रियों का भी पहुंचना आसान होगा। विकास के जिन प्रोजेक्ट्स की नींव एनडीए सरकार में रखी जाती है, वो पूरा होकर रहेंगे, ये बात पक्की है। एनडीए की डबल इंजन सरकार यहां रेलवे के विकास के लिए भी तेजी से काम कर रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गयाजी रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाया जा रहा है। इससे गयाजी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेगी। आज गया वो शहर है जहां राजधानी, जनशताब्दी और मेड इन इंडिया वंदे भारत ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध है। गयाजी, सासाराम, प्रयागराज, कानपुर होते हुए दिल्ली तक सीधा कनेक्शन, बिहार के युवाओं को, यहां के किसानों को, यहां के व्यापारियों के लिए नई संभावनाएं बना रहा है।

उन्होंने कहा कि देश के अटूट भरोसे के कारण, साल 2014 में प्रधानमंत्री के तौर पर शुरू हुआ मेरा सेवाकाल, ये सेवाकाल निरंतर जारी है। इतने वर्षों में हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं लगा। जबकि आज़ादी के बाद कांग्रेस की सरकारें, जो 60-65 साल तक सरकार में रही हैं, उनके भ्रष्टाचार की लंबी लिस्ट है। आरजेडी का भ्रष्टाचार तो बिहार का बच्चा-बच्चा जानता है। मेरा साफ मानना है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को अगर अंजाम तक पहुंचाना है, तो कोई भी कार्रवाई के दायरे से बाहर नहीं होना चाहिए। आप सोचिए, आज कानून है कि अगर किसी छोटे सरकारी कर्मचारी को 50 घंटे तक हिरासत में रख दिया, तो अपने आप वो सस्पेंड हो जाता है, ड्राइवर हो, छोटा क्लर्क हो, चपरासी हो, उसकी जिंदगी हमेशा-हमेशा के लिए तबाह हो जाती है। लेकिन अगर कोई मुख्यमंत्री है, कोई मंत्री है, कोई प्रधानमंत्री है, तो वो जेल में रहकर के भी सत्ता का सुख पा सकता है। ये कैसे हो सकता है? हमने कुछ समय पहले ही देखा है कि कैसे जेल से ही फाइलों पर साइन किए जा रहे थे, जेल से ही सरकारी आदेश निकाले जा रहे थे। नेताओं का अगर यही रवैया रहेगा, तो ऐसे भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई कैसे लड़ी जा सकती है?

उन्होंने कहा कि संविधान हर जनप्रतिनिधि से ईमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद करता है। हम संविधान की मर्यादा को तार-तार होते नहीं देख सकते। इसलिए एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ऐसा कानून लाई है, जिसके दायरे में देश का प्रधानमंत्री भी है। इस कानून में मुख्यमंत्री और मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। जब ये कानून बन जाएगा, तो प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री, या फिर कोई भी मंत्री, उसे गिरफ़्तारी के 30 दिनों के अंदर जमानत लेनी होगी। और अगर जमानत नहीं मिली, तो 31वें दिन उसे कुर्सी छोड़नी होगी। आप कहिए भाइयों, जो जेल जाएं उसे कुर्सी छोड़नी चाहिए कि नहीं छोड़नी चाहिए? क्या वो कुर्सी पर बैठे रह सकता है क्या? क्या वो सरकारी फाइलों पर साइन कर सकता है क्या? क्या जेल में से कोई सरकार चला सकता है क्या? और इसलिए ऐसा सख्त कानून बनाने की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ये राजद वाले, ये कांग्रेस वाले, ये लेफ्ट वाले इस कानून का विरोध कर रहे हैं। ये बहुत गुस्से में हैं, और कौन नहीं जानता कि उनको किस बात का डर है? जिसने पाप किया होता है, वो अपने पाप को दूसरों से छुपाता है, लेकिन खुद तो भीतर से जानता है कि क्या खेल खेला है। इन सबका भी यही हिसाब है।

ये आरजेडी और कांग्रेस वाले, कोई बेल पर बाहर हैं, कोई रेल के खेल में अदालत के चक्कर लगा रहा है। और जो जमानत पर बाहर घूम रहे हैं, वे आज इस कानून का विरोध कर रहे हैं। इन्हें लगता है कि अगर ये जेल चले गए, तो इनके सारे सपने चकनाचूर हो जाएंगे। और इसलिए, सुबह–शाम ये लोग मोदी को भांति-भांति की गाली दे रहे हैं। और इतने बौखलाए हुए, इतने बौखलाए हुए हैं कि इस जनहित के कानून का विरोध कर रहे हैं। हमारे राजेंद्र बाबू, बाबा साहेब आंबेडकर ने कभी सोचा भी नहीं था, कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि सत्ता के भूखे लोग भ्रष्टाचार करेंगे और जेल जाने पर भी कुर्सी से चिपके रहेंगे। लेकिन अब भ्रष्टाचारी जेल भी जाएगा और उसकी कुर्सी भी जाएगी। भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त होने का संकल्प देश के कोटि-कोटि लोगों का है। ये संकल्प सिद्ध होकर रहेगा।

मैंने लाल किले से एक और खतरे की बात की है। और ये खतरा बिहार पर भी है। देश में घुसपैठियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। बिहार के सीमावर्ती जिलों में तेजी से डेमोग्राफी बदल रही है। इसलिए एनडीए सरकार ने तय किया है कि देश का भविष्य घुसपैठियों को नहीं तय करने देंगे। घुसपैठियों को बिहार के युवाओं के रोजगार नहीं छीनने देंगे। जिन सुविधाओं पर भारतीय लोगों का अधिकार है, उस पर घुसपैठियों को डाका नहीं डालने देंगे। इस खतरे से निपटने के लिए मैंने डेमोग्राफी मिशन शुरू करने की बात कही है। बहुत जल्द ये मिशन अपना काम शुरू करेगा, हम हर घुसपैठिए को देश से बाहर करके ही रहेंगे। आप मुझे बताइए, इन घुसपैठियों को निकालना चाहिए कि नहीं निकालना चाहिए? क्या ये घुसपैठियें आपका रोजगार छीन लें, आपको मंजूर है? एक घुसपैठिया आपकी जमीन पर कब्जा कर ले, आपको मंजूर है? एक घुसपैठिया आपका हक छीन लें आपको मंजूर है? बिहार के आप सभी लोग देश के भीतर बैठे घुसपैठियों के समर्थकों से भी सावधान रहिए, जान जाइए कौन घुसपैठियों के साथ खड़ा है। कांग्रेस और आरजेडी जैसे दल बिहार के लोगों का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं। तुष्टिकरण के लिए, वोटबैंक को बढ़ाने के लिए कांग्रेस-आरजेडी वाले कुछ भी कर सकते हैं, कितने ही नीचे जा सकते हैं। इसलिए बिहार के लोगों को बहुत सतर्क रहना है।

हमें हमारे बिहार को कांग्रेस-आरजेडी की बुरी नज़र से बचाकर रखना है। बिहार के लिए ये समय बहुत अहम है। बिहार के युवाओं के सपने पूरे हों, बिहार के लोगों की आकांक्षाओं को नई उड़ान मिले, इसके लिए केंद्र सरकार, और नीतीश जी के साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर बिहार के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। बिहार में विकास की गति बनी रहे, इसके लिए डबल इंजन की सरकार लगातार मेहनत कर रही है। आज के विकास प्रोजेक्ट इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

इस बार के प्रधानमंत्री के दौरो के दौरान जिन योजनाओं की सौगात दी गयी, उनमें बक्सर में 660 मेगावाट क्षमता वाला थर्मल पावर प्लांट,मुंगेर में सीवरेज नेटवर्क और एसटीपी परियोजना,मुजफ्फरपुर के होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का निर्माण,मोकामा-सिमरिया के बीच 4/6 लेन और गंगा ब्रिज का निर्माण और बख्तियारपुर से मोखामा एनएच-31 सड़क का सुधार शामिल है। इससे पूर्व 18 जुलाई 2025 के दौरे में प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में यहां उन्होंने 7217 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं का तोहफा देकर मिशन-चंपारण को साधने की कोशिश की।जून 2025 प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को भी बिहार के सिवान पहुंचे थे।इस बार उन्होंने 5,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। जिसमें रेलवे, जल और बिजली से जुड़ी योजनाएं शामिल थीं।29 मई को प्रधानमंत्री मोदी पटना आए थे। उन्होंने बिहार को 50 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी थी।

उन्होंने पटना एयरपोर्ट, एनटीपीसी बिजली परियोजना और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे जैसी कई योजनाओं की शुरुआत की। 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही बिहार में अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई। फरबरी के भागलपुर दौरे के दौरान भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त जारी की थी। इसके अतिरिक्त बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड का गठन करने का,2014 के बाद बने आईआईटी में साढ़े छह हजार नई सीटें जोड़ने, पटना आईआईटी को फायदा,बिहार में चार नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की घोषणा,बिहार में फूड टेक्नोलॉजी, व्यसायिकता और मैनेजमेंट के लिए राष्ट्रीय योजना की शुरुआत ,सिंचाई सुविधा बेहतर करने के लिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को वित्तीय सहायता के प्रावधान किए गए थे।

# अग्नि-5 : भारत की रक्षा क्षमता में ऐतिहासिक छलांग

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

दुनिया भर में युद्ध और तनाव का माहौल है। रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा, चीन-ताइवान विवाद गहराता जा रहा और मध्य-पूर्व में लगातार संघर्ष जारी है। ऐसे समय में भारत ने अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। 20 अगस्त 2025 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से भारत ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया। यह न केवल तकनीकी सफलता है, बल्कि भारत की बढ़ती सैन्य और सामरिक ताक़त का स्पष्ट संकेत भी है। अग्नि-5 मिसाइल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी लंबी दूरी की क्षमता है। यह मिसाइल 5000 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता रखती है और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। तीन चरण वाले ठोस ईंधन रॉकेट मोटर से उड़ान भरने वाली यह मिसाइल आधुनिक नेविगेशन सिस्टम से लैस है और इसमें मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक का इस्तेमाल हुआ है। यानी यह एक साथ कई लक्ष्यों को साध सकती है। DRDO प्रमुख डॉ. समीर वी कामत ने कहना है कि अग्नि-5 का यह परीक्षण भारत की सामरिक शक्ति को नए स्तर पर ले जाता है। यह न केवल हमारी वैज्ञानिक क्षमता का प्रतीक है, बल्कि आने वाले समय में भारत की सुरक्षा का मजबूत आधार भी बनेगा।

उल्लेलखनीय है कि भारत का मिसाइल कार्यक्रम कोई नया नहीं है। यह यात्रा 1980 के दशक में इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (IGMDP) से शुरू हुई थी। इसके साथ ही पूर्व राष्ट्रगपति एवं भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की अगुवाई में अग्नि श्रृंखला की नींव रखी गई थी। जिसने अपना साकार रूप लेना शुरू किया 2002 से, जब अग्नि-1 के साथ शुरुआत हुई जिसकी रेंज 700–900 किलोमीटर थी। इसके बाद अग्नि-2, अग्नि-3 और अग्नि-4 का विकास हुआ और हर नए संस्करण द्वारा भारत की क्षमता को एक कदम आगे बढ़ाया गया। अब अग्नि-5 उस श्रृंखला का सबसे आधुनिक और दूर तक मार करने वाला हथियार है। यह भारत को उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करता है जिनके पास इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। इस परीक्षण का महत्व केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। पाकिस्तान के पास शहीन-III जैसी मिसाइलें हैं जिनकी रेंज लगभग 2750 किलोमीटर है। चीन के पास DF-41 है जिसकी क्षमता 12000 किलोमीटर तक मानी जाती है। अग्नि-5 भारत को इस सामरिक संतुलन में बराबरी की स्थिति देता है। रक्षा विशेषज्ञ डॉ. राजेश शर्मा कहते हैं, "यह मिसाइल किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत की डिटरेंस पॉलिसी का हिस्सा है। कहने का तात्पनर्य है कि निवारण नीति किसी संभावित दुश्मन को हमला करने से रोकने के लिए पहले से ही तैयार की जाती है। यह एक ऐसी नीति है जिसमें किसी देश या संगठन द्वारा अपनी सैन्य शक्ति, आर्थिक शक्ति, या राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करके दूसरे पक्ष को किसी गलत काम को करने से रोकने की कोशिश होती है। अतः इसका मकसद स्पष्ट है– कोई भी देश भारत के खिलाफ आक्रामक कदम उठाने से पहले सौ बार सोचे।" वे कहते हैं कि अग्नि-5 का सफल परीक्षण आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। यह हमारी वैज्ञानिक क्षमता का नतीजा है। इससे निश्चित ही भारतीय सेना को और मजबूती मिलेगी। साथ ही यहां यह भी स्पतष्टस करना जरूरी है कि भारत की नो फर्स्ट यूज़ परमाणु नीति हमेशा से स्पष्ट रही है। यानी भारत परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा, लेकिन हमला होने पर जवाब अवश्यर दिया जाएगा। इस नीति के साथ अग्नि-5 जैसी मिसाइल भारत की सुरक्षा को विश्वसनीयता प्रदान करती है। यह मिसाइल यह सुनिश्चित करती है कि भारत पर कोई भी देश हमला करने से पहले उसकी ताकत को समझे। उन्होंजने कहा, हम अब केवल इस दिशा में आत्मनिर्भर नहीं हुए हैं, बल्कि तकनीकी दृष्टि से विकसित देशों की बराबरी कर रहे हैं। अग्नि-5 इसका एक बड़ा प्रमाण है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों के पास ही अब तक 5000 किलोमीटर से अधिक दूरी की मिसाइलें थीं। भारत अब इस क्लब में शामिल होकर अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। यह न केवल भारत को एशिया में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक भरोसेमंद और जिम्मेदार सामरिक शक्ति बनाता है। अतः इस सफलता के बाद भारत का ध्यान अब भविष्य की परियोजनाओं पर है। अग्नि-6 की संभावित रेंज 8000 से 10000 किलोमीटर बताई जा रही है। साथ ही भारत हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक पर भी काम कर रहा है, जो आने वाले समय की जरूरत है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह प्रोजेक्ट सफल होते हैं तो भारत आने वाले दशक में दुनिया की शीर्ष तीन-चार मिसाइल शक्तियों में शामिल रहेगा। अग्नि-5 का सफल परीक्षण आम जनता में भी गर्व का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर #Agni5 ट्रेंड करता दिखा। लोगों ने लिखा कि अब भारत को कोई भी आंख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं करेगा। युवाओं ने इसे "नई आज़ादी की सुरक्षा गारंटी" बताया। कुल मिलाकर यह परीक्षण केवल एक मिसाइल का उड़ान भरना भर नहीं, बल्किं यह भारत के आत्मविश्वास, वैज्ञानिक प्रगति और सामरिक ताकत की उड़ान है । यह संदेश देती है कि भारत शांति चाहता है लेकिन अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क और तैयार है। अग्नि-5 के सफल परीक्षण के साथ भारत ने दुनिया को यह जता दिया है कि वह न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी जगह बना चुका है।

# बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पाद न लें



घर में छोटे बच्चे हो तो हर सदस्य का ध्यान उसकी तरफ ही रहता है। बच्चे के लिए घर में कई तरह के खिलौने भी लाए जाते हैं। उसके लिए साइकिल,वॉकर,छोटे-छोटे खिलौने ला कर रख दिये जाते हैं। कई बार बच्चे के प्यार में जाने-अनजाने अभिभावक कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं,जिससे बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। आपके घर में भी छोटा बच्चा है। तो इन बातों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। आपके लिए जानना जरूरी है कि कौन से बच्चों के उत्पाद  नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### टीथर

बच्चे रंग-बिरंगे खिलौने देखकर बहुत खुश होते हैं और हर चीज को मुंह में डालते हैं। आप शायद इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि इस खिलौने से बच्चे को संक्रमण होने का डर रहता है। बच्चे को यह खिलौने देने से पहले इस पर धूल मिट्टी के कण पड़े होते हैं। जिसे बहुत से लोग बार-बार साफ नहीं करते और कई बार तो बडे लोगों के हाथ के कीटाणु भी इस पर लग जाते हैं। जिससे बच्चे को उल्टी, पेटदर्द, दस्त जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



### वाकर



बच्चा जल्दी चलना सीख लें इसलिए ज्यादातर लोग बच्चे को वॉकर लाकर दे देते हैं। माना जाता है कि इसमें बैठकर वह जल्दी चलना सीख जाते हैं और मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं। एक शोध में यह बात सामने आई है कि इससे बच्चे को खुद का बैलेंस बनाने में परेशानी होने लगती है। वह डर-डर कर जमीन पर अपने पांव रखता है।

### दूध की बोतल

छोटे बच्चे के लिए मां का दूध ही सही आहार है। कुछ कामकाजी औरतें बच्चे बोतल से दूध पिलाती हैं। इससे बच्चे के पेट में हवा भर जाती है,जिससे उसे पेट गैस की परेशानी हो सकती है। अगर बोतल में दूध पिला रहे हैं तो साफ-सफाई का भी बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। दूध पिलाने से पहले बोतल को जरूर उबाल लें।

## आज का राशिफल



शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, भादो शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, प्रतिपदा रविवासरे, पू.फा. नक्षत्रे, शिशिर योगे वालव करणे, सिंह की चंद्रमा, चंद्रदर्शन मुर्हूत, 30 फलं समता त्रिपुस्कर योग सर्वार्थ सिद्ध 51/52 रोग विमुक्ता स्नान मुर्हूत तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी|

### आज जन्म लिए बालक का फल.........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, किन्तु जिद्दी-हठी, चंचल, बलशाली तथा स्वतंत्र विचार का शिक्षक-शिक्षाविद, शिक्षाशास्त्री, उद्यमी, उद्योगपति, पार्टी संगठक, राजनेता, प्रबंधक होगा।

मेष :- यात्रा से लाभ, परिवार से लाभ, कार्य में रुकावट होगी, समय का ध्यान रखें।

वृष :- धार्मिक कार्यों में खर्च होगा, धन का आभाव मन में खेद तथा दुखः अवश्य होगा।

मिथुन :- व्यापारिक योजना बने, शरीर सुख तथा लाभ के कार्य में बाधा होगी।

कर्क :- चिन्ताओं की समाप्ति होगी, नये कार्य-व्यापार से लाभ के कार्य होंगे तथा बाधा बनेगी।

सिंह :- शारीरिक कष्ट, परेशानी, स्त्री से अनवन तथा सामान्य लाभ होगा।

कन्या :- संघर्ष, कार्य व्यापार में अशांति हो, संतान से सुख समाचार मिले।

तुला :- रोग, शरीर व्याधि से कष्ट धन की कमी, घर में कलह होगी, ध्यान दें।

वृश्चिक :- मेहनत से कार्य पूर्ण हों, स्त्री का सहयोग फलदायी होगा, व्यय की वृद्धि होगी।

धनु :- खांसी-जुकाम का प्रभाव रहेगा, स्त्री से मन-मुटाव होगा, ध्यान रखें।

मकर :- व्यापार में सुधार होगा, शत्रुपक्ष से सावधान रहें, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

कुम्भ :- संघर्षपूर्ण स्थिति होगी, लाभ तथा व्यय होगा, समय का ध्यान अवश्य रखें।

मीन :- व्यापार में लाभ, कार्यक्षेत्र में सुधार, भूमि-भवन की खरीद-फरोख्त अवश्य हो|

# बच्चे जब ट्यूशन पढ़ें तो रखें इन बातों का ख्याल







आजकल बेहतर भविष्य के लिए प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जब आपका बच्चा बड़े क्लास में पहुँचता है तो उसके लिए ट्यूशन या कोचिंग करना आवश्यक हो जाता है ,ऐसे समय अपने बच्चे को ही इस बात से अवगत करा दे की वह अपना ध्यान खुद रखें| अपने बच्चे को ट्यूशन भेजने से पहले उसे मानसिक रूप से तैयार कर दे की उसे क्या पढाई करना है| आप अपने बच्चे को बेहतर बनाने के लिए उसकी हर मुश्किल आसान करते है। जब आप किसी विषय को समझाने में मुश्किल का सामना करते है तो ट्यूशन का सहारा लेते है लेकिन ट्यूशन पढ़ते समय बच्चा अकेले ही होता है, इसलिए आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा।अपने बच्चे को ट्यूशन भेजने से पहले उसे मानसिक रूप से तैयार कर दे की उसे क्या पढाई करना है। उसके साथ ले जाने वाली किताब कॉपी सही से रखें। एक माता-पिता होने के नाते आपकी जिम्मेदारी बनती है कि पता करे कि ट्यूशन टीचर आपके बच्चे को ठीक से पढ़ा रहे है या नहीं। कभी- कभी ट्यूशन टीचर लापरवाही बरतने लगते है , समय-समय पे यह पता करते रहना चाहिए की कही वे समय तो नहीं बिता रहे है। यदि ऐसा है तो पहले उस टीचर से बात करनी चाहिए, संतुष्टि न मिलने पर टीचर बदल देना चाहिए। कुछ समय के बाद यह अवश्य पता करे की बच्चे को जो पढ़ाया जा रहा है वह सही है या नहीं क्योकि एक बार गलत जानकारी मिलने पर बच्चे की दिशा ही बदल जाएगी और बच्चा दिग्भर्मित हो जायेगा।टीचर का बच्चे पर बहूत प्रभाव पड़ता है।जब तक बच्चा छोटा है तब तक माँ ही उसकी टीचर है, उससे अच्छा कोई उसे पढ़ा नहीं सकता है।यदि समय की कमी हो तभी अपने बच्चे को ट्यूशन पढ़ने भेजे अन्यथा नहीं। वहीं जब आपका बच्चा बड़े क्लास में पहुँचता है तो उसके लिए ट्यूशन या कोचिंग करना आवश्यक हो जाता है ,ऐसे समय अपने बच्चे को ही इस बात से अवगत करा दे की वह अपना ध्यान खुद रखें। उसे बतायें कि लापरवाही से उसका भविष्य ही ख़राब होगा।

# किशोर होते बच्चों का इस प्रकार रखें ध्यान



किशोर होते बच्चों का ध्यान रखते समय आपको विशेष सावधानियां बरतनी चाहिये। इसका कारण है कि अब आपका बच्चा बड़ा हो रहा है और अपने तरीके से रहना चाह रहा है। ऐसे में उसे सही और गलत की पहचाना कराने की जिम्मेदारी आपके पास है पर कई बार देखा गया है कि बचपन में समझदार और सुलझा हुआ हमारा बच्चा किशोर उम्र का होते-होते इतना अजीबो-गरीब व्यवहार करने लगता है।  आप कई बार सबकुछ संभालने की कोशिश करते हैं पर हालात आपके मुताबिक सुधर नहीं पाते। किशोर होते की उम्र में आपका बच्चा खुद को आजाद समझने लगता है। इस उम्र में बच्चे अपने खुद के निर्णय लेना चाहते हैं।आपको अगर अपने बच्चे के साथ बेहतर रिश्ता बनाना है तो आपको अपने बच्चे को ठीक से समझना होगा। उनकी भावनाओं को आपको ध्यान में रखना होगा। आपका बच्चा इस उम्र में खुद पर निर्भर होना चाहता है। ऐसे में आपको भी अपने बच्चे को थोड़ा समय देना चाहिए।

### बच्चों में अचानक आए बदलाव पर ऐसे नजर रखें

इस उम्र में अक्सर ऐसा होता है कि बच्चे आपकी कोई भी सलाह नहीं लेना चाहते। ये बुरा जरूर लगता है पर इस वक्त आपको बड़ी समझदारी दिखानी होगी। अपने बच्चे को वक्त दें जब तक वो सही रास्ते पर है। अगर आपको लगे कि आपका बच्चा किसी गलत दिशा में जा रहा है तो तुरंत उसे सामने बिठाकर बात करिए।इस उम्र में बच्चे अपने खाने-पीने, कपड़े, दोस्तों से लेकर सोने का समय तक स्वयं तय करना चाहते है। ऐसे समय में अपने बच्चे को कुछ बातों के निर्णय खुद लेने दे। कुछ बातों पर उन्हें प्यार से समझाएं कि फैसले लेने में आपका साथ कितना जरूरी है। आपका बच्चा गलत आदतों का शिकार भी हो सकता है। उसे शराब, सिगरेट जैसी गलत आदत की लत भी लग सकती है। तो ऐसे में जरूरी है कि आप उन्हें आजादी तो दे पर मर्यादा के अंदर। बाहर घूमने, देर रात घर आने जैसी बातों पर एक कड़ा नियम जरूर बनाएं। उसे अपनी जिंदगी में आजादी तो दे पर अपनी पूरी देख-रेख में।

इस उम्र में अक्सर आपका और आपके बच्चे का विचार एक जैसा नहीं होता। तो ऐसे में जरूरी है कि आप उन्हें किसी बात के लिए गलत तरीके से जबरदस्ती न करें।ध्यान से उनकी बात सुनें और उन्हें दोनों पहलुओं पर सोचने को कहें। उन्हें समझाने की कोशिश करें कि आप क्यों सही है और वो क्यों गलत। यह बात ध्यान रखें कि वे अब छोटे बच्चे नहीं है जिन पर आप अपनी मर्जी थोप सकें। उन्हें केवल तार्किक और भावनात्मक लगाव के साथ ही आप अपनी बातें समझा सकते हैं।मां-बाप बच्चे के सबसे पहले टीचर होते हैं. अगर आपका बच्चा गलत भी है तो भी आप उसे गुस्से में आकर नजरअंदाज न करें। उन पर अपनी नजर हमेशा बनाएं रखे। ऐसा करने से आप अपने बच्चे पर नजर भी बनाए रखेंगे और आपका रिश्ता भी खराब नहीं होगा।

# बच्चों के लिए जरुरी है माउथ-फ्रेशनर



अगर आज मानते हैं कि माउथ फ्रेशनर की आवश्यकता केवल बड़ों को होती है तो अपना विचार बदल दें। इसका कारण है कि बच्चों के भी दांत खराब हो सकते हैं इसलिए हमारी तरह ही छोटे बच्चों को भी माउथ फ्रेशनर की आवश्यकता होती है पर बाजार में बिकने वाले माउथ फ्रेशनर उनके लिए नुकसानदेह हो सकते हैं क्योंकि उनमें बहुत अधिक मात्रा में रसायन होते हैं।

ऐसे में उनके लिए एक ऐसा माउथ फ्रेशनर होना चाहिए जो पूरी तरह प्राकृतिक हो और स्वाद में भी कड़वा न हो। आप चाहें तो अपने बच्चों के लिए घर पर ही माउथ फ्रेशनर तैयार कर सकती हैं। अनार के छिलकों का इस्तेमाल करके माउथ फ्रेशनर बनाया जा सकता है। ये माउथ फ्रेशनर न केवल बच्चों के लिए फायदेमंद रहेगा बल्किर बड़े भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.

अनार के छिलके में एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाया जाता है, जो ओरल हेल्थ के लिए अच्छा होता है। अनार के छिलके से तैयार माउथ फ्रेशनर मुंह के अल्सर और मुंह की दुर्गंध को दूर करने का काम करता है।

अनार का एंटी-माइक्रोबायल एक्टिविटी स्ट्रेपटोकोक्स म्यूटेन बैक्टीरिया को पनपने नहीं देता है.

कैसे तैयार करें अनार के छिलके का माउथ फ्रेशनर?

अनार को काटकर उसके दानों को सफाई से निकाल लें. अनार के छिलके को धूप में सूखने के लिए रख दें।

जब छिलके पूरी तरह सूख जाएं तो उन्हें पीसकर पाउडर तैयार कर लें।

एक गिलास पानी में एक चम्मच इस पाउडर को मिलाकर उबालें। इसे ठंडा होने दें। जब ये घोल ठंडा हो जाए तो इस छान लें।

इस तरल को किसी जार या शीशी में भरकर रख दें। आपका माउथ फ्रेशनर तैयार है. बच्चा जब भी कुछ खाए तो उसे माउथ फ्रेशनर से मुंह साफ करने की आदत डालें। ऐसा करने से दांतों में कैविटी की समस्या भी नहीं होगी।

# बच्चे की याददाश्त बढ़ाने ये उपाय करें





बच्चे की याददाश्त बचपन से ही तेज कैसे रखी जाए। यह बात सभी अभिभाव सोचते हैं। इसके लिए अधिकतर लोग बेहतर खानपान पर जोर देते हैं पर इतना ही काफी नहीं है।  याददाश्त बढ़ाने के लिए आपको बच्चे के साथ कुछ छोटी-छोटी दिमागी कसरतें भी करनी होगीं।

मान लीजिये अगर आप कहीं घूमने गये हैं और वहां किसी रेस्टोरेंट में खाना खाने गए तो लौटकर उससे जुड़े सवाल करें। घर लौटने के बाद आप बच्चे से रेस्टोरेंट से जुड़ी कुछ बातें पूछिए। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि आप जो सवाल बच्चों से पूछें उनके जवाब आपको भी याद हों। जैसे रेस्टोरेंट में आप किस और बैठे थे वहां किस रंग की फोटो लगी थी या उससे जुड़े कोई खास सवाल। ध्यान रहे ये जवाब आप को भी आने चाहिये।

लेफ्ट-राइट एक्सरसाइज याददाश्त बढ़ाने का बेहद खास तरीका है। इसमें बच्चे के सामने कई सारे खिलौने रखे होते हैं और उन्हें उन खिलौनों को दाईं या बाईं ओर रखने के लिए कहा जाता है। उदाहरण के लिए बच्चे को कुछ गेंदें दीजिए और उन्हें दाईं ओर रखी टोकरी में रखने के लिए कहिए। दूसरे दिन भी उसे गेंद को वहीं रखने के लिए कहिए, पर तीसरे दिन गेंदों को बाईं ओर रखने के लिए कह दीजिए। बच्चे का हाथ पहले दाईं ओर ही बढ़ेगा। पर, लगातार इस तरह के एक्सरसाइज से उसकी मानसिक सतर्कता और याददाश्त मजबूत होगी।'

जैसा कि आप जानती ही हैं कि अंग्रेजी में दो तरह के अक्षर होते हैं, स्वर और व्यंजन। अब पढ़ाई के बाद आपको बच्चे के साथ इन्हीं वॉवेल से जुड़ा खेल खेलना है। कागज पर एक बॉक्स बनाएं और उसमें अंग्रेजी के कुछ अक्षर लिखें। बच्चे से उन शब्दों को काटने के लिए कहें, जिसमें वॉवेल न हों। इस तरह से बच्चे की अंग्रेजी तो अच्छी होगी ही, उसकी दिमागी एक्सरसाइज भी होगी।

### घर के कामों में लगाएं

किचेन में काम करते हुए बच्चे को भी काम में शामिल कीजिए। उन्हें कुकिंग से जुड़े छोटे-छोटे काम करने के लिए बोलें ताकि वो जान जाएं कि कौन-सी चीज कहां रखी है? अब अगले दिन उन्हें फिर से वही चीजें आपको रसोई से लाकर देने के लिए कहें। इससे होगा यह कि आपको पता चलेगा कि चीजें कहां रखी हैं, बच्चे को यह याद भी है या नहीं। जैसे आप बच्चे से प्याज लाने के लिए बोलिए। अगले दिन जब वो फिर यही काम करेगा तो दिमाग पर जोर डालेगा कि मां ने प्याज कहां रखे थे।

### नंबर गेम का कमाल

डिजिट स्पैन मतलब वो एक्सरसाइज जो बच्चे की याददाश्त बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। इसके लिए बच्चे के सामने कुछ अंक बोलिए और उन्हें याद करने के लिए कहिए। अगले दिन बच्चे को आपको वो सारे अंक बताने होंगे। इसके लिए फोन नंबर का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप कोई ऐसा नंबर बच्चे के सामने बोलिए जो उसे याद कराना ही हो। अब अगले कुछ दिनों तक बच्चे से वह नंबर नियमित रूप से पूछती रहें। खेल-खेल में उसकी याददाश्त बढ़ेगी।'

इस एक्सरसाइज में बच्चा बेडरूम में ही कहीं भी अपना पसंदीदा खिलौना रख कर आएगा और दूसरे दिन उसे वहां से लेकर भी आएगा। वो भूल ना पाए, इसके लिए आपको संकेत देते रहने होंगे। बच्चे से कहिए कि वो बेडरूम की किसी खास ड्राअर में अपना खिलौना रखे। कुछ देर बाद या दूसरे दिन उससे वही खिलौना लाने के लिए बोलें। इस तरह से वो जब भी अपना सामान कहीं रखेगा तो जगह याद रखेगा। दोबारा उसे वो जगह सोचनी नहीं पड़ेगी।'

## संक्षिप्त खबरें

### तमिलनाडु में जूते-चप्पलों की फैक्ट्री लगाएगा कोरियाई ह्वासेंग ग्रुप



चेन्नई (ईएमएस)। क्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनी ह्वासेंग फुटवियर ग्रुप मिलनाडु के तूतीकोरिन जिले में 1,720 करोड़ का निवेश कर गैर-चमड़े के जूते-चप्पलों की फैक्ट्री लगाएगी। यह भारत में कंपनी की पहली यूनिट होगी। इस परियोजना से लगभग 20,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात की और निवेश को लेकर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि यह राज्य में फुटवियर क्षेत्र की सबसे बड़ी रोजगार देने वाली परियोजनाओं में से एक होगी। राज्य सरकार की उद्योग-प्रोत्साहन नीति के तहत यह निवेश तमिलनाडु को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अन्य निवेश समझौतों से भी जल्द नई नौकरियों के अवसर सामने आएंगे।

# कोच्चि में अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क के शिलान्यास की घोषणा, 70 एकड़ में फैली परियोजना

कोच्चि,(ईएमएस)। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने कलामासेरी औद्योगिक क्षेत्र में अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क के शिलान्यास की घोषणा की, इसका उद्घाटन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया। 70 एकड़ में फैली परियोजना 600 करोड़ से अधिक के निवेश वाले केरल में निवेश कार्यक्रम का हिस्सा है। अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क में सस्टेनेबिलिटी और इनोवेशन के मध्य नजर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, स्मार्ट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन और डिजिटल इंटीग्रेशन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।



कंपनी के अनुसार, पार्क से 1,500 से अधिक नौकरियों के सृजन की उम्मीद है, जिससे स्थानीय रोजगार, कौशल और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

साथ ही सप्लाई चेन इकोसिस्टम में लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए विकास के अवसर पैदा होने है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, कलामासेरी लॉजिस्टिक्स पार्क, एपीएसईजेड के बंदरगाह-केंद्रित उद्यम से फुली इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स बिजनेस में परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दिशा में हमारे सबसे बड़े प्रयासों में से एक के रूप में, यह पार्क दक्षिण भारत में हमारी लॉजिस्टिक्स उपस्थिति को बेहतर करने, स्थानीय विनिर्माण और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के काम आएगा। उन्होंने कहा, हम वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे।यह ऐतिहासिक परियोजना केरल को एक लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक महाशक्ति में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पार्क कोच्ची में स्थित है, जो कि औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स विकास के केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा शहर है। पार्क 70 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला है और इसे परिवहन लागत को कम करने, समय पर संचालन को सक्षम बनाने और ई-कॉमर्स, एफएमसीजी/एफएमसीडी, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोटिव और खुदरा सहित प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

इस मौके पर केरल के उद्योग मंत्री पी.राजीव ने कहा, कलामासेरी लॉजिस्टिक्स पार्क, एपीएसईजेड के स्मार्ट, सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिकोण को दिखाता है, जो व्यापार को बढ़ावा देता है, समुदायों को सशक्त बनाता है और बाजारों को जोड़ता है। एक लॉजिस्टिक्स हब से कहीं बढ़कर, यह समावेशी विकास और क्षेत्रीय परिवर्तन का कैटलिस्ट है।

# बड़े बदलाव को लेकर 3-4 सितंबर को बैठक कर सकती हैं जीएसटी परिषद, चार की जगह सिर्फ दो स्लैब पर बन सकती हैं सहमति

नई दिल्ली,(ईएमएस)। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक 3-4 सितंबर को हो सकती है। बैठक में मंत्री समूह (जीओएम) द्वारा दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत को बरकरार रखने के प्रस्ताव पर फैसला होगा। रिपोर्ट के अनुसार, परिषद की बैठक केंद्र द्वारा जीएसटी कराधान व्यवस्था के ढांचे को वर्तमान चार स्लैब से दो स्लैब में बदलने के बड़े पैमाने पर प्रयास के बीच हो रही है। छह सदस्यीय जीओएम का नेतृत्व करने वाले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुसार, हमारे द्वारा दो स्लैब वाली जीएसटी स्ट्रक्चर की सिफारिश की है और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद को सौंप दी हैं।

जीओएम ने सहमति व्यक्त की कि नई व्यवस्था के तहत मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त करने की बात कही है। इसका उद्देश्य एक सरल और अधिक पारदर्शी जीएसटी व्यवस्था की ओर बढ़ना




है। देश में वर्तमान में चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाला जीएसटी सिस्टम लागू है। साथ ही सिन और लग्जरी गुड्स पर अतिरिक्त उपकर भी लगाया जाता है।

नए स्ट्रक्चर के तहत, मैरिट वस्तुओं और सेवाओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जबकि अधिकांश अन्य वस्तुएं (स्टैंडर्ड) 18 प्रतिशत के स्टैंडर्ड रेट के दायरे में आएगी। कुछ तथाकथित सिन गुड्स पर 40 प्रतिशत का उच्च कर लागू रहेगा। उदाहरणों में शराब, तंबाकू, ड्रग्स, जुआ, शीतल पेय, फास्ट फूड, कॉफी, चीनी और पोर्नोग्राफी भी शामिल हैं। सिन टैक्स एक विशेष कर है, जो सरकार द्वारा इस प्रकार की वस्तुओं पर लगाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को इनके उपयोग से हतोत्साहित करना और इनसे होने वाले नुकसान को कम करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इससे पहले दो दिवसीय मंत्रिसमूह की बैठक को संबोधित कर कहा था कि एक सरलीकृत प्रणाली से आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा, साथ ही जीएसटी को अधिक पारदर्शी और विकासोन्मुखी भी बनाया जा सकेगा। बदलावों के तहत, वर्तमान में 12 प्रतिशत कर श्रेणी में आने वाली लगभग सभी वस्तुएं 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

## नई जीएसटी दरों पर असमंजस ऑटोमोबाइल कंपनियां को उपभोक्ता की प्रतिक्रिया का इंतजार

### मंत्रिसमूह के स्लैब के प्रस्ताव के बीच वाहन उद्योग में आशंका और उम्मीद का माहौल

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार द्वारा प्रस्तावित नई जीएसटी व्यवस्था के तहत 12 और 28 फीसदी टैक्स स्लैब को हटाकर केवल 5 और 18 फीसदी दरें लागू करने की संभावना पर वाहन उद्योग में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई कंपनियों को डर है कि जब तक जीएसटी परिषद इस पर अंतिम फैसला नहीं लेती, तब तक ग्राहक वाहन खरीदने में देरी कर सकते हैं, जिससे बिक्री प्रभावित हो सकती है। मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव का कहना है कि वर्तमान में बड़ी कारों पर कुल कर भार 40-45 फीसदी तक पहुंचता है। यदि नई व्यवस्था में उपकर हटा दिया जाता है और केवल 18 फीसदी टैक्स लागू होता है, तो यह बदलाव बड़ी राहत ला सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ता अभी भी वाहन खरीद रहे हैं, इसलिए फिलहाल बाजार में कोई ठहराव नहीं दिख रहा है। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि अगर बड़ी कारों पर उपकर हटता है, तो छोटी कारों की कीमतीय प्रतिस्पर्धा घट सकती है, जिससे उनकी मांग प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद यह बदलाव वाहन उद्योग की कुल बिक्री को बढ़ा सकता है। दोपहिया वाहन क्षेत्र में भी प्रतिक्रिया बंटी हुई है। बजाज ऑटो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में राहत की घोषणा के बावजूद ग्राहकों की खरीद में देरी का कोई संकेत नहीं मिला है। उद्योग जगत को अब जीएसटी परिषद के अंतिम फैसले का इंतजार है, जो बाजार की दिशा तय करेगा।

# म्यूचुअल फंड उद्योग परिचालन जोखिमों और फर्जीवाड़े से रहे सतर्कः सेबी प्रमुख

### एएमसी को त्वरित कार्रवाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय बाजार नियामक सेबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने म्यूचुअल फंड उद्योग को आगाह किया कि उन्हें केवल बाजार जोखिमों तक सीमित न रहकर परिचालन जोखिमों को भी गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने कहा कि फर्जी निवेशकों द्वारा जालसाजी के मामलों में कोई व्यक्ति झूठे दस्तावेजों का सहारा लेकर असली निवेशकों की फंड यूनिट्स या राशि निकाल सकता है, जिससे निवेशकों का विश्वास गहराई से प्रभावित होता है। सेबी प्रमुख ने म्यूचुअल फंड एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में कहा कि एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को ऐसे धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए और अपराध के बदलते तरीकों पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि धोखाधड़ी के मामलों की जानकारी सभी एएमसी और रजिस्ट्रार एजेंटों के साथ साझा की जाए ताकि भविष्य में दोहराव से बचा जा सके। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने भी म्यूचुअल फंड उद्योग से जिम्मेदाराना और




नैतिक वृद्धि पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और नवाचार के दबाव में उद्योग को अल्पकालिक लाभ की बजाय निवेशकों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिससे दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित हो सके।

## टिकटाक की भारत में वापसी की अटकलें तेज, वेबसाइट हुई एक्टिव

जम्मू (ईएमएस)। टिकटॉक जो 2020 में भारत में बैन हुआ था, उसकी वेबसाइट हाल ही में कुछ उपयोगकर्ताओं के मोबाइल और लैपटॉप पर एक्टिव दिख रही है। हालांकि ऐप अभी भी गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर उपलब्ध नहीं है, जिससे साफ नहीं हो पा रहा कि टिकटॉक पूरी तरह से भारत में वापस आ रहा है या नहीं। यह संकेत टेस्टिंग या सीमित रोलआउट के हो सकते हैं।

# अमेरिका में पाकिस्तानी छात्रों में बेचैनी, सोशल मीडिया जांच और ट्रैफिक उल्लंघन पर सख्ती

### ट्रंप प्रशासन की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से वीजाधारकों में अनिश्चितता, मामूली उल्लंघनों पर भी नजर

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका में पढ़ रहे पाकिस्तानी छात्र और अन्य वीजाधारक प्रशासन की कड़ी निगरानी से चिंतित हैं। एक अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन सोशल मीडिया की गहन जांच कर रहा है ताकि किसी भी अमेरिकी विरोधी या चरमपंथी गतिविधि का पता लगाया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि वे अमेरिकी नागरिकों, संस्कृति और संस्थानों के प्रति शत्रुता के संकेत खोज रहे हैं। इस जांच के दौरान मामूली ट्रैफिक उल्लंघन, राजनीतिक प्रदर्शन या दस्तावेजों की कमी भी वीजा रद्द होने का कारण बन सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रैफिक उल्लंघन के मामलों का रिकॉर्ड अब अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के साथ साझा किया जाएगा। उत्तरी वर्जीनिया



की एक यातायात अदालत ने हाल ही में दो पाकिस्तानी छात्रों को यह सूचना दी।

बाल्टीमोर के छात्र यूनुस खान ने कहा कि वे शिकागो जाने का मन बना रहे थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से उन्हें यात्रा टालनी पड़ी। वहीं, समीना अली ने बताया कि फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल होने के बाद छात्रों में भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस कड़ी निगरानी के कारण पाकिस्तानी समुदाय में भय और असमंजस की स्थिति बन गई है। छात्र अपनी पढ़ाई और भविष्य को लेकर अनिश्चित हैं, क्योंकि कोई भी छोटी गलती उनके अमेरिकी प्रवास को खतरे में डाल सकती है।

## बीते सप्ताह शेयर बाजार में मिला-जुला रुख रहा

**- सेंसेक्स 693 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद**

**- निफ्टी 213 अंक गिरकर 24,870.50 अंक पर बंद**

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार में बीते सप्ताह मिला-जुला रुख देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में बाजार में जबरदस्त तेजी रही, जिसका श्रेय जीएसटी व्यवस्था में संभावित सुधारों और प्रमुख कंपनियों में निवेश बढ़ने को दिया जा सकता है। हालांकि सप्ताह के अंत में आईटी और बैंकिंग शेयरों में गिरावट के चलते बाजार फिसल गया। यह सप्ताह निवेशकों के लिए भावनात्मक रूप से उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 1,021 अंक की भारी बढ़त के साथ 81,619.59 पर खुला और 676 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने 322 अंकों की छलांग लगाई और 24,876.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी तेजी बरकरार रही। बाजार ने जीएसटी सुधारों की योजनाओं को सकारात्मक संकेत के रूप में लिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में मजबूती आई। बुधवार को एशियाई बाजारों के कमजोर संकेतों का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। हालांकि शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन दिन के अंत में मामूली तेजी के साथ बाजार बंद हुआ। गुरुवार को रिलायंस और आईसीआईसीआई बैंक में खरीदारी से बाजार ने मजबूती दिखाई। सेंसेक्स 82,000 के पार बंद हुआ। आईटी और बैंक शेयरों की गिरावट की वजह से लगभग एक सप्ताह की तेजी के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 262.05 अंक गिरकर 81,738.66 पर खुला और 693.86 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 81.55 अंक गिरकर 25,002.20 पर खुला और 213.25 अंक गिरकर 24,870.50 अंक पर बंद हुआ।

## पेट्रोल-डीजल के दामों में हल्का उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को हल्का उतार-चढ़ाव देखा गया है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, प्रयागराज और नोएडा जैसे प्रमुख शहरों में ईंधन की कीमतों में मामूली बदलाव दर्ज किया गया। कुछ शहरों में पेट्रोल-डीजल की दरें बढ़ी हैं तो कुछ जगहों पर मामूली राहत भी मिली। शनिवार को लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपए प्रति लीटर और डीजल 87.81 रुपए प्रति लीटर की दर पर बिक रहा है। नोएडा में पेट्रोल 95.12 और डीजल 88.29 प्रति लीटर है। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 प्रति लीटर पर स्थिर बना हुआ है। मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे मेट्रो शहरों में भी कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया।

# 2012 से पहले बने वाहनों पर ई20 का इस्तेमाल नुकसानदेह

नई दिल्ली (ईएमएस)। अप्रैल 2023 के बाद बनी गाड़ियां ई20 पर बिना किसी समस्या के चल सकती हैं क्योंकि उनके इंजन इसी के लिए डिजाइन किए गए हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार 2012 से 2023 के बीच बनी गाड़ियों के लिए ई10 तक का ईंधन ही सुरक्षित है, जबकि 2012 से पहले बने वाहनों पर ई20 का इस्तेमाल नुकसानदेह हो सकता है।

माइलेज पर असर को लेकर भी चर्चा है। कुछ वाहन मालिकों का दावा है कि ई20 से माइलेज 15-20 प्रतिशत तक घटता है, लेकिन ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया की रिपोर्ट बताती है कि वास्तविक कमी सिर्फ 1-6 प्रतिशत के बीच होती है। यानी असर तो है,




लेकिन उतना बड़ा नहीं जितना बताया जा रहा है। लंबे समय में यह ईंधन इंजन पर असर डाल सकता है। इथेनॉल रबर और प्लास्टिक पार्ट्स को नुकसान पहुंचा सकता है, पाइप और गास्केट सख्त होकर टूट सकते हैं और नमी खींचने के कारण इंजन के धातु वाले हिस्सों में जंग लग सकती है।

कई ऑटोमोबाइल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि अगर गाड़ी ई20-सपोर्ट नहीं करती और फिर भी इस ईंधन का उपयोग किया गया तो वारंटी अमान्य हो सकती है। ऐसे में वाहन मालिकों को चाहिए कि वे अपनी गाड़ी का यूज़र मैनुअल देखें या कंपनी से जानकारी लें। साफ है कि ई20 पेट्रोल पर्यावरण और देश की अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद कदम है, लेकिन यह हर गाड़ी के लिए उपयुक्त नहीं। नई गाड़ियों के मालिक निश्चिंत होकर इसका उपयोग कर सकते हैं, जबकि पुराने वाहन चालकों को सतर्क रहना जरूरी है।

बता दें कि भारत सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाकर ई20 ईंधन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य प्रदूषण कम करना और विदेशी तेल पर निर्भरता घटाना है। हालांकि, वाहन मालिकों के मन में यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह नया ईंधन उनकी गाड़ियों के लिए सुरक्षित है।

## एसयूवी टाटा सिएरा को नए अवतार में पेश करने की तैयारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी आइकॉनिक एसयूवी टाटा सिएरा को नए और आधुनिक अवतार में पेश करने की तैयारी कर रही है। इस साल की शुरुआत में टाटा ने इसका कॉन्सेप्ट मॉडल भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दिखाया था और हाल ही में इसे टेस्टिंग के दौरान भी देखा गया है। माना जा रहा है कि कंपनी इसे दिवाली 2025 तक भारतीय बाजार में लॉन्च कर सकती है। 1990 के दशक में लोकप्रिय रही यह कार अब नई टेक्नोलॉजी और फीचर्स के साथ वापसी करेगी। नई सिएरा में 1.5-लीटर पेट्रोल और डीजल इंजन दिए जाने की संभावना है, साथ ही टाटा हैरियर वाला 2.0-लीटर मल्टीजेट इंजन भी इसमें शामिल हो सकता है। सबसे खास बात यह होगी कि इसका इलेक्ट्रिक वेरिएंट भी बाजार में उतारा जाएगा, जिसमें अलग-अलग बैटरी विकल्प उपलब्ध रहेंगे। टाटा ने हाल ही में हैरियर ईवी में 'क्वाड व्हील ड्राइव' फीचर पेश किया था और उम्मीद है कि यह सुविधा सिएरा के टॉप वेरिएंट में भी देखने को मिलेगी। इंटीरियर की बात करें तो नई सिएरा को प्रीमियम और फ्यूचरिस्टिक लुक देने की तैयारी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग जापान के टोक्यो पहुंचे, प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ बैठक

टोक्यो (ईएमएस)। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग जापान के टोक्यो पहुंचे हैं, जहाँ वे जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ एक महत्वपूर्ण शिखर वार्ता में हिस्सा लेने वाले हैं। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य टोक्यो के साथ सहयोग बढ़ाना है। यह यात्रा राष्ट्रपति ली की अमेरिका यात्रा से ठीक पहले हो रही है, जहाँ वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने वाले हैं। हालांकि, किसी भी दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में वाशिंगटन को चुनना असामान्य है, क्योंकि वे पारंपरिक रूप से अपने सबसे बड़े रक्षा सहयोगी अमेरिका को प्राथमिकता देते हैं। यह ली और इशिबा के बीच दूसरी व्यक्तिगत मुलाकात है। इससे पहले वे कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। ली ने साक्षात्कार में जापान के साथ सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की है। इस साल दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे हो रहे हैं। ली ने अपनी यात्रा को भविष्य के लिए संबंधों की नींव मजबूत करने का अवसर बताया है। टोक्यो में अपनी व्यस्तताओं के बाद, ली वाशिंगटन के लिए रवाना हो जाएंगे। वे ट्रंप के साथ गठबंधन आधुनिकीकरण पर चर्चा करने, जिसका उद्देश्य सोल और वाशिंगटन के बीच संयुक्त रक्षा स्थिति को मजबूत करना है। ली और ट्रंप की यह मुलाकात हाल ही में हुए एक व्यापार समझौते के बाद हो रही है, जिसमें दक्षिण कोरियाई सामानों पर प्रस्तावित टैरिफ को कम करने पर सहमति बनी है। विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका इस गठबंधन आधुनिकीकरण के माध्यम से चीन की बढ़ती आक्रामकता को रोकने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और इस दौरान कोरिया में अमेरिकी सैनिकों की संख्या में कटौती पर भी चर्चा हो सकती है।

### 80 देशों में साइबर अटैक करने वाला हैकर गिरफ्तार

वाशिंगटन,(ईएमएस)। तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ-साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। हाल ही में, रैप बॉट नामक एक खतरनाक साइबर अटैक के पीछे एक अकेले हैकर, एथन फोल्ट्ज, को अमेरिका के अलास्का में गिरफ्तार किया गया है। एथन ओरेगन का रहने वाला 22 साल का युवक है।एथन ने एक शक्तिशाली और खतरनाक डीडीओएस (डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस) बॉटनेट बनाया, जिसका नाम रैप बॉट था। यह बॉटनेट एक मैलवेयर की तरह काम करता था, जिसने लगभग 1 लाख डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर और वाई-फाई राउटर्स को अपने नियंत्रण में ले लिया था। एथन इन्हीं डिवाइसों का इस्तेमाल करके डीडीओएस अटैक करता था। डीडीओएस अटैक में किसी वेबसाइट या सर्वर पर इतना ज्यादा ट्रैफिक भेजा जाता है कि वह ठप हो जाता है।एथन अपने बनाए हुए बॉटनेट को दूसरे साइबर अपराधियों को भी किराए पर देता था। अप्रैल 2025 से अब तक, इस बॉटनेट का इस्तेमाल 80 देशों में 18,000 से ज़्यादा लोगों पर हुआ है, जिसमें कुल 3 लाख 70 हजार से ज़्यादा साइबर अटैक किए गए। इन हमलों का निशाना सरकारी एजेंसियां, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अमेरिकी टेक कंपनियां थीं।कुछ हमलों की ताकत इतनी ज़्यादा थी कि वह 6 टेराबाइट प्रति सेकंड तक पहुंच गई थी, जिससे किसी भी सिस्टम को आसानी से ठप किया जा सकता था। एथन को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके बॉटनेट को भी बंद कर दिया गया है।

### पुतिन का दावा, रूसी परमाणु पनडुब्बियां बिना किसी विदेशी रडार की जद में आए चल सकती

मास्को (ईएमएस)। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में वर्तमान में कोई देश अपने आक्रामक तेवरों की वजह से सबसे ज्यादा चर्चा में है, वहां रूस है। यूक्रेन के साथ लंबे समय से रूस की जंग को अमेरिका और यूरोप रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन रूस अपनी शर्तों पर अड़ा है। रूस अपने अचूक हथियारों के लिए भी प्रसिद्ध है। यूक्रेन के साथ युद्धविराम की कोशिशों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी परमाणु पनडुब्बियों को विदेशी रडारों से सुरक्षित बताया है। पुतिन ने कहा कि रूसी परमाणु पनडुब्बियां आर्कटिक की बर्फ के नीचे बिना किसी विदेशी रडार की जद में आए चल सकती हैं। यह हमें औरों के मुकाबले ज्यादा सशक्त बनाता है।पुतिन ने दावा किया कि आर्कटिक क्षेत्र रूस की सिक्योरिटी के लिहाज से बेहद अहम है। इस क्षेत्र में रिसर्च की जरूरत पर बल देकर पुतिन ने कहा कि आर्कटिक अनुसंधान बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि बर्फ पिघलने के कारण नौवहन मार्ग अधिक सुलभ होते जा रहे हैं। कई देश इन मार्गों का उपयोग करने में रुचि रखते हैं। अपने वर्कर्स का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने दावा किया कि जो परिस्थिति है उसे देखते हुए कह सकते हैं कि हम यहां फायदे में हैं।रूस वर्तमान में एकमात्र ऐसा देश है जो परमाणु ऊर्जा से चलने वाले आइसब्रेकर बेड़े का संचालन कर रहा है। 2000 के दशक से, रूस ने आठ बोरेई-श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियां बनाई, जिनमें से सबसे हालिया पोत, क्नयाज पॉजर्स्की, पिछले साल लांच किया गया था, जबकि दो निर्माणाधीन हैं। पुतिन ने कहा था कि पनडुब्बियां बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस हैं, जिनकी मारक क्षमता 8,000 किमी (4,970 मील) तक है। रूस और अमेरिका सहित कई देशों ने हाल के वर्षों में सुरक्षा और वैश्विक व्यापार के लिए आर्कटिक के महत्व पर प्रकाश डाला है।

### आपने ब्लू और रेड मून तो देख होंगे आज दिखेगा ब्लैक मून, 33 महीनों बाद होगा ऐसा

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। मार्च में अंतरिक्ष-प्रेमियों ने ब्लड मून देखा था, जो चंद्रग्रहण के दौरान इसके लाल रंग में बदलने के कारण हुआ। इसके अलावा आपने ब्लू मून के बारे में भी सुना होगा, जो एक महीने में होने वाले दूसरे पूर्ण चंद्रमा को कहा जाता है, लेकिन अब दुनिया भर के अंतरिक्ष प्रेमी आज यानी शनिवार को ब्लैक मून देखने वाले हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्लैक मून इसका कोई आधिकारिक नाम नहीं है। कैलेंडर महीने में पड़ने वाली दूसरी अमावस्या को यह नाम दिया गया है। यह हर 29 महीने में एक बार होता है या किसी ऐसे मौसम में जिसमें असामान्य रूप से तीन की जगह चार अमावस्या होती हैं, उसकी तीसरी अमावस्या को भी ब्लैक मून कहा जाता है। यह 33 महीने में एक बार होता है। अमावस्या तब होती है, जब चंद्रमा का केवल दूर वाला भाग ही सूर्य से प्रकाशित होता है। इसका पास वाला हिस्सा पूरी छाया में होता है, जिसके चलते यह पृथ्वी से नहीं दिखाई देता है। यह चंद्र चक्र की शुरुआत का प्रतीक है।इस साल का ब्लैक मून मौसमी परिभाषा के अंदर आता है। वर्तमान ऋतु 20 जून से 22 सितम्बर के विषुव के बीच चल रही है, जिसमें चार अमावस्या 25 जून, 24 जुलाई, 23 अगस्त और 21 सितम्बर को हो रही है। इस क्रम में 23 अगस्त को तीसरी अमावस्या को ब्लैक मून कहा जा रहा है।ब्लैक मून की परिभाषा से साफ है कि यह अदृश्य होगा। हालांकि, इसका दिखाई न देना ही अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए खास है। रात में चांदनी का न होना तारों को देखने के लिए एकदम सही स्थिति का निर्माण करता है। 23-24 अगस्त की रात को भारत और उत्तरी गोलार्ध के अन्य स्थानों पर पर्यवेक्षक आकाशगंगा को सबसे चमकीले रूप में देख पाएंगे।

### सरकारी धन का दुरुपयोग के आरोप में पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार

कोलंबो (ईएमएस)। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को गिरफ्तार किया गया है। विक्रमसिंघे को सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोप है। एक रिपोर्ट में वरिष्ठ पुलिस अफसर के हवाले से बताया है कि सितंबर 2023 में राष्ट्रपति रहते हुए अपनी पत्नी के साथ वे ब्रिटिश विश्वविद्यालय समारोह में शामिल होने लंदन गए थे। यात्रा में परिवार पर सरकारी धन खर्च करने का आरोप विक्रमसिंघे पर है। इस दौरे के बारे में लंबी पूछताछ के बाद विक्रमसिंघे को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है।हालांकि विक्रमसिंघे ने सरकारी फंड का इस्तेमाल पत्नी की लंदन यात्रा में किए जाने की बात से इंकार किया है। उन्होंने कहा है कि पत्नी ने अपना खर्च खुद उठाया ना कि सरकारी धन का इस्तेमाल किया। विक्रमसिंघे को श्रीलंका को 2022 के आर्थिक संकट से निकालने वाले नेता की तरह देखा जाता रहा है। इसके बाद ये आरोप उनकी राजनीतिक छवि को बड़ा नुकसान कर सकते हैं।श्रीलंका की राजनीति में रानिल विक्रमसिंघे का बड़ा कद है। वे बीते पांच दशकों से श्रीलंका की राजनीति में काफी मशहूर नाम हैं। रानिल 1977 में पहली बार सांसद बने थे और इसी साल मंत्री भी बने। मई 1993 को विक्रमसिंघे को पहली बार देश का प्रधानमंत्री बनाया गया था। विक्रमसिंघे दूसरी बार 2001 से 2004 तक पीएम रहे।रानिल विक्रमसिंघे 2015 से 2019 के बीच अलग-अलग मौकों पर तीन बार पीएम पद पर रहे। रानिल अब तक 6 बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री रह चुके हैं और संसद में दो बार विपक्षी नेता की भूमिका निभा चुके हैं।

## इमरान खान के दो भांजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, शाहबाज सरकार पर लगे आरोप

### इमरान की बहन बोलीं, देश में है फासीवादी शासन, लोगों को किया जा रहा परेशान






इस्लामाबाद, (ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के बाद उनके खानदान पर भी शहबाज सरकार ने शिकंजा कसा दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान के दो भांजे, शाहरेज खान और शेरशाह खान को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि दोनों का नाम 9 मई 2023 के दंगों और जिन्ना हाउस पर हुए हमले की जांच में सामने आया था। शाहरेज को गुरुवार को लाहौर में उनके घर से जबकि शेरशाह को शुक्रवार घर जाते समय गिरफ्तार किया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोर्ट ने शाहरेज को आठ दिन के रिमांड पर पुलिस के हवाले कर दिया है। बता दें शाहरेज खान, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने के बाद वह ऑस्ट्रेलिया की बड़ी लिनन सप्लाई कंपनी सिंबा ग्लोबल में रीजनल हेड हैं। इसके अलावा वह एक प्रोफेशनल ट्रायथलीट भी हैं। उनके वकील ने कहा कि गिरफ्तारी पूरी तरह गैर-कानूनी है, क्योंकि शाहरेज का नाम किसी एफआईआर में नहीं था और न ही उन्हें पहले कभी पुलिस ने बुलाया।शाहरेज के वकील का दावा है कि 9 मई के दंगों के समय शाहरेज लाहौर में नहीं, बल्कि चितराल में मौजूद थे। वकील ने कहा कि यह गिरफ्तारी इमरान खान को जमानत मिलने के बाद दबाव बनाने के लिए की गई है। वहीं, इमरान खान की बहन ने भी गिरफ्तारी के बाद शहबाज सरकार पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गुरुवार रात कई नकाबपोश हथियारबंद लोग उनके घर में घुस आए। इस दौरान स्टाफ के साथ मारपीट की और उनकी बहू को टॉर्चर किया, फिर शाहरेज को उनकी दो छोटी बेटियों के सामने जबरन उठाकर ले गए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल से देश में फासीवादी शासन चल रहा है जिसमें हजारों घरों पर छापेमारी की गई और निर्दोष लोगों को परेशान किया जा रहा है।बता दें इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं और उन पर दर्जनों केस चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 9 मई के दंगों से जुड़े आठ मामलों में उन्हें जमानत दी है, लेकिन फिर भी उनके जेल से बाहर आने की संभावना नहीं है। दूसरी तरफ इमरान खान का एक और भांजा हसन नियाजी पहले ही एक सैन्य अदालत से दोषी ठहराया जा चुका है। विश्लेषकों का कहना है कि खान परिवार पर लगातार दबाव बढ़ाया जा रहा है ताकि इमरान खान और पीटीआई की राजनीतिक ताकत को कमजोर किया जा सके।

### पूर्वी नेपाल के संखुवासभा जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए

काठमांडू (ईएमएस)। पूर्वी नेपाल के संखुवासभा जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, यह झटका करीब 11 बजकर 15 मिनट पर दर्ज हुआ, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 थी। भूकंप का केंद्र जिले के मघांग क्षेत्र में स्थित था।अधिकारियों का कहना है कि झटके संखुवासभा के अलावा पूर्वी नेपाल के कई अन्य जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि, किसी तरह की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना अब तक नहीं है। भूकंप आने के बाद लोग एहतियातन घरों से बाहर निकल आए, लेकिन स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई।नेपाल भूकंप की दृष्टि से उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में शामिल है। यहां समय-समय पर हल्के से लेकर तीव्र झटके महसूस होते रहते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नेपाल की भौगोलिक संरचना और हिमालयी क्षेत्र की सक्रिय टेक्टोनिक प्लेट्स इसकी मुख्य वजह हैं।


## गिलगित-बाल्टिस्तान में भीषण बाढ़ से आई तबाही 300 से ज़्यादा घर और कई दुकानें बह गई

क्वेटा,(ईएमएस)। पाकिस्तान के कब्ज़े वाले गिलगित-बाल्टिस्तान (पीओजीबी) के घिज़र ज़िले में एक ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड यानी हिमनद झील विस्फोट से अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण 300 से ज़्यादा घर और कई दुकानें तबाह हो गईं। यह घटना शुक्रवार तड़के हुई, जिससे रौशन और तिल्दास जैसे कई गाँव बुरी तरह प्रभावित हुए।जानकारी के मुताबिक प्रभावित क्षेत्र में घिज़र ज़िले के तिल्दास, मिदुरी, मुलाबाद, हॉक्स थांगी, रौशन और गोथ गाँव। बाढ़ से करीब 330 घर और कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। रौशन गाँव का 80 प्रतिशत हिस्सा इस भयावक बाढ़ में बह गया। इस बाढ़ के कारण 7 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी एक कृत्रिम झील बन गई, जिसने कृषि भूमि को जलमग्न कर दिया और सड़क नेटवर्क के कई हिस्सों को बहा दिया। अधिकारियों ने लगभग 200 लोगों को सुरक्षित निकाला है। हालाँकि, अभी तक किसी भी जान-माल के नुकसान की कोई ख़बर नहीं है। विस्थापित परिवारों के लिए टेंट, खाद्य सामग्री और अन्य ज़रूरी सामान की तुरंत आवश्यकता है। जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, अस्थायी झील का जलस्तर कम हो रहा है, जिससे आगे के नुकसान की आशंका कम हो गई है।इस घटना के बाद, पाकिस्तान मौसम विभाग ने गिलगित-बाल्टिस्तान के पहाड़ी क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी किया है, क्योंकि शनिवार, 23 अगस्त से और बारिश का पूर्वानुमान है। यह भी चेतावनी दी गई है कि रौशन गाँव में बना प्राकृतिक बाँध अभी भी अस्थिर है और दबाव के कारण टूट सकता है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस तरह की चार घटनाओं से गिलगित-बाल्टिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में घरों, फसलों और महत्वपूर्ण सड़कों को पहले भी भारी नुकसान पहुँचा है।बाढ़ और भूस्खलन से तिल्दास, मिदुरी, मुलाबाद, हॉक्स थांगी, रौशन और गोथ गांव बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। 330 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है और दर्जनों दुकानों के ध्वस्त होने की पुष्टि की गई है। गिजर के वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि हालांकि स्पिलवे खुलने से बड़ी तबाही टली है, लेकिन कई ऊंचाई पर बने मकान अब भी पानी में डूबे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के पानी को पूरी तरह से निकलने में अभी और समय लगेगा।इस बीच पाकिस्तान मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में बारिश की चेतावनी जारी करते हुए हिमालयी क्षेत्रों के लिए हाई अलर्ट घोषित किया है। विभाग ने स्थानीय प्रशासन और निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## गाजा में भुखमरी का ऐलान, 5 लाख से ज्यादा अकाल की चपेट में, इजरायल बोला- गलत है!

गाजा(ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र यानी यूएन ने गाजा में भुखमरी की आधिकारिक घोषणा की है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 5 लाख लोग इस वक्त अकाल जैसी हालात झेल रहे हैं। यह वेस्ट एशिया में पहली बार है जब यूएन ने किसी जगह को आधिकारिक तौर पर अकालग्रस्त बताया है। रिपोर्ट कहती है कि 22 महीने से जारी इजरायल-हमास कॉन्फ्लिक्ट ने गाजा को तबाह कर दिया है। आधे मिलियन से ज्यादा लोग भुखमरी, गरीबी और मौत की कगार पर हैं। सितंबर के आखिर तक यह संकट गाजा के कई इलाकों तक फैल जाएगा। इसका असर दो-तिहाई फिलिस्तीनी पॉपुलेशन पर पड़ेगा।वहीं इजरायल ने यूएन रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, गाजा में कोई भुखमरी नहीं है। यह रिपोर्ट सिर्फ हमास के झूठ पर आधारित है। हाल के हफ्तों में बड़ी मात्रा में एड पहुंची है और फूड प्राइस भी गिरा है। इजरायल की एजेंसी ने भी कहा कि पिछले असेसमेंट कई बार गलत साबित हुए हैं। यह रिपोर्ट ग्राउंड रियलिटी को नहीं दिखाती। इसे राजनीतिक दस्तावेजों की तरह कूड़ेदान में डाल देना चाहिए।इस भुखमरी की वजह जंग का बढ़ना और लोगों का बड़े पैमाने पर विस्थापन।मानवीय मदद और कॉमर्शियल फूड सप्लाई पर कड़ी पाबंदी के अलावा लोकल फूड सिस्टम का पूरी तरह ढह जाना है।इसके अलावा मार्च 2025 में इजरायल ने गाजा में फूड सप्लाई पूरी तरह रोक दी थी। मई में थोड़ी राहत मिली, लेकिन तब तक हालात बहुत खराब हो चुके थे। रिपोर्ट कहती है कि गाजा का 98 प्रतिशत कृषि क्षेत्र या तो पूरी तरह डैमेज हो गया है या फिर वहां पहुंचना मुमकिन नहीं है। लाइवस्टॉक खत्म हो गया और फिशिंग पर भी बैन है। यानी वहां अपना कोई लोकल फूड सिस्टम बचा ही नहीं। जेनेवा में बोलते हुए यूएन एड चीफ टॉम फ्लेचर ने कहा, यह फेमिन हमें हमेशा सताएगा। इसे रोका जा सकता था, लेकिन हमें रोक दिया गया। बॉर्डर पर अनाज और सप्लाई अटकी है, सिर्फ इसलिए क्योंकि इजरायल ने व्यवस्थित तरीके से रुकावट डाली। फ्लेचर ने कहा कि यह पूरी तरह मैन-मेड कैटास्ट्रॉफी है और इंसानियत के लिए शर्मनाक है।

## राष्ट्रपति ट्रंप के खास दोस्त सर्जियो गोर बने भारत में अमेरिकी राजदूत



वॉशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर तकरार की स्थिति निर्मित कर दी है। इसी बीच ट्रंप अपने खास दोस्त सर्जियो गोर को भारत में अमेरिकी राजदूत के तौर पर नियुक्त करने का ऐलान कर दिया है। भारत में अगले अमेरिकी राजदूत होने वाले सर्जियो गोर फिलहाल वाइट हाउस प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस के प्रमुख हैं। वह मौजूदा राजदूत एरिक गार्सेटी की जगह लेंगे। डोनाल्ड ट्रंप के मुताबिक, सर्जियो गोर भारत में अगले अमेरिकी राजदूत के साथ-साथ दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत होंगे।दरअसल, सर्जियो गोर एरिक गार्सेटी की जगह लेंगे। एरिक गार्सिटी ने 11 मई 2023 से 20 जनवरी 2025 तक सेवा दी। गार्सेटी से पहले केनेथ जस्टर ने 23 नवंबर 2017 से 20 जनवरी 2021 तक यह पद संभाला था। गार्सेटी के बाद भारत में अमेरिकी दूतावास का नेतृत्व अंतरिम चार्ज डी'अफेयर्स जोर्गन के एंड्रयूज ने किया है, जिन्होंने 20 जनवरी 2025 को पदभार संभाला था।ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं सर्जियो गोर को भारत गणराज्य में हमारे अगले अमेरिकी राजदूत और दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में पदोन्नत कर रहा हूं। ट्रंप ने आगे कहा कि राष्ट्रपति पद के कार्मिक निदेशक के रूप में सर्जियो और उनकी टीम ने सरकार के हर विभाग में रिकॉर्ड समय में करीब 4000 अमेरिका फर्स्ट पैट्रियट्स को नियुक्त किया है। ट्रंप ने सर्जियो गोर को अपना मित्र बताया और उन पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने सर्जियो गोर की वाइट हाउस में उनके योगदान के लिए खूब सराहना भी की। सर्जियो गोर काफी समय से डोनाल्ड ट्रंप के साथ रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव में भी वह डोनाल्ड ट्रंप के साथ साए के साथ खड़े रहे। चुनाव अभियान में उन्होंने मजबूती से ट्रंप का साथ दिया और प्रचार किया। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की बेस्ट सेलर किताबें भी प्रकाशित कीं और ट्रंप के आंदोलन को समर्थन देने वाले सुपर पैक का संचालन भी किया।डोनाल्ड ट्रंप ने खुद बताया है कि वह सर्जियो गोर को भारत में अमेरिकी राजदूत इसलिए बना रहे हैं, क्योंकि उन्हें उन पर और उनके काम पर पूरा भरोसा है। उन्हें यकीन है कि अमेरिका के एजेंडे को भारत और एशिया क्षेत्र में पूरा करने में वह मदद करेंगे। वह अमेरिका को फिर से महान बनाने में अपना योगदान देंगे। अभी भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर तकरार है। ऐसे में ट्रंप अपने सबसे भरोसे मंद आदमी को ही भारत का राजदूत बनाना चाहते थे। ऐसे में सर्जियो गोर से बेहतर उनके पास क्या विकल्प होता। सर्जियो गोर राष्ट्रपति बनने से पहले से उनके खास रहे हैं।

### ट्रंप की चेतावनीः शिकागो में भी अपराध रोकने हो सकता है संघीय हस्तक्षेप

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि शिकागो अगला शहर हो सकता है, जहां अपराध पर काबू पाने के लिए संघीय सरकार कार्रवाई करेगी। ट्रंप ने इससे पहले वाशिंगटन डीसी में अपराध आपातकाल घोषित कर नेशनल गार्ड की तैनाती की थी। अब उनका कहना है कि शिकागो, लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, बाल्टीमोर और ऑकलैंड जैसे अन्य शहरों में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जा सकती है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि उनके प्रयासों से वाशिंगटन दुनिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक बन रहा है। इसके तहत वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना, मिसिसिपी, ओहायो, लुइसियाना और टेनेसी जैसे राज्यों से 1,900 से अधिक नेशनल गार्ड जवान तैनात किए गए हैं। राष्ट्रपति ने दक्षिण-पूर्वी डीसी में कानून प्रवर्तन अधिकारियों और जवानों से मुलाकात कर अपने अभियान को और आगे बढ़ाने की बात दोहराई। उन्होंने यह भी कहा कि अपराध, बेघरता और अवैध प्रवास पर सख्त नियंत्रण आवश्यक है। हालांकि, डीसी की मेयर बोसर ने ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए कहा कि 2023 और 2019 की तुलना में अपराध दर काफी कम हुई है और शहर पिछले 30 वर्षों में सबसे सुरक्षित स्तर पर है।

## अमेरिका से रक्षा, तकनीक व व्यापार में बढ़ा सहयोग, टैरिफ पर तनाव क्यों!

### भारत की रूस और चीन के साथ बढ़ती नजदीकियों से अमेरिका चिंतित

वाशिंगटन,(ईएमएस)। भारत और अमेरिका के बीच संबंध हमेशा से ही जटिल लेकिन रणनीतिक साझेदारी का हिस्सा रहे हैं। एक तरफ दोनों देश रक्षा, तकनीक और व्यापार में सहयोग बढ़ा रहे हैं, तो दूसरी तरफ ट्रंप प्रशासन के ट्रेड एडवायजर पीटर नवारो की तीखी बयानबाजी और भारत पर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ ने दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा कर दिया है। अब सवाल उठता है कि जब अमेरिका भारत को एक मजबूत सहयोगी मानता है, तो फिर यह टैरिफ वाली नफरत क्यों? मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते पिछले कुछ दशकों में अभूतपूर्व रूप से मजबूत हुए हैं। पीएम मोदी के कई अमेरिकी दौरे और दोनों देशों के बीच रक्षा, तकनीक और व्यापार में बढ़ते सहयोग ने भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक अहम साझेदार बनाया है। 2024-25 में अप्रैल से अगस्त तक अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है, जिसके साथ 53 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। यह आंकड़ा दर्शाता है कि दोनों देश आर्थिक रूप से एक-दूसरे के लिए कितने अहम हैं।अमेरिका की ट्रंप सरकार ने भी जुलाई 2025 में भारत के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते की बात कही थी, जिसे दोनों देशों के बीच लॉन्ग टर्म आर्थिक साझेदारी की दिशा में एक कदम माना गया है, फिर भी उसी ट्रंप सरकार के सलाहकार पीटर नवारो भारत को टैरिफ का महाराजा और क्रेमलिन के लिए लॉन्ड्रोमैट जैसे तीखे शब्दों से नवाज रहे हैं। पीटर नवारो जो ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट नीति के प्रमुख रणनीतिकार माने जाते हैं उन्होंने भारत की टैरिफ नीतियों और रूस के साथ ऊर्जा संबंधों पर कड़ा रुख अपनाया है। नवारो का आरोप है कि भारत रियायती दरों पर रूसी तेल खरीदकर उसे रिफाइन कर मुनाफा कमा रहा है, जिससे रूस को यूक्रेन युद्ध में आर्थिक मदद मिल रही है। उन्होंने भारत को यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देने वाला बताया। इसके जवाब में अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया है, जिससे कुल टैरिफ 50फीसदी तक पहुंच गया है। नवारो की यह आलोचना उस समय आई जब भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस के साथ ऊर्जा संबंधों का बचाव करते हुए कहा कि भारत की तेल खरीद वैश्विक ऊर्जा बाजारों को स्थिर करने में मदद करती है और यह अमेरिका के अनुरोध पर ही शुरू हुई थी। यह दोहरा रवैया अमेरिकी नीति की जटिलता को उजागर करता है, खासकर जब चीन, जो रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है, ऐसी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई।पीटर नवारो का भारत के प्रति यह रुख केवल व्यापार घाटे या रूसी तेल की खरीद तक सीमित नहीं है। इसके पीछे एक बड़ा जियो-पॉलिटिकल डर है। भारत की रूस और चीन के साथ बढ़ती नजदीकियां अमेरिका के लिए चिंता का विषय हैं। नवारो ने भारत को शी जिनपिंग के साथ नजदीकी बढ़ाने का आरोप भी लगाया है, जो अमेरिका की चीन को घेरने की रणनीति के लिए खतरा बन सकता है।

### रूस-यूक्रेन के बीच शांति की राह

पीटर नवारो भारत को लेकर स्टैंड बदलते भी रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ भी की है। नवारो का कहना है कि रूस-यूक्रेन के बीच शांति का रास्ता भारत से होकर गुजरता है।

### परमाणु बम की तरह फटा अमेरिकी तेल कंपनी का प्लांट, दो किमी तक मंडराया संकट

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। लुइसियाना राज्य के रोजलैंड कस्बे के पास स्थित स्मिट्टीज सप्लाई कंपनी के तेल प्लांट जोरदार धमाका हो गया। इसे आग की भयंकर लपटें और काला धुआं आसमान में छा गया। धमाके के तुरंत बाद प्रशासन ने आसपास के लगभग दो किमी के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को अपने घर खाली करने का आदेश दिया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि धमाका, आग की लपटें और काला धुंआ देखकर लगता था मानो परमाणु बम फट गया हो। टैंजिपाहोआ पैरिश शेरिफ ऑफिस ने एक्स पर बताया कि आग पर अभी काबू नहीं पाया जा सका है और फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि कब हालात सामान्य होंगे। इस घटना के चलते रोजलैंड मोंटेसरी स्कूल को भी खाली कराना पड़ा। प्रशासन ने बताया कि सभी बच्चों और स्टाफ को सुरक्षित तरीके से स्कूल से निकालकर सेंट्रल ऑफिस पहुंचाया गया, जहां से अभिभावकों ने उन्हें अपने साथ ले गए।सुपरिंटेंडेंट मेलिसा मार्टिन स्टिले ने कहा, हमें राहत है कि सभी बच्चे और स्टाफ सुरक्षित घर पहुंच गए हैं। उनके जीवन की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। टैंजिपाहोआ पैरिश प्रेसिडेंट रॉबी मिलर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रशासन पूरी ताकत से लोगों, इमारतों और पर्यावरण को बचाने में जुटा है। उन्होंने इसे 'ईश्वर की कृपा' बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। स्मिट्टीज के जिस प्लांट में दोपहर के समय धमाका हुआ वह वही प्लांट है जिस पर पिछले कुछ सालों में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन को लेकर कई बार जुर्माना लगाया जा चुका है। साल 2021 में पास की नाली में तेल रिसाव के मामले में कंपनी पर 2.5 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। हालांकि उस समय कंपनी ने जिम्मेदारी स्वीकार नहीं की थी, लेकिन सजा के तौर पर रकम चुकाई थी। फेडरल और स्टेट रिकॉर्ड बताते हैं कि बीते छह सालों में कंपनी पर कई बार कार्रवाई हुई है।

### ये क्या हुआ, अमेरिकी जनरल ने राष्ट्रपति ट्रंप की हां में हां नहीं की तो कर दिया बर्खास्त



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली काफी अलग है। कब कौन सा निर्णय ले बैठें कोई नहीं जानता। हाल ही में उन्होंन एक जनरल को सिर्फ इसलिए बर्खास्त कर दिया कि उन्होंने ट्रंप की हां में हां नहीं मिलाई थी। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को तीन बड़े अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया। सबसे बड़ा नाम है लेफ्टिनेंट जनरल जेफ्री क्रूज का है, जो अमेरिकी डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) के प्रमुख थे। इसके अलावा वाइस एडमिरल नैन्सी लैकोरे (नेवी रिजर्व की चीफ) और रियर एडमिरल मिल्टन सैंड्स (नेवी सील और स्पेशल वॉरफेयर कमांड के प्रमुख) को भी बर्खास्त कर दिया गया।दरअसल, डीआईए की एक शुरुआती रिपोर्ट में कहा गया था कि इन हमलों से ईरान का परमाणु कार्यक्रम सिर्फ कुछ महीनों के लिए धीमा हुआ है। यह बात राष्ट्रपति ट्रंप के दावों के उलट थी। ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का कहना था कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम 'पूरी तरह तबाह' हो गया है। रिपोर्ट लीक होने के बाद ट्रंप बेहद नाराज हो गए। माना जा रहा है कि यही वजह जनरल क्रूज की बर्खास्तगी का सबसे बड़ा कारण बनी। बता दें कि यह कोई पहला मामला नहीं है। हाल ही में ट्रंप प्रशासन ने कई वरिष्ठ अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया है। पेंटागन के मुताबिक एयरफोर्स के टॉप अफसर जनरल डेविड ऑल्विन ने अचानक दो साल पहले ही रिटायरमेंट की घोषणा कर दी। जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर, जो ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन थे, उन्हें भी हटा दिया गया। नौसेना के प्रमुख, एयरफोर्स के डिप्टी चीफ और तीनों सेनाओं के टॉप लॉ ऑफिसर्स को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया। अप्रैल में एनएसए के प्रमुख जनरल टिम हॉग और नाटो की वरिष्ठ अधिकारी वाइस एडमिरल शोशाना चैटफील्ड को भी हटा दिया गया। पेंटागन ने इस बर्खास्ती पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं विपक्षी नेताओं का आरोप है कि ट्रंप प्रशासन अब खुफिया एजेंसियों और सेना से सिर्फ वही राय चाहता है, जो उनके राजनीतिक हितों के अनुकूल हो। सीनेटर मार्क वॉर्नर ने कहा, 'एक और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी की बर्खास्तगी से साफ है कि ट्रंप प्रशासन खुफिया रिपोर्ट को देश की सुरक्षा नहीं बल्कि वफादारी की कसौटी मान रहा है।' हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के डेमोक्रेटिक नेता जिम हाइम्स ने भी सवाल उठाए और कहा, 'अगर सरकार साफ वजह नहीं बताती तो इसे एक राजनीतिक फैसला ही माना जाएगा, जो खुफिया एजेंसियों में डर का माहौल बनाने के लिए किया गया है।

# सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत जीतेगा एशिया कप : सहवाग



नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग को विश्वास है कि भारतीय टीम आगामी एशिया कप 2025 का खिताब अपने नाम करेगी। सहवाग का मानना है कि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने जिस तरह का आक्रामक खेल दिखाया है, उसी अंदाज को अगर टूर्नामेंट में जारी रखा गया तो खिताब जीतने से कोई नहीं रोक सकता। संयुक्त अरब अमीरात में 9 से 28 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, ओमान और मेजबान यूएई के साथ रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, हांगकांग, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं।

टी20 प्रारूप में खेला जाने वाला एशिया कप भारत के लिए नया नहीं है। 2016 में हुए इसके पहले संस्करण की चैंपियन भारतीय टीम रही थी और इस बार भी सहवाग को भरोसा है कि टीम अपनी पहचान कायम करेगी। उन्होंने कहा कि इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतरीन संतुलन है और सूर्यकुमार यादव की निर्भीक कप्तानी टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। सहवाग ने कहा, "सूर्या की आक्रामक मानसिकता टी20 क्रिकेट के लिए बिल्कुल सही है। अगर खिलाड़ी इसी आत्मविश्वास और इरादे से खेलते रहे तो फिर भारत निश्चित रूप से ट्रॉफी जीत सकता है।"

सहवाग टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के 'रग रग में भारत' अभियान से जुड़े और इस मौके पर क्रिकेट और देश की एकजुटता के भाव को भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि जब भारतीय टीम मैदान पर होती है तो पूरा देश एक भावना से बंध जाता है। क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं बल्कि भावनाओं का ऐसा संगम है जो हर भारतीय को जोड़ता है। सूर्यकुमार यादव इस टूर्नामेंट में 15 सदस्यीय भारतीय टीम की कमान संभालेंगे, जबकि युवा बल्लेबाज और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले दुबई और अबूधाबी में खेले जाएंगे। सहवाग की उम्मीदों और टीम की मौजूदा लय को देखते हुए भारतीय प्रशंसकों को भी एशिया कप में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

# दबंग दिल्ली के कप्तान बने रहेंगे आशु मलिक



नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रो कबड्डी लीग का 12 सत्र इस माह 29 अगस्त से शुरु होने जा रहा है। इस सत्र के लिए दबंग दिल्ली केसी ने आशु मलिक को अपनी टीम का कप्तान बनाये रखा है। दबंग दिल्ली के अनुसार मलिक का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है और हर सत्र के साथ ही उनकी कप्तानी में भी निखार आया है। उनके जुझारु रवैये से प्रभावित होकर ही उन्हें एक बार फिर कप्तानी सौंपी गयी है। ही मलिक ने पिछले साल काफी अच्छा शानदार प्रदर्शन किया था। बतौर खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर इस खिलाड़ी ने टीम की ओर से महत्तपूर्ण भूमिका निभाई थी। दिल्ली केसी के मुख्य कार्यकारी ने कहा कि से सत्र सीजन हमारे लिए काफी विशेष है। हम लगातार 6 प्लेऑफ प्रदर्शनों से आगे बढ़ते हुए एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल करना चाहते हैं। इसके लिए हमारे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही मजबूत नेतृत्व की भी आवश्यकता है जिसमें मलिक पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने लचीलापन, परिपक्वता और टीम को प्रेरित करने की क्षमता दिखाई है। उनके नेतृत्व में हमें ट्रॉफी जीतने का पूरा भरोसा है। वहीं कोच जोगिंदर नरवाल ने कहा कि कप्तान लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और एक मजबूत नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं। मुझे भरोसा है कि इस साल फिर से टीम का मार्गदर्शन करेंगे। हमारा लक्ष्य प्लेऑफ से आगे बढ़ते हुए खिताब के लिए बढ़ना है।

# दक्षिण अफ्रीका ने कंगारुओं को उनके ही घर में हराया

### सीरीज पर किया कब्जा

### तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी के सामने नहीं टिक सके ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज



नई दिल्ली,(ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका टीम ने इतिहास रच दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 84 रन से हराकर सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। तीन मैचों की वनडे सीरीज में दक्षिण अफ्रीका 2-0 से आगे है। यह साउथ अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार पांचवीं वनडे सीरीज जीत है। तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी ने शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने नहीं दिया। मेजबान ऑस्ट्रेलिया पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी।

मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिय टीम अपने घर में खेल रही थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे 98 रन से जीता था। सीरीज का आखिरी वनडे रविवार को खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का ताज अपने नाम करने के बाद अफ्रीका के हौसले बुलंद हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 278 रन का लक्ष्य रखा था। ऑस्ट्रेलिया टीम 37.4 ओवर में 193 रन ही बना सकी और 84 रन से मुकाबला हार गई। अफ्रीका की ओर से मैथ्यू ब्रीत्जे ने सबसे ज्यादा 88 रन की पारी खेली। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स 74 रन बनाकर आउट हुए। टोनी डी जोर्जी ने 38 रन का योगदान दिया। मूल्डर 26 रन बनाकर आउट हुए वहीं केशव महाराज ने 22 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से विकेटकीपर जोस इंग्लिस ने सबसे ज्यादा 87 रन बनाए। वहीं कैमरन ग्रीन ने 35 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 49.1 ओवर में 277 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी ने 8.4 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट झटके। एंगिडी ने मार्नस लाबुशेन, इंग्लिस, आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट और एडम जांपा को पवेलियन भेजा। एंगिडी को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

वहीं दूसरे वनडे में अफ्रीका की ओर से एडेन माक्ररम कप्तानी कर रहे थे। जीत के बाद माक्ररम ने कहा कि बेशक यह एक शानदार अहसास है। ऑस्ट्रेलिया आना और एक मैच बाकी रहते सीरीज को जीतना कभी भी आसान नहीं होता। ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी काफी खुश हैं। लुंग्स ने जिस तरह से यह कारनामा किया, उसके लिए हम बेहद खुश हैं। गेंद में तेजी और उछाल था और दोनों तेज गेंदबाजों ने नई गेंद से कमाल की गेंदबाज़ी की। रविवार को चीजों को बेहतर करने का एक और मौका है और उम्मीद है कि नतीजा हमारे पक्ष में ही रहेगा।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने साल 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज जीती थी। इसके बाद 2018 में भी प्रोटियाज टीम ने कंगारूओं के खिलाफ वनडे सीरीज में बाजी मारी। वहीं 2019 में भी अफ्रीका ने वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराया। साल 2023 में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को मात दी। अब फिर अफ्रीका ने वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को धूल चटा दी है।

# एशिया कप से पहले बीमार हुए शुभमन गिल, दलीप ट्रॉफी से बाहर

नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया टेस्ट टीम के कप्तान और युवा स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल एशिया कप 2025 से पहले बीमार पड़ गए हैं। उनकी तबीयत ठीक न होने के कारण वे दलीप ट्रॉफी से हट गए हैं। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गिल नॉर्थ जोन की कप्तानी करने वाले थे। लेकिन अब उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान अंकिम कुमार टीम की बागडोर संभालेंगे। गिल को टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए भारतीय टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है और बोर्ड के लिए उनकी फिटनेस सबसे बड़ी प्राथमिकता है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम के फिजियो ने हाल ही में गिल की जांच की और बीसीसीआई को हेल्थ रिपोर्ट सौंप दी। वर्तमान में वह चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर आराम कर रहे हैं। चयन समिति और बोर्ड के अधिकारियों ने गिल की उपलब्धता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की हैं कि गिल दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। वैसे भी वह पूरी प्रतियोगिता के लिए उपलब्ध नहीं रहते क्योंकि एशिया कप की तैयारियों के चलते उन्हें टीम इंडिया से जुड़ना था। ऐसे में गिल केवल शुरुआती मैच के लिए ही उतर पाते। गिल का हालिया फॉर्म की बात करें तो भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ी राहत रहा है। इंग्लैंड दौरे पर खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांच टेस्ट मैचों में उन्होंने 754 रन बनाए और सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। यह उनके कप्तानी करियर की पहली टेस्ट सीरीज थी जिसमें उन्होंने भारत को 2-2 की बराबरी दिलाई और अपने नेतृत्व कौशल से सबको प्रभावित किया। उनकी अनुपस्थिति दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन के लिए जरूर झटका है, हालांकि चयनकर्ताओं ने पहले ही शुभम रोहिल्ला को बैकअप के रूप में शामिल किया था। नॉर्थ जोन का पहला मुकाबला 28 अगस्त को ईस्ट जोन से होगा। वहीं, एशिया कप टीम का हिस्सा अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी केवल शुरुआती मैच के बाद टीम से अलग हो जाएंगे। दलीप ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गिल जैसे बड़े खिलाड़ी का न खेलना निश्चित रूप से निराशाजनक है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए उनका पूरी तरह फिट होना कहीं ज्यादा जरूरी है। एशिया कप 9 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहा है और भारतीय टीम को गिल की बल्लेबाजी और उनकी नेतृत्व क्षमता दोनों की सख्त जरूरत होगी। फिलहाल सभी की निगाहें उनके स्वास्थ्य और एशिया कप से पहले उनकी फिटनेस पर टिकी हैं।



ब्रुसेल्स के किंग बाउडौइन मेमोरियल स्टेडियम में वैन डैम डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान ऊँची कूद स्पर्धा में जमैका से रोमेन बेकफोर्ड।

# रिंकू सिंह ने बैट विवाद पर तोड़ी चुप्पी, एशिया कप में चमकने को तैयार

नई दिल्ली (ईएमएस)। कोलकाता नाइट राइडर्स और भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल 2024 के दौरान वायरल हुए उस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें वह विराट कोहली से बैट मांगते नजर आए थे। कोहली ने उन्हें जो बल्ला दिया था, वह टूट गया और इसके बाद रिंकू दोबारा नया बैट मांगते दिखे थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था और रिंकू काफी सुर्खियों में आ गए थे। अब मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू ने इस पूरे मामले को लेकर खुलासा किया है।

27 वर्षीय रिंकू इन दिनों यूपी टी20 लीग में खेल रहे हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में मुस्कुराते हुए कहा कि बैट वाले मामले में वह थोड़ा ज्यादा बदनाम हो गए थे। उन्होंने बताया कि वह सामान्य तौर पर विराट कोहली से मिलने जाते थे और बैट भी मांग लेते थे, लेकिन कैमरे में कैद होने से मामला ज्यादा फैल गया। उन्होंने कहा कि यह चीज उनके लिए और कोहली दोनों के लिए ठीक नहीं रही। रिंकू ने आगे बताया कि इस बार यानी आईपीएल 2025 में उन्होंने कोहली से बैट नहीं लिया बल्कि एमएस धोनी और रोहित शर्मा से बल्ला लिया, जो उनके लिए बड़ी बात है।रिंकू ने कहा कि बड़े खिलाड़ियों का बैट पाना उनके करियर के लिए बेहद खास है। वह इसे एक यादगार पल मानते हैं। वहीं, उन्होंने एशिया कप 2025 में जगह मिलने पर खुशी जताई और कहा कि यह उनके लिए बड़ा मौका है। पिछले साल वह वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने से चूक गए थे और सिर्फ स्टैंडबाय खिलाड़ी थे। इस बार मुख्य टीम में शामिल होना उनके लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। रिंकू ने बताया कि उनकी तैयारी अच्छी चल रही है और यूपी टी20 में उनकी बल्लेबाजी भी शानदार रही है। उन्होंने कहा कि वह एशिया कप में जब भी मौका मिलेगा, टीम इंडिया के लिए बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी और खिताब जीतेगी। रिंकू अब आईपीएल से आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# भारतीय महिला टीम विश्वकप 2025 की प्रवल दावेदार : रीमा

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करने जा रहे हैं और इसी बीच पूर्व ऑलराउंडर रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अब तक की सबसे मजबूत टीम करार दिया है। टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितंबर से दो नवंबर तक होगा और हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना अभियान गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से शुरू करेगी। रीमा का मानना है कि इस टीम में अनुभव और युवाओं का ऐसा संतुलन है, जो घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने का दमखम रखता है। उन्होंने कहा कि इस बार हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे युवा चेहरे भी टीम को मजबूती दे रहे हैं।चर्चा का बड़ा विषय शेफाली वर्मा का टीम से बाहर होना रहा, लेकिन रीमा ने दिल्ली की बल्लेबाज प्रतिका रावल को शामिल किए जाने को सही बताया। प्रतिका ने 14 वनडे में 754 रन बनाए हैं और उनके प्रदर्शन में निरंतरता साफ दिखाई देती है। इसके उलट शेफाली के आंकड़े इस फॉर्मेट में औसत ही रहे हैं। रीमा ने कहा कि चयनकर्ताओं ने इस बार बड़े नाम के बजाय भरोसेमंद प्रदर्शन को तरजीह दी है, जो टीम के हित में है।बल्लेबाजी को हमेशा से भारत की ताकत माना गया है, लेकिन इस बार गेंदबाजी भी टीम की असली पहचान बन सकती है। रेणुका ठाकुर, अमनजोत और अरुंधति रेड्डी तेज गेंदबाजी विभाग को संतुलित कर रही हैं, जबकि स्पिन में दीप्ति शर्मा, राधा यादव और स्नेह राणा का अनुभव और हुनर बड़ा हथियार साबित हो सकता है। रीमा ने कहा कि खासकर स्नेह राणा सफेद गेंद क्रिकेट में परिपक्व हो चुकी हैं और वनडे फॉर्मेट में उनकी उपयोगिता बहुत बढ़ गई है।भारत महिला टीम विश्व कप के इतिहास में दो बार फाइनल में पहुंची है लेकिन खिताब जीतने का गौरव प्राप्त नहीं हुआ हैं। 2005 में ऑस्ट्रेलिया और 2017 में इंग्लैंड ने भारत को फाइनल में मात दी थी। रीमा का कहना है कि यह टीम उन पिछली असफलताओं से अलग है और इस बार आत्मविश्वास से भरी हुई है। हाल ही में श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन टीम की तैयारी का सबूत है। उन्होंने माना कि हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन निर्णायक होगा क्योंकि वह दबाव में बेहतर खेलती हैं और टीम को बड़ी जीत दिला सकती हैं। जेमिमा रोड्रिग्स के पांचवें नंबर पर खेलने से बल्लेबाजी में गहराई आई है, जबकि अमनजोत और अरुंधति ने पूजा वस्त्राकर की चोट से बनी कमी को पूरा किया है। रीमा का मानना है कि कागजों पर यह टीम सबसे मजबूत है और घरेलू समर्थन के साथ इस बार भारत खिताब जीतने का प्रबल दावेदार है।

# सीपीएल 2025 : टी20 में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बने ताहिर



गुयाना (ईएमएस)। सीपीएल 2025 में शनिवार को गुयाना अमेजन वॉरियर्स और एंटीगुआ एंड बरबुडा फॉल्कंस के बीच खेले गए एक मुकाबले में अनुभवी स्पिनर और कप्तान इमरान ताहिर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए नया इतिहास रच दिया। ताहिर की घातक स्पेल की बदौलत गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने मुकाबले में जीत दर्ज की, वहीं ताहिर टी20 क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए। मैच में इमरान ताहिर ने अपने चार ओवर के स्पेल में एक मेडन डालते हुए मात्र 22 रन देकर पांच विकेट झटके। इससे पहले यह रिकॉर्ड मलावी के मोअज्जम अली बेग के नाम था, जिन्होंने सितंबर 2004 में कैमरून के खिलाफ 22 रन देकर पांच विकेट लिए थे। ताहिर ने इस उपलब्धि को हासिल कर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।इतना ही नहीं, ताहिर अब टी20 क्रिकेट के इतिहास में पांच विकेट लेने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 46 साल 149 दिन की उम्र में हासिल की। उनसे आगे केवल कुक आइलैंड के तोमाकानुटे रीतावा हैं, जिन्होंने 2022 में फीजी के खिलाफ 46 साल 299 दिन की उम्र में पांच विकेट लिए थे। इमरान ताहिर का टी20 करियर बेहद शानदार रहा है। 2006 से अब तक वे अंतरराष्ट्रीय और लीग क्रिकेट मिलाकर 436 टी20 मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 419 पारियों में गेंदबाजी करते हुए कुल 554 विकेट हासिल किए हैं। इस आंकड़े के साथ वे टी20 इतिहास के चौथे सबसे सफल गेंदबाज हैं। उनसे आगे राशिद खान, ड्वेन ब्रावो और सुनील नरेन का नाम आता है।ताहिर के नाम टी20 में एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा अब तक पांच बार दर्ज है। इस मामले में वे शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार और शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। इस सूची में सबसे ऊपर डेविड वीजा हैं, जिन्होंने सात बार यह कारनाम कर दिखाया है। पाकिस्तान मूल के इमरान ताहिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेलते हुए उन्होंने 20 टेस्ट में 57, 107 वनडे में 173 और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 63 विकेट लिए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी ताहिर का जादू लीग क्रिकेट में बरकरार है और उनका अनुभव आज भी टीमों के लिए जीत की कुंजी साबित हो रहा है।

# रोहित-विराट के फेयरवेल मैच की बातें करना निरर्थक है : राजीव शुक्ला



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के रिटायरमेंट को लेकर चल रही अटकलों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने साफ कहा कि दोनों खिलाड़ी अभी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए फेयरवेल मैच की बातें करना निरर्थक है। गौरतलब है कि रोहित और विराट पहले ही टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऐसे में 38 वर्षीय रोहित और 36 वर्षीय विराट के भविष्य पर लगातार चर्चाएं हो रही थीं। कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक कहा गया कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप टीम प्रबंधन की योजनाओं में दोनों का नाम शामिल नहीं है और ऑस्ट्रेलिया दौरा दोनों के लिए विदाई सीरीज साबित हो सकता है।

यूपी टी20 लीग द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में जब शुक्ला से सवाल पूछा गया कि क्या रोहित और विराट को सचिन तेंदुलकर जैसा फेयरवेल मिलेगा, तो उन्होंने जवाब दिया, "वे रिटायर कहां हुए हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे खेल रहे हैं। जब रिटायर नहीं हुए तो फेयरवेल की बात क्यों हो रही है। उन्होंने केवल दो फॉर्मेट से संन्यास लिया है। लेकिन वे अभी भी वनडे खेल रहे हैं, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है।"

शुक्ला ने बीसीसीआई की नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि बोर्ड कभी किसी खिलाड़ी को रिटायर होने के लिए बाध्य नहीं करता, यह पूरी तरह व्यक्तिगत निर्णय होता है। इंटरव्यू के दौरान फैंस की ओर से यह मांग भी रखी गई कि जब भी दोनों दिग्गज वनडे क्रिकेट से संन्यास लें तो उन्हें शानदार फेयरवेल दिया जाए। इस पर शुक्ला ने कहा, "जब वो समय आएगा तो देखेंगे। अभी से विदाई की बातें करने की जरूरत नहीं है। विराट कोहली बेहतरीन फॉर्म में हैं और काफी फिट हैं। रोहित शर्मा भी अच्छा खेल रहे हैं। ऐसे में विदाई को लेकर अभी चिंता करना जल्दबाजी है।"

रोहित और विराट ने आखिरी वनडे मैच मार्च 2025 में खेला था, जब भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला था। अब भारतीय टीम अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी, जहां तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। ऐसे में यह दोनों सीनियर खिलाड़ी एक बार फिर से मैदान पर नजर आएंगे और टीम प्रबंधन उनके अनुभव का पूरा फायदा उठाना चाहेगा।

# भारत में पहली बार मेसी की कप्तानी में खेलेगी अर्जेंटीना टीम



तिरुवनंतपुरम (ईएमएस)। भारत में अब फुटबॉल का बुखार चढ़ने वाला है, क्योंकि दुनिया के सर्वकालिक महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार लियोनेल मेसी की अगुआई में अर्जेंटीना फुटबॉल टीम इस साल नवंबर में भारत का दौरा करेगी। यह टीम केरल में एक दोस्ताना मैच खेलने आ रही है। इस ऐतिहासिक पल की आधिकारिक जानकारी राज्य के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से साझा की। उन्होंने बताया कि अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने ईमेल के जरिए इस दौरे की पुष्टि कर दी है।

मेसी के भारत आने की खबर के बाद फुटबॉल प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, खासकर केरल में, जहां दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल और अर्जेंटीना टीम के लिए गहरी दीवानगी है। यहां मेसी की लोकप्रियता बेहद ज्यादा है और अब राज्य उस ऐतिहासिक क्षण की तैयारियों में जुट गया है, जिसे प्रशंसक अपने 'सपनों के सच होने' जैसा मान रहे हैं। 2022 में फीफा विश्व कप जीतने के बाद अर्जेंटीना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खासतौर पर केरल के फुटबॉल फैंस को धन्यवाद भी दिया था।

अब इस दोस्ताना मुकाबले की तैयारियां भी तेज हो चुकी हैं। केरल फुटबॉल संघ (केएफए) और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मिलकर आयोजन स्थल और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। संभावना जताई जा रही है कि यह मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच अर्जेंटीना के लिए 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले की तैयारी का हिस्सा होगा। उम्मीद है कि मेसी टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि टीम की अंतिम सूची की घोषणा मुकाबले की तारीख नजदीक आने पर ही की जाएगी।

राज्य सरकार सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आतिथ्य सत्कार को लेकर विशेष इंतजाम करने की योजना बना रही है। पर्यटन विभाग का मानना है कि मेसी के भारत दौरे से केरल की अंतरराष्ट्रीय पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी और देश-दुनिया से प्रशंसक व पर्यटक यहां आकर्षित होंगे। केरल सरकार ने इस दोस्ताना मैच के लिए विशेष रूप से अर्जेंटीना टीम को आमंत्रण भेजा था और अब यह आयोजन राज्य के लिए गौरव और ऐतिहासिक अवसर बन गया है।

# एशिया कप टीम के लिए श्रेयस अय्यर का टीम से बाहर होना अनुचित : दिनेश कार्तिक

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यूएई में 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया। हालांकि, इस टीम में श्रेयस अय्यर का नाम शामिल न होने पर कई दिग्गज खिलाड़ियों ने हैरानी जताई है। इसी तारतम्य में पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने इसे अनुचित बताते हुए चयनकर्ताओं से सवाल किया है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, "श्रेयस अय्यर कहां हैं? ये बड़ा सवाल है। वह कैसे बाहर हो सकता है? टीम ने पिछले 20 में से 17 मैच जीते हैं, ठीक है, लेकिन उन्हें 15 खिलाड़ियों में जगह न देना, यहां तक कि स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में भी शामिल न करना सही नहीं है। क्या इसका मतलब है कि टी20 विश्व कप को देखते हुए उनके लिए दरवाजे बंद हो चुके हैं? यह अनुचित होगा।" इससे पहले भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी अय्यर को टीम से बाहर करने के फैसले की आलोचना की थी। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह संकेत है कि भविष्य में टी20 प्रारूप में अय्यर के लिए जगह सीमित हो सकती है। श्रेयस अय्यर ने हाल ही में पंजाब किंग्स के कप्तान के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया और टीम को 2014 के बाद पहली बार फाइनल तक पहुंचाया। हालांकि, निर्णायक मुकाबले में पंजाब को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दिनेश कार्तिक ने अय्यर की कप्तानी और दबाव में बेहतर बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि चयनकर्ताओं को उन्हें पूरी तरह नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए था। उन्होंने उम्मीद जताई कि अय्यर के लिए दरवाजे अभी भी खुले रहेंगे।

# रोहित-विराट 2027 वनडे विश्व कप तक खेलें तो भारतीय क्रिकेट को होगा फायदा : रॉस टेलर


नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट में रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य को लेकर चल रही चर्चाओं में अब न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर की भी एन्ट्री हो गई हैं रॉस टेलर ने रोहित और विराट को लेकर बड़ा बयान दिया है। टेलर का मानना है कि ये दोनों खिलाड़ियों को वनडे प्रारूप में खेलते रहना चाहिए और अगर वे 2027 विश्व कप तक टीम का हिस्सा बने रहते हैं, तो यह भारतीय क्रिकेट और विश्व क्रिकेट दोनों के लिए बेहद अहम होगा। गौरतलब है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। हालांकि, दोनों ने वनडे प्रारूप में खेलना जारी रखने की इच्छा जाहिर की है। अक्टूबर में वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी मैदान पर खेलते नजर आ सकते हैं। इसके लिए दोनों ने अपनी फिटनेस और लय वापस पाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। नोएडा में आयोजित चैम्पियंस लीग टी-10 ट्रॉफी के दौरान रॉस टेलर ने कहा, "अच्छा, आप विराट और रोहित को ही देख लीजिए, वे अब भी फिट हैं और रन बना रहे हैं। इतना क्रिकेट खेलना उनके शरीर के लिए थकाऊ जरूर है, क्योंकि वे दोनों पैरेंट्स भी हैं और लंबे समय तक घर और बच्चों से दूर रहते हैं। लेकिन दुनिया उन्हें मैदान पर देखना चाहती है। विश्व क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट के नजरिए से उम्मीद है कि वे दोनों 2027 तक खेलते रहेंगे।"टेलर ने विराट कोहली के करियर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कोहली को शुरुआती दिनों से ही बढ़ते हुए देखा है। टेलर ने कहा, "जब विराट 18-19 साल का था तो थोड़ा मोटा था। उस समय कैमरन व्हाइट ने कहा था कि यह लड़का वर्ल्ड क्लास बनेगा। आज वह शानदार खिलाड़ी बन चुका है। वह न केवल आरसीबी के लिए वफादार रहा है, बल्कि भारतीय क्रिकेट और विश्व क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है। आरसीबी का आईपीएल खिताब जीतना और आखिरकार ट्रॉफी उठाना भी उसके करियर का अहम पल है।" टेलर का यह बयान उस समय आया है जब भारतीय क्रिकेट में लगातार यह बहस छिड़ी हुई है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को अब धीरे-धीरे युवा खिलाड़ियों को जगह देनी चाहिए या 2027 विश्व कप तक टीम का हिस्सा बने रहना चाहिए।



ब्रुसेल्स के किंग बाउडौइन स्टेडियम में मेमोरियल वैन डेम डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की लंबी कूद आमंत्रण स्पर्धा में भाग लेती बेल्जियम की नफिसातोउ थियाम।

# भारत फ्रांस की कंपनी सफ्रान के साथ मिलकर बनाएगा पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में की घोषणा






नई दिल्ली,(ईएमएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी सफ्रान के साथ मिलकर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के इंजन बनाए जाएंगे। सिंह ने नई दिल्ली में इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में यह घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने अपनी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस परियोजना पर रोल्स-रॉयस (यूके) और जीई (अमेरिका) जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों के साथ बातचीत चल रही थी। भारत ने आखिरकार सफ्रान के साथ साझेदारी करने का फैसला किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पहली एएमसीए इकाइयां जीई-414 इंजन के साथ उड़ान भरेंगी, लेकिन उन्नत एमके-2 में सफ्रान का 120 केएन इंजन इस्तेमाल किया जाएगा। रक्षामंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने एचएएल को करीब 66,000 करोड़ रुपए की लागत से 97 तेजस लड़ाकू विमान बनाने का नया ऑर्डर दिया है। इससे पहले, एचएएल को 48,000 करोड़ रुपए की लागत से 83 विमान बनाने का भी ऑर्डर दिया था। तेजस विमान भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का एक शानदार उदाहरण बनने के लिए तैयार है। ऐसा नहीं है कि इस प्रयास में हमें चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है, लेकिन हमने संकल्प लिया है कि हम हर समस्या का समाधान निकालेंगे और भारत में लड़ाकू विमान बनाने की पूरी क्षमता जरुर स्थापित करेंगे।

उन्होंने कहा कि आज हमने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में भी कदम आगे बढ़ा दिया हैं। हम भारत में ही विमान के इंजन के निर्माण की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। हम फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के साथ मिलकर भारत में इंजन निर्माण का काम शुरू करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि विमानन क्षेत्र में उन्नति के अगले चरण पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत ने उसे अनिश्चित समय में एक स्थिर शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

बता दें पेरिस में मुख्यालय वाली एक फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय एयरोस्पेस, रक्षा और सुरक्षा कंपनी, सफ्रान वाणिज्यिक और सैन्य दोनों प्रकार के विमानों के इंजन, प्रक्षेपण यान, अंतरिक्ष यान और मिसाइल प्रणोदन प्रणालियों के साथ-साथ विभिन्न अन्य एयरोस्पेस और सैन्य उपकरणों का विकास और निर्माण करती है। सफ्रान द्वारा 2018 में जोटिक एरोस्पेस के अधिग्रहण ने इसकी वैमानिकी गतिविधियों का महत्वपूर्ण विस्तार किया। 92,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देने वाली और 2024 में 27.31 बिलियन यूरो का राजस्व उत्पन्न करने वाली यह कंपनी यूरोनेक्स्ट स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है और सीएसी 40 और यूरो स्टॉक्स 50 का हिस्सा है।

# जहाँ साँसें थम गईं, असर्फी ने जगा दी उम्मीद




धनबाद। असर्फी हॉस्पिटल ने एक बार फिर यह साबित किया कि समय पर सही उपचार और विशेषज्ञ डॉक्टरों की तत्परता, असंभव को भी संभव बना सकती है। देवघर के एक दूरस्थ गाँव के निवासी मोहम्मद फुरकान मिर्ज़ा को अचानक घर पर ही बेहोशी आने लगी। परिजन स्थिति समझ नहीं पाए और उन्हें करीबी अस्पताल ले गए, जहाँ उन्हें सी.पी.आर. दिया गया। लगातार बेहोशी और बार-बार सी.पी.आर. के बावजूद जब परिजनों ने लगभग उम्मीद छोड़ दी, तभी किसी ने उन्हें सुझाव दिया कि हृदय रोग उपचार के लिए असर्फी हॉस्पिटल इस क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ केंद्र है। लगातार सी.पी.आर. देते हुए ही परिवार मरीज को असर्फी लाया। असर्फी पहुँचते ही डॉ. बिपिन सिन्हा के नेतृत्व में हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम ने तत्काल निर्णय लेते हुए टेम्पोरेरी पेसमेकर लगाया। इस दौरान मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया, क्योंकि फेफड़े नहीं काम कर रहे थे। परिवार पूरी तरह निराश हो चुका था, परंतु डॉ. बिपिन सिन्हा और उनकी टीम को विश्वास था कि मरीज को बचाया जा सकता है। गहन देखभाल और उपचार के बाद, जब मरीज को जीवन में वापस लाया गया, तो स्थायी पेसमेकर लगाया गया और टेम्पोरेरी पेसमेकर को बदल दिया गया। मात्र छह दिनों के उपचार के बाद मरीज स्वयं पैदल चलते हुए घर लौटे और अब पूरी तरह सामान्य जीवन जी रहे हैं। इस सफलता का श्रेय असर्फी हॉस्पिटल की अनुभवी कार्डियक टीम को जाता है – असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद में डॉ. बिपिन सिन्हा, डॉ. उदय और डॉ. सूरज चवन जैसे विशेषज्ञ और अनुभवी कार्डिओलॉजिस्ट्स हैं जो किसी भी हृदय रोग की चुनौती को संभालने में सक्षम है।

# तालडांगा में ग्रामीण कोटा बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता पर सेमिनार का किया गया आयोजन



चिरकुंडा, (धनबाद), ग्रामीण कोटा बैंक के द्वारा शनिवार को तालडांगा स्थित पटियाला होटल में वित्तीय साक्षरता को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वही बैंक अधिकारीयों ने सभी अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। सेमिनार में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने को लेकर कई तरह के उपाय बताये गए । इसके अलावा क्रेडिट अनुशासन, डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षा, जिम्मेदारी से उधारी विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कुमारधुबी ओपी प्रभारी राजेश कुमार लोहरा, जेपी वर्मा, प्रकाश सिंह, सागर सिंह एरिया मैनेजर, ब्रांच मैनेजर प्रणव कुमार मंडल, डिविजनल मैनेजर अनूप कुमार विश्वकर्मा, मुकेश कुमार असिस्टेंट बैंक मैनेजर, दीपक मुखर्जी असिस्टेंट बैंक मैनेजर, विजय यादव सहित दर्जनों की संख्या महिलाएं एवं बैंक कर्मी मौजूद थे।

## सड़क हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल

दुमकाःसाहेबगंज-गोबिंदपुर मुख्य मार्ग पर मसलिया थाना क्षेत्र के गोलबंधा स्थित तिलिया पहाड़ के समीप शनिवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जामा थाना क्षेत्र के श्यामपुर निवासी 40 वर्षीय बाबुशल किस्कू के रूप में हुई है।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बाबुशल किस्कू अपने घर श्यामपुर से बाइक पर सवार होकर ससुराल हेमंतपुर जा रहे थे। इसी दौरान तिलिया पहाड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर लगते ही बाबुशल सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनका दाहिना पैर टूट गया तथा सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– DHN-1/15/2025-26 (2nd call)
दिनांक – 22.08.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | SUPPLYING AND LAYING OF 100 MM DIA D.I PIPE K-9 FROM HIRAK ROAD DHANGI MORE TO SUPER SPECIALITY WARD UNDER D.W. & S. DIVISION NO.1, DHANBAD |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 80.716 लाख |
| 3 | अग्रधन की राशि | रू0 1.62 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 25.08.2025, 4.00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.09.2025, 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 08.09.2025, 04.00 बजे अपराह्न |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 0326–2311259 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–1280345 |

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट नं0– http://jharkhandtenders. gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद

PR 360273 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

# बासदेवपुर कोलियरी में अपराधियों का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है






**अपराधियों ने सर्विस वेन मे लगी बैटरी की चोरी कर ली,**

**चोरी व लूटपाट का यह सिलसिला जोरो से जारी,सुरक्षा व्यवस्था नाम मात्र की,**

लोयाबाद।बासदेवपुर कोलियरी में अपराधियों का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है।शुक्रवार की रात अपराधियों ने सर्विस वेन मे लगी दो बैटरी मे से एक चोरी कर ली।बताया जाता है कि सर्विस वेन कोलियरी पीओ के कार्यालय के समीप ही खड़ा रहता हैं।जहां शिफ्ट वाइज गार्ड की ड्यूटी होती है।द्वितिय एंव रात्रि पाली के गार्डो ने अपने पाली मे चोरी की घटना से इंकार किया हैं,इन दोनो पालियों के आपसी चक्कर में इस घटना को लेकर अब तक प्रबंधन की ओर से कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।चोरी गई बैटरी की अनुमानित कीमत 12 हजार रूपया बताया जा रहा है।स्थानीय लोगों व कर्मियों का कहना है कि बासदेवपुर क्षेत्र में अपराधियों का हौसला इतना बढ़ गया है कि वे लगातार माइंस,कोल डम्प और गोदाम को निशाना बना रहे हैं।चोरी व लूटपाट का यह सिलसिला जोरो से जारी है।स्थिति यह हो गई है कि सुरक्षा व्यवस्था नाम मात्र की रह गई है और अपराधी बिना किसी भय के घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।गौरतलब है कि गुरुवार की रात ही में इसी कोलियरी परिसर में तैनात दो सुरक्षा गार्डों को भी अपराधियों ने बुरी तरह पिटाई कर दी थी।इसके बावजूद अब तक अपराधियों पर अंकुश लगाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।स्थानीय लोग व श्रमिक संगठन प्रबंधन की चुप्पी और लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे तथा कोलियरी की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी।

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो**
**SARFASI CASE NO – 07 / 2025**

**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
Authorised Office
The Canara Bank Branch Setor 4 Bokaro.

–बनाम्–

द्वितीय पक्ष–
Mr. Saddam Hussain S/o Anwar Shah
House No 03, Ward No 01,Near Badi Masjid.
Shah Mohalla, Bharra, Chas Bokaro.

सूचना द्वितीय पक्षं को निर्गत

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 07 / 2025 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 10.09.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो

PR 360284 (Law)25-26*D

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो।**
**SARFASI CASE NO – 50 / 2023**

**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
**Authorised Officer**
Icici Bank Ltd.

–बनाम्–

द्वितीय पक्ष–
Gopal Kumar Jaiswal S/o Rajesh Parsad Jisawal
Mina Devi W/o Rajesh Jaisawal
R/o 3KH Bamaniya GD Near Shiv Mandir, Chas, Bokaro.

सूचना द्वितीय पक्ष को निर्गत

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 50 / 2023 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 24.09.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो।

PR 360298 (Law) 25-26 (D)

# धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई बैठक

धनबाद, संगठन सृजन के तहत धनबाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड अध्यक्ष एवं चिरकुंडा नगर परिषद वार्ड कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु चयन समिति की एक अति आवश्यक बैठक धनबाद परिषदन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सह धनबाद नगर निगम एव चिरकुंडा नगर वार्ड अध्यक्ष चयन समिति के अध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह ने की । बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं धनबाद नगर निगम क्षेत्र के पर्वेक्षक सह नगर निगम क्षेत्र वार्ड अध्यक्ष चयन समिति के सदस्य, अजय कुमार दूबे एवं चिरकुंडा नगर परिषद की प्रवेक्षक सह चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड अध्यक्ष चयन समिति के सदस्य श्री मती अनुपमा सिंह उपस्थित थे । बैठक में अजय दुबे ने कहा संगठन के मजबूती और प्रत्येक वार्ड के अध्यक्ष चयन में वैसे कार्यकर्ता को प्राथमिकता देनी है, जो संगठन के प्रति समर्पित हैं और सेवा भाव से आम लोगों से जुड़े हैं । वहीं श्री मति अनूपमा सिंह ने भी संगठन को मजबूती प्रदान करने वाले कार्यकर्ता को आगे लाने पर अपना समर्थन देते हुए कहा कांग्रेस के प्रती समर्पित कार्यकर्ताओ को संगठन में ज़मीनी स्तर पर आगे लाना है। बैठक में जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के द्वारा धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रखंड, नगर अध्यक्षों के मध्यम द्वारा प्रस्तावित अध्यक्षों की सूची चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। चयन समिति के अध्यक्ष सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा मोदी सरकार के दौर में वोट चोरी रोकने के लिए कांग्रेस संगठन को मजबूत करना आवश्यक है। इसलिए कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व ने सशक्त वार्ड अध्यक्ष चयन करने का निर्देश दिए हैं।

## पत्थर चिप्स खाली करने के दौरान सड़क किनारे पलटा हाईवा, चालक एवं उपचालक घायल

दुमकाःगोपीकांदर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाइवे पर कारूडीह मोड़ के समीप हाईवे के जीर्णोद्धार कार्य के दौरान पत्थर खाली कर रहा एक हाईवा पलट गया।

जिससे हाईवा ड्राईवर और खलासी घायल हो गया है।बता दें कि घायल हाईवा ड्राईवर सोहेब अख्तर और खलासी रामजी अमरापाड़ा थाना क्षेत्र के बासकिदरी गांव के रहने वाले हैं। हाईवा ड्राईवर सोहेब अख्तर ने बताया वह छतरचुआं स्थित क्रेशर प्लांट से जेएच 16 जी 6842 हाईवा से मैटेल पत्थर लोड कर गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाइवे पर थाना क्षेत्र के कारूडीह मोड़ के पास खाली कर रहा था|

पानी होने के कारण मिट्टी गिली थी और सड़क किनारे थोड़ा डाउन होने से गाड़ी असंतुलित होकर पलट गया, जिससे मै और उपचालक घायल हो गया। दोनों घायलों का इलाज गोपीकांदर सीएचसी कराकर दोनों छुट्टी दे दी गई। बताते चलें कि हाईवा चालक सोहेब अख्तर का सिर में गंभीर चोट है वंही उपचालक रामजी आंशिक रूप से घायल हुआ हैं।

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो।**
**SARFASI CASE NO – 06 / 2025**

**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
Authorised Office
The Canara Bank Branch Setor 4
Bokaro.

–बनाम्–

द्वितीय पक्ष–
Mr. Yakup Ali S/o Mohd Yunus
Shop No 26, Near Durga Chowk Sector 2/c Bokaro..

सूचना द्वितीय पक्षं को निर्गत

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 06 / 2025 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 10.09.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो।

PR.NO.360286 Law(25-26):D

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो**
**SARFASI CASE NO – 57 / 2024–25**

**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
Authorised Office
HDFC Bank LTD
Ashok Nagr Ranchi

–बनाम्–

द्वितीय पक्ष–
M/S s.k Metals Pro Smt Simpi Kumari singh W/o Sri Shourabha Singh
At C/o Avinash kumar singh ,Prabhat Co;ony Near Shiv Mandir Chas, Bokaro
Smt Simpi KUmari Singh W/o Sri Shourabha Singh
At C/o Avinash kumar singh ,Prabhat Co;ony Near Shiv Mandir Chas, Bokaro,
Mr. Gaurav Singh S/o Avinash Kumar
At Tripled No 4, Aastha Regency Pandra Ranchi po Hehal, Ranchi

सूचना द्वितीय पक्षं को निर्गत

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 57 / 2024–25 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 24.09.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो।

PR 360282 Law(25-26)#D

**अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, बोकारो**
**SARFASI CASE NO – 03 / 2025**

**नोटिस**

प्रथम पक्ष–
Bank of India
chas Branch Bokaro.

–बनाम्–

द्वितीय पक्ष–
Mrs. Subodh Kant Kumar S/O Ram Chander
At Tara Nagar Chas, Bokaro.

सूचना द्वितीय पक्षं को निर्गत

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि SARFASI CASE NO – 03 / 2025 में द्वितीय पक्ष लगातार अनुपस्थित रहे है। उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक. 24.09.2025. की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अथवा अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर अंतिम आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने।

अपर समाहर्त्ता,
बोकारो

PR 360293 (Law)25-26*D

# आईआईटी, आईएसएम धनबाद में उत्साह के साथ मनाया गया नेशनल स्पेस डे






धनबाद, आईआईटी, आईएसएम, धनबाद में नेशनल स्पेस डे 21 और 23 अगस्त को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस मौके पर कई रोचक और इनोवेटिव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया I जिनका मकसद छात्रों में जिज्ञासा जगाना और उन्हें अंतरिक्ष व एरोस्पेस साइंस की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन एनवीसीटीआई, नरेश वशिष्ठ सेंटर फोर टिनकेरिंग एंड इनोवेशन और एरोनॉटिक्स एंड स्पेस टेक्नोलॉजी क्लब की ओर से किया गया। 21 अगस्त को स्कूल छात्रों के लिए एरोफोल्ड चैलेंज का आयोजन हुआ, जिसमें धनबाद और आसपास के जिलों से आए बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने कागज़ के हवाई जहाज बनाए और उन्हें डिस्टेंस और एयरटाइम कैटेगरी में उड़ाकर अपनी क्रिएटिविटी और समझ दिखाई। अलग-अलग क्लास ग्रुप, कक्षा 1–6, 7–10 और 11–12 में आयोजित इस इवेंट ने बच्चों में साइंस और खासकर एरोडायनैमिक्स को लेकर काफी उत्साह जगाया।

23 अगस्त को आईआईटी, आईएसएम कैंपस में छात्रों के लिए कई इवेंट्स आयोजित किए गए I विंडकाफ्टर्स, बैटल ऑफ विट्स एंड विंग्स, जिमखाना ग्राउंड पर फ्रेशर्स टीमों ने इलास्टिक से चलने वाले ग्लाइडर बनाए और उड़ान की दूरी के आधार पर प्रतिस्पर्धा की। हाइड्रोजेट असेंट एम्बर ग्राउंड में छात्रों ने पानी से चलने वाले रॉकेट,पेट बोतल से बने लॉन्च किए और अपने डिजाइन व संतुलन कौशल का प्रदर्शन किया। क्विज द कॉसमॉस, पेनमैन ऑडिटोरियम में आयोजित इस क्विज़ में छात्रों ने अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल भौतिकी, सैटेलाइट और विज्ञान के इतिहास पर आधारित सवालों के जवाब दिए। ज्ञात हो की इन सभी इवेंट्स में छात्रों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। विजेताओं को आकर्षक इनाम, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो० बदाम सिंह कुशवाह, प्रो. प्रशान्त महतो और सह-संयोजक रमेश प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न सिर्फ भारत की स्पेस साइंस में उपलब्धियों को सेलिब्रेट करते हैं, बल्कि छात्रों को नए इनोवेशन और एसटीईएम,स्टीम फील्ड्स की ओर भी प्रेरित करता हैं।

दो दिन तक चले इस आयोजन ने छात्रों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाया और इसे नेशनल स्पेस डे 2025 का यादगार उत्सव बना दिया।

## फिल्मेफेस्ट 2025 कॉस्प्ले टाइम
# जगमगाया आई आई टी, आई एस एम धनबाद का ओपन एयर थिएटर




धनबाद। आई आई टी, आई एस एम, धनबाद का ओपन एयर थिएटर शनिवार की शाम रौशनी, उत्साह और क्रिएटिविटी से भर उठा जब इंस्टिट्यूट के ऑफिशियल फिल्ममेकिंग क्लब लाइट्स कैमरा आई एस एम ने आयोजित किया फिल्मेफेस्ट 2025 इट्स कॉस्प्ले टाइम I यह फेस्ट पूरी तरह कॉस्प्ले थीम पर आधारित था I जिसमें स्टूडेंट्स ने अपने पसंदीदा फिल्म, एनीमे और पॉप कल्चर कैरेक्टर्स को मंच पर ज़िंदा कर दिया।

शनिवार को शाम की शुरुआत 6:30 बजे धमाकेदार ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुई I जिसमें पैपराज़ी-स्टाइल इंट्रोडक्शन और ऑडियंस व गेस्ट्स का जोशीला स्वागत किया गया। मेमेफ्लिक्स और कैच द पंच लाइन जैसे सेगमेंट्स ने दर्शकों को हंसी और तालियों से सराबोर कर दिया। इसके बाद स्टेज पर रंगारंग परफॉर्मेंसेज हुए जिसमें स्टूडेंट्स की शानदार प्रस्तुतियाँ, मंथन डांस क्रू का जोशभरा डांस और मशहूर डब्लू टी, सी टीम का धमाल शामिल था। इस बीच फ्रेशर्स, वीडियो 2025 का प्रीमियर, सॉउन्डट्रैक शोडाउन और सबसे रोमांचक रैंप वाक ने फेस्टिवल का माहौल और भी जीवंत बना दिया।

रात बढ़ने के साथ ही बेस्ट परफॉर्मर, क्विज़ विनर और सबसे शानदार कॉस्प्ले करने वालों को प्राइज दिए गए। फेस्ट का समापन ओपन-स्टेज डांस सेशन के साथ हुआ I जहां स्टूडेंट्स ने तारों भरे आसमान के नीचे जमकर डांस किया और इसे यादगार पल भी बनाया I

# मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत लाभुकों के बीच ट्रैक्टरों का वितरण



धनबाद, मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत आज समाहरणालय परिसर में लाभुकों के बीच ट्रैक्टर, सोलर पंप सेट एवं पंप सेट का वितरण सांसद धनबाद के ढुल्लु महतो, विधायक टुंडी के मथुरा प्रसाद महतो, विधायक धनबाद के राज सिन्हा, विधायक निरसा के अरूप चटर्जी, विधायक सिंदरी के चंद्रदेव महतो, जिला परिषद की अध्यक्ष, श्रीमती शारदा सिंह, उपायुक्त, आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर धनबाद, गोविंदपुर, निरसा व टुंडी प्रखंड के 5 कृषक समूह के बीच ट्रैक्टर का वितरण किया गया। वहीं टुंडी प्रखंड के 2 महिला स्वयं सहायता समूह को कृषि यंत्रों का वितरण योजना के तहत सोलर पंप तथा टुंडी, गोविंदपुर, बाघमारा व कलियासोल के 8 लाभुकों के बीच पंप सेट का वितरण किया गया।

# ध.को.कर्म.संघ,भामसंघ की कार्य पद्धति अन्य सभी श्रम संगठनों से अलग : सीएमडी







धनबाद, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ कार्यालय विश्वकर्मा भवन पुलिस लाइन धनबाद में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया I जिसमें मुख्य रूप से बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक तकनिकी योजना एवं परियोजना मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक तकनिकी ओ.पी. संजय सिंह, निदेशक, मा.सं. मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक, वित्त, राकेश कुमार सहाय की गरिमामयी उपस्थिति हुई। सम्मान समारोह का संचालन संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह एवं अध्यक्षता मुरारी ताँती द्वारा किया गया। संघ के पदाधिकारियों के द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सभी निदेशक मंडल बीसीसीएल का स्वागत किया गया।सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महाप्रबंधक एवं उनकी पूरी टीम को सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुये उत्पादन, डिस्पैच की गुणवत्ता को सुचारू रूप से रखने के लिए निर्देश दिये गये हैं। भारतीय मजदूर संघ की कार्य पद्धती सचमुच अन्य श्रम संगठनों से अलग है, जिस कारण यह संगठन शुन्य से शिखर तक पहुँचा है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की टीम मुख्यालय में लम्बित उम्र विवाद, नियोजन, औद्योगिक संबंधित सभी समस्याओं को निष्पादन कर रही है।

मौके पर के. के. सिंह मंत्री अ.भा.ख.म.संघ, धर्मजीत चौधरी मंत्री भामसंघ धनबाद जिला सह महामंत्री भ.नि. एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन भामसंघ झारखण्ड प्रदेश, माधव सिंह कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बीसीसीएल, इसीएल और सीएमपीएफ प्रभात रंजन मंत्री भामसंघ झा. प्रदेश, ओम कुमार सिंह कार्यसमिति सदस्य भामसंघ झा. प्रदेश सह सीपीआरएमएस-एनइ सदस्य कोल इण्डिया, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष, सुशील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, मंतोष तिवारी, अरिंजय श्रीवास्तव, एस. के. मिश्रा, संयुक्त महामंत्री भौमिक महतो, मंत्री संजीव सिंह, राजलाल यादव, लोकेश कुमार सिंह, संत कुमार चौहान, लालमोहन दास, संगठन मंत्री सुशील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष, प्रशान्त नियोगी, सह कोषाध्यक्ष, उत्तम कुमार पान्डेय, कार्यालय मंत्री अनिल कुमार, कार्यसमिति सदस्य कृष्ण कन्हैया सिंह, गंगा सागर राय सदस्य कल्याण समिति सदस्य भा. को. को. लि., सुर्यनाथ सिंह के साथ-साथ बीसीसीएल के समस्त क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सचिव, देवनाथ चौहान, नन्दु राम दुसाध, अजय कुमार सिंह, रामजीत महतो, कुन्दन कुमार चौहान, सत्यनारायण यादव, तारकेशवर सिंह, विश्वानन्द झा, कालीपद महतो, ओम प्रकाश ओझा, प्रकाश वाउरी, चंदन कुमार सिंह, अवधेश प्रसाद, समीर नियोगी, ठाकुर प्रसाद महतो, रंजीत कुमार महतो, महेश ताँती, संतोष कुमार सिंह, राजेश मंडल उज्जवल कुमार डे, विजय कुमार यादव आदि संघ के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नियम के अनुसार लैंड ट्रांसफर करें बीसीसीएल, रजिस्ट्री से पहले रैयतों को दे मुआवजा : उपायुक्त

### बंद खदनों के मुहानों की मजबूती से करें भराई : एसएसपी

### खनन टास्क फोर्स की हर बैठक में की जाएगी सस्टेनेबल माइनिंग की समीक्षा

### ब्लास्टिंग प्रोटोकॉल व माइंस सेफ्टी प्लान का अक्षरशः पालन करने का दिया निर्देश



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, बीसीसीएल को खनन के लिए नियमानुसार लैंड ट्रांसफर करने तथा रैयतों को जमीन की रजिस्ट्री से पहले मुआवजा देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बीसीसीएल को खनन क्षेत्र में बने जलाशयों को विकसित करने और आसपास के लोगों के लिए सकारात्मक कार्य करने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने कहा कि खनन टास्क फोर्स की हर बैठक में जल संरक्षण, पौधारोपण सहित सस्टेनेबल माइनिंग के लिए बीसीसीएल द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने खनन के दौरान ब्लास्टिंग प्रोटोकॉल एवं माइंस सेफ्टी प्लान का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया।बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार ने बंद खदानों के मुहानों की मजबूती से भराई करने का निर्देश दिया। साथ-साथ ओवर बर्डन गिराने एवं परियोजना तक सड़क बनाते समय माइनिंग प्लान का पालन करने, ब्लास्टिंग का समय निर्धारित करने तथा आसपास के बस्ती वालों को इसकी सूचना देने का निर्देश दिया।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी को कोयला चोरी, अवैध खनन या परियोजना से जुड़े मामले की शिकायतों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी, रितेश राज तिग्गा ने इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक कोयला के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई से अवगत कराया। जबकि बीसीसीएल ने कोयला चोरी व अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन रोकने के लिए की गई कार्रवाई से अवगत कराया।उक्त बैठक में ग्रामीण एसपी, कपिल चौधरी, सिटी एसपी, ऋत्विक श्रीवास्तव, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर सी द्विवेदी, सीआईएसएफ कमांडेंट, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी, आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ बाघमारा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ निरसा, रजत मणिक बाखला, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, बीसीसीएल के सभी एरिया जीएम व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा ने बाबा गणिनाथ की जयंती धूमधाम से मनाई



धनबाद, अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा ने शनिवार को पॉलिटेक्निक मोड़ बेकार बांध स्थित ब्लेसिंग बैंक्विट हॉल में कुलगुरु संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जयंती व वार्षिक पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनबाद सांसद ढुल्लू महतो विशिष्ट अतिथि राज सिन्हा, अतिथि लाल बाबू सिंह एवं कुम्भनाथ सिंह, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा राजेश गुप्ता, अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य महासभा जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता, सचिव दिनेश मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता, सलाहकार मनोज गुप्ता जेलर, एसडीओ सुजीत गुप्ता, निर्मल गुप्ता,रामप्यारे गुप्ता, राम अवतार गुप्ता, समिति के राजेश गुप्ता शशि प्रकाश गुप्ता, रवि राज गुप्ता प्रकाश गुप्ता,सुनील गुप्ता, बिंदिया गुप्ता, राजेश गुप्ता उपस्थित थे। सभी अतिथियों एवं पदाधिकारी को अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूजन हवन, झंडो तोलन समारोह, समाज के प्रति अच्छे सुझाव एवं विचार, भजन कार्यक्रम, बच्चों का कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण किए गए एवं भजन मंडली द्वारा मनमोहक प्रस्तुति पर उपस्थित हजारों समाज के लोगों ने बाबा गणिनाथ का जयकारा लगाया I

## बड्स गार्डन स्कूल, राजगंज में किया गया रक्त दान शिविर का आयोजन



धनबाद, एन सी सी, ग्रुप कमांडर हजारीबाग, ब्रिगेडियर एस गोपीकृष्णण के आदेशानुसार व कर्नल कुमार रंजय सिंह के नेतृत्व में शनिवार को दलुडीह ,राजगंज, धनबाद के बड्स गार्डेन स्कूल में एनसीसी कैंप के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया I जिसमें सूबेदार आर पी सैनी, नायब सूबेदार भवानी सिंह, सी एच एम मस्त बहादुर हवलदार साम सिंह ,नर्सिंग असिस्टेंट सह हवलदार नरेंद्र कर रहे थे I जिसमें बड्स गार्डन स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स आदि लगभग 50 की संख्या में रक्तदान किया ।साथ ही आज के कार्यशाला में बड्स गार्डेन स्कूल के 2024 बैच की गर्ल्स कैडेट्स क्रमशः श्रुति कुमारी ,वर्षा कुमारी ,राखी कुमारी, सुहाना रानी ,आस्था कुमारी ,हैप्पी कुमारी ,परी कुमारी, उन्नति मुंशी, कुमारी इशिका सिंह, पूनम मरांडी, दीपिका कुमारी ,चांदनी परवीन, दीप्ति मुर्मू ,बबली कुमारी ,माही दुबे एवं पलक कुमारी को एन सी सी का ए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया, इस दौरान इसी विद्यालय की दीप्ति मुर्मू को विशेष सेवा देने के लिए 3500 रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य, प्रमोद चौरसिया के अलावे , विद्यालय के चेयरमेन ए के पाल,उपेन तिवारी,संजय तिवारी, दिलीप कुमार आदि का काफी सहयोग रहा।

## लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने बांसजोड़ा 12 नंबर के लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी

# भूधंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र से हो रहे भारी गैस रिसाव लोगों का कर दिया है जीना दुश्वार

### जगह-जगह से उठती जहरीली भाप और गैस के कारण पूरा क्षेत्र धुंध और धुएं की चपेट में है

### स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि कुछ दूरी तक भी साफ दिखाई नहीं देता



लोयाबाद। लोयाबाद में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने बांसजोड़ा 12 नंबर क्षेत्र के स्थानीय लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। इलाके में भू-धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र से हो रहे भारी गैस रिसाव ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। जगह-जगह से उठती जहरीली भाप और गैस के कारण पूरा क्षेत्र धुंध और धुएं की चपेट में है।स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि कुछ दूरी तक भी साफ दिखाई नहीं देता।स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस और धुएं की वजह से सांस लेना मुश्किल हो गया है।बुजुर्ग और बच्चे लगातार खांसी,सीने में जलन और आंखों में जलन की शिकायत कर रहे हैं।दमा और सांस के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।बांसजोड़ा निवासी गुड्डू मिश्रा ने बताया रात में गैस और धुएं का दबाव इतना बढ़ जाता है कि कमरे में भी सांस लेना मुश्किल हो जाता है। दरवाजे-खिड़की बंद करने के बाद भी गैस अंदर घुस जाती है।

वहीं,स्थानीय महिला राधा देवी ने कहा बच्चे रात भर खांसते रहते हैं। कई बार तो लगता है कि दम घुट जाएगा।सरकार और कंपनी सिर्फ देखने आती है,लेकिन राहत का कोई उपाय नहीं करती। गैस रिसाव और भाप की वजह से लोगों को आंखों की रोशनी धुंधली होने,सांस लेने में कठिनाई, त्वचा रोग और फेफड़ों की बीमारी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

डॉक्टरों का कहना है कि लंबे समय तक इस गैस के संपर्क में रहना बेहद खतरनाक है।स्थानीय निवासियों ने बीसीसीएल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।उनका कहना है कि वर्षों से गैस रिसाव और भू-धंसान की समस्या बनी हुई है, लेकिन इसे रोकने के लिए न तो कोई स्थायी समाधान किया गया और न ही प्रभावित परिवारों को कहीं और सुरक्षित बसाया गया। लोगो ने कहा कि कोयला मंत्री का दौरा इस समय कराना चाहिए।ताकि तो वह भी स्थिति की भयावता से अवगत हो सके।उन्हें पता चले कि तत्काल पुनर्वास व विस्थापन कितना जरुरी है।प्रबंधन पर आरोप लगाया कि जानबूझ कर उनका दौरा ऐसे समय मे कराया जाता है जब गैस दिन मे कम दिखाई दे।उनको वास्तविकता पता न चले।लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही राहत और पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।फिलहाल बांसजोड़ा क्षेत्र में रहने वाले हजारों लोग गैस रिसाव और भूधंसान की समस्या से लगातार मौत के साये में जीने को मजबूर हैं।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।